


अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 12 अंक » 266 | epaper.rashtriyakhabar.com | भाद्र पद, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080


## विदुर नीति

नवद्वारमिदं वेश्म त्रिस्थूणं पञ्चसाक्षिकम्।

क्षेत्रज्ञाधिष्ठितं विद्वान यो वेद स परः कवि॥

भावार्थ : नौ द्वारों वाले, तीन स्तंभों वाले, पांच साक्षियों वाले क्षेत्रज्ञ (आत्मा) के आवास (शरीर) को जो विद्वान भली प्रकार से जानता है वही श्रेष्ठ ज्ञानी है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17.38 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.39 बजे

## सांढ़ के हमले में पूर्व सांसद घायल

**चेन्नई:** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले थेनी में पेरियाकुलम के पास जंगली सांढ़ ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व लोकसभा सांसद आर. ज्ञानगुरुसामी पर हमला किया, जिसके कारण उनका पैर टूट गया। पुलिस ने बताया कि पूर्व सांसद ज्ञानगुरुसामी (76) बुधवार को जब वह अपने खेत की ओर जा रहे थे, तो एक जंगली सांढ़ ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में पैर टूट गया है और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्री ज्ञानगुरुसामी ने 1996 और 1998 के बीच लोकसभा में पेरियाकुलम का प्रतिनिधित्व किया था।

## जेलेंस्की को और अधिक सैन्य सहायता का वादा

**लंदन:** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान उन्हें और सैन्य समर्थन देने का वादा किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। प्रेस बयान में कहा गया, रक्षा मंत्री शाप्स ने राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके समकक्ष रुस्तम उमेरोव से मुलाकात की और ब्रिटेन से और सैन्य मदद का वादा किया। श्री शाप्स की यूक्रेन की राजधानी की यह दूसरी यात्रा है। ब्रिटेन के ऊर्जा सुरक्षा सचिव के रूप में अपनी पूर्व भूमिका में उन्होंने अगस्त में यूक्रेन की यात्रा की। ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को मुख्य युद्धक टैंक, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें, सैकड़ों हजारों तोपखाने के गोले और बहुत कुछ प्रदान किया है। वर्ष 2022 में यूक्रेन को कुल 2.3 अरब पाउंड (2.8 अरब डॉलर) सैन्य सहायता थी, इतनी ही राशि इस वर्ष के लिए देने का वादा किया गया है। यह लाखों पाउंड की आर्थिक सहायता और एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त है, जिसका लक्ष्य वर्ष के अंत तक 30,000 यूक्रेनी रंगरूटों को प्रशिक्षित करना है।

## उम्मीद की आंधी प्रियंका गांधी :कांग्रेस

**प्रयागराज:** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई सियासी जमीन तलाशने की कवायद को लेकर वायरल हो रहे एक वीडियो में प्रियंका गांधी वाड्रा को उम्मीद की आंधी बताया है। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रयागराज कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग की तरफ से प्रियंका गांधी का पोस्टर जगह-जगह लगाया गया है। पोस्टर पर उम्मीद की आंधी, प्रियंका गांधी लिखा गया है। इस पोस्टर में एक तरफ देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ इंदिरा गांधी की भी तस्वीर छपी है तो दूसरे किनारे पर कांग्रेस का निशान हाथ का पंजा दर्शाया गया है। वीडियो में अल्पसंख्यक वर्ग के शहर अध्यक्ष अरशद अली का कहना है कि फूलपुर लोकसभा सीट देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की रही है। प्रियंका गांधी को अपने नाना की विरासत को बढ़ाने के लिए आगे आना चाहिए और उनको फूलपुर से चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि फूलपुर की आवाम को विश्वास है कि प्रियंका गांधी इस लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ती हैं तब फिर पंजा लहराएगा।

## बैंक कर्मचारी संगठन का दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**हैदराबाद:** अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) ने बैंकों में पर्याप्त भर्तियों की मांग और नियमित नौकरियों की आउटसोर्सिंग का विरोध करते हुए अगले साल 19 और 20 जनवरी को देश भर में दो दिवसीय लगातार हड़ताल का आान किया है। एआईबीईए के महासचिव सी.एच. वेंकटचलम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इसी मुद्दे पर चार से आठ और 11 दिसंबर को बैंक-वार हड़ताल और दो से छह जनवरी तक राज्य-स्तरीय हड़ताल का भी आान किया है। उन्होंने कहा, जनता से अनुरोध है कि वे बैंक शाखाओं में पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन में अपना समर्थन दें, ताकि कर्मचारियों द्वारा बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान की जा सके। एआईबीईए महासचिव ने कहा कि हाल के वर्षों में बैंकों के ग्राहकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है, वहीं कारोबार की कुल मात्रा में भारी वृद्धि हुई है, जिससे कर्मचारियों पर काम का बोझ असहनीय रूप से बढ़ गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

---

**इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने दिल्ली में किया नया एलान**

# अब शुक्र ग्रह का अभियान की तैयारी

- विज्ञान अकादमी में दी इसकी जानकारी
- इस यान का पे लोड भी विकसित हुआ है
- लैंडर और रोवर भी इस अभियान में जाएगा

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** इसरो अब चांद और सूरज से आगे निकलने की तैयारियों में जुटा है। चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की मिट्टी को छुआ है। आदित्य एल वन पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से निकलकर सूर्य की तरफ बढ़ रहा है। इसके बीच ही इस नये अंतरिक्ष अभियान की जानकारी आयी है। इसरो सौर मंडल के सबसे चमकीले ग्रह तक पहुंचना चाहते हैं। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह बात इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान




अकादमी के दौरे के दौरान कही। शुक्र सौर मंडल का सबसे चमकीला ग्रह है। यह सूर्य से दूसरा निकटतम ग्रह है। इसरो प्रमुख ने कहा कि वे आने वाले दिनों में शुक्र ग्रह पर एक अभियान चलाना चाहते हैं। उसी के अनुरूप योजना आगे बढ़ रही है। काम शुरू हो गया है। यहां तक कि शुक्र मिशन में इसरो द्वारा उपयोग किए जाने वाले पेलोड भी विकसित किए जा चुके हैं। इसरो का शुक्रयान शुक्र मिशन पर जाएगा। इस अभियान का नाम भी दिया गया है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य शुक्र की मिट्टी और वातावरण का निरीक्षण करना होगा। शुक्र का वातावरण अत्यंत भारी, अम्ल से भरा हुआ है। शुक्र का वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी की तुलना में 100 गुना अधिक है। इसलिए इस ग्रह पर अभियान चलाना कठिन है। इसरो को उस क्षेत्र में नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसरो प्रमुख ने कहा, शुक्र एक बहुत ही दिलचस्प ग्रह है। इसका वातावरण इतना भारी है कि इसमें प्रवेश नहीं किया जा सकता। इसलिए हमें नहीं पता कि शुक्र की सतह ठोस है या नहीं। इस ग्रह पर अभियान से कई महत्वपूर्ण अज्ञात जानकारियां

» पेज 2 भी देखें

---

**निर्णय** › केंद्र सरकार भी अफसरशाही के पक्षपात को समझ रही है

# श्रीनगर के पुलिस प्रमुख को मणिपुर भेजा गया

- एनआईए जांच टीम के सदस्य थे बलवाल
- पश्चिमी इंफाल में डीसी ऑफिस जलाया गया
- बच्चों पर अधिक सख्ती नहीं करने की अपील

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** श्रीनगर पुलिस प्रमुख राकेश बलवाल को मणिपुर कैडर में वापस भेजा गया है। गृह मंत्रालय के प्रस्ताव के लगभग एक महीने बाद कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल को एजीएमयूटी कैडर से समय से पहले मणिपुर वापस भेजने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय जून में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर की मौजूदा स्थिति को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के तीन महीने बाद आया है, जिसमें उन्होंने सदस्यों को सूचित किया



था कि 40 आईपीएस अधिकारियों को राज्य में भेजा गया है। राकेश बलवाल, जिन्होंने 2019 पुलवामा हमले की जांच करने वाली राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम का नेतृत्व किया था, को बढ़ते आतंकवादी हमलों का सामना करने के बाद दिसंबर 2021 में श्रीनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। मणिपुर में हर स्तर पर यह आरोप पहले से लगता आ रहा है कि वहां के अधिकारी भी इस आंदोलन में पक्षपाती बन गये हैं। दूसरी तरफ तटस्थ भूमिका निभाने वाली भारतीय सेना और असम राइफल्स पर पक्षपात का आरोप लगाने वाले भी बहुसंख्यक समाज के लोग हैं, जिन्हें इन सुरक्षाबलों के होने से परेशानी हो रही है।

वह 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्हें नवंबर 2021 में नीति में छूट के तहत तीन साल की अवधि के लिए मणिपुर कैडर से एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर में स्थानांतरित कर दिया गया था।

इससे पहले, उन्होंने प्रतिनियुक्ति पर एनआईए की सेवा की और पुलवामा हमले की जांच का नेतृत्व किया, जिसमें 2019 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवान मारे गए। माना जाता है कि एक विशेष के समक्ष दायर की गई 13,500 पन्नों की विस्तृत एनआईए चार्जशीट के पीछे उनका ही दिमाग था। श्री बलवाल ने पुलवामा हमले में जैश-ए-मुहम्मद की भूमिका की जांच के लिए अमेरिकी खुफिया एजेंसी, संघीय जांच ब्यूरो के साथ भी काम किया।

इस बीच गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा, मणिपुर में दो युवकों की मौत पर हिंसक विरोध प्रदर्शन गुरुवार (28 सितंबर) तड़के तक जारी रहा, जिसमें भीड़ ने इंफाल पश्चिम में डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को आग

» पेज 2 भी देखें

---

करीब एक दशक पहले हुगली का बैंडेल हाउस छोड़ दिया था

## चार सौ करोड़ की ठगी का आरोपी आसनसोल से गिरफ्तार



- अपनी पत्नी और इकलौती बेटी के साथ आसनसोल में छिपा हुआ था

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** चिटफंड के नाम पर आम जनता से चार सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला सुब्रत दास उर्फ शिबू पुलिस की नजरों से ओझल था। करीब एक दशक पहले हुगली का बैंडेल हाउस छोड़ दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह अपनी पत्नी और इकलौती बेटी के साथ आसनसोल में छिपा हुआ था। चुंचुरा थाने की पुलिस उस तक पहुंच ही नहीं पा रही थी। आखिरकार चुंचुरा पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर अनिमेष हजारी के नेतृत्व में एक टीम आसनसोल पहुंची। सलानपुर थाने के रूपनारायणपुर चौकी की मदद से पचपन वर्षीय शिबू को एक स्थानीय घर से गिरफ्तार किया गया। देश की वित्तीय निवेश कंपनियों के नियामक सेबी ने अवैध निकासी के अपराध में शिबू के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। शिबू के खिलाफ 2018 में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इस दिन गिरफ्तारी के बाद चुंचुरा कोर्ट के आदेश पर शिबू को सेबी को सौंप दिया गया था। अपने पैतृक घर बैंडेल में वह बचपन से रहता था। हुगली इमामबाड़ा के पास एक प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल से पढ़ाई शुरू की। सिविल इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने बिजनेस शुरू किया। वह हुगली एग्रो इन्वेस्टमेंट नाम से चिटफंड चलाते थे। उन पर उस समय हुगली में हजारों लोगों से पैसे वसूलने का आरोप है। 2015 में सेबी ने सुब्रत के खिलाफ करीब 425 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

शिबू के पिता रवीन्द्रकुमार जूट मिल मजदूर थे। पंद्रह साल पहले उनकी मौत

» पेज 2 भी देखें

---

छत्तीसगढ़ के कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में बोले कांग्रेस के अध्यक्ष

# दूसरा संविधान लाना चाहती है भाजपा: खडगे

- समाज का माहौल बिगाड़ना चालू हो गया
- सिर्फ अमीरों के हित में कानून बन रहे हैं
- भाजपा के तमाम वादे जुमला साबित हुए

राष्ट्रीय खबर

**भाटापारा:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोगो का लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा मौजूदा संविधान को



हटाकर दूसरा संविधान लाना चाहती है। श्री खड़गे ने आज यहां आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी रणनीति के मुताबिक भाजपा ने इस बारे में अपने विचारों के पक्ष में अपने लोगो से चर्चाएं शुरू करवा दी है। वह लोगो में इसके असर को देखना चाहते है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई में गरीबों,पिछड़ों,दलितों,आदिवासियों को कांग्रेस का साथ देना होगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने समाज के सभी वर्गों को अधिकार सम्पन्न बनाया,तो मोदी सरकार लगातार लोगो को उनके अधिकार छीन कर कमजोर बनाया जा रहा है। किसानों और मजदूरों के कानून को जहां

» पेज 2 भी देखें

---

## कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब में फिरोजपुर जिले की जलालाबाद पुलिस ने नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटाँस (एनडीपीएस) के पुराने मामले में भुलत्थ के कांग्रेसी विधायक सुखपाल सिंह खैरा को आज यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। जलालाबाद पुलिस टीम सुबह करीब छह बजे खैरा के आवास पर पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के छापे की सूचना खुद खैरा ने फेसबुक पर लाईव होकर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनके खिलाफ बदले की भावना से यह कार्रवाई कराई है। उनका दावा है कि पुलिस उनके बैडरूम में घुस गई और यह सारा घटनाक्रम बच्चों के सामने हुआ। वहीं पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस में दर्ज पुराने मामले में पूछताछ के लिये उन्हें ले जाया जा रहा है। उन्हें जलालाबाद की अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं खैरा का कहना है कि वह फिर से अदालत का रुख कर न्याय की गुहार करेंगे।

---

सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ भी जांच प्रारंभ की

# आलीशान आवास बनाने का लगा है आरोप

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के निर्माण में निविदा नियमों के उल्लंघन सहित कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सीबीआई ने प्रारंभिक जांच शुरू की है। जांच दिल्ली सरकार के अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ दायर की गई है। यदि पूछताछ में पर्याप्त विवरण सामने आता है तो एजेंसी नियमित मामला दर्ज करेगी। सीबीआई ने दिल्ली सरकार के



लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर दस्तावेजों की प्रतियों की मांग की है, जिसमें पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा भवन में परिवर्धन या बदलाव की मंजूरी के रिकॉर्ड भी शामिल हैं। एजेंसी ने भवन योजना के अनुमोदन और बेहतर विशिष्टताओं के कार्य को निष्पादित करने के लिए ग्राहक से अनुरोध से संबंधित दस्तावेज भी मांगे हैं, जिसमें संगमरमर का फर्श, साथ ही ठेकेदार को भुगतान का विवरण भी शामिल है। इन सभी को

» पेज 2 भी देखें

---

**अनुसंधान** › कैंसर के बेहतर ईलाज की दिशा में प्रगति की वैज्ञानिकों ने

# जीवित फेफड़े के ऊत्तकों के बीच पहुंचा रोबोट

- सर्जरी में यहां तक पहुंचना कठिन था
- रोबोट सफलता पूर्वक वहां तक पहुंचा
- कई तकनीकों को मिलाकर बना रोबोट

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** फेफड़े के कैंसर के ईलाज में रोबोटिक्स भी मददगार बनने वाला है। वैज्ञानिकों ने जीवित फेफड़े के ऊतकों के माध्यम से



रोबोट को सफलतापूर्वक संचालित किया। संयुक्त राज्य अमेरिका में कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण फेफड़े का कैंसर है। कुछ ट्यूमर बेहद छोटे होते हैं और फेफड़ों के ऊतकों के भीतर गहराई में छिपे रहते हैं, जिससे सर्जनों के लिए उन तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। इस चुनौती से निपटने के लिए, यूएनसी-चैपल हिल और वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता एक बेहद लचीले लेकिन मजबूत रोबोट पर काम कर रहे हैं जो फेफड़ों के ऊतकों को पार करने में सक्षम है।

स्वायत्त स्टीयरेबल सुई रोबोट के विकास ने चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विशेषज्ञता को मिश्रित करके यूएनसी की अत्यधिक सहयोगी संस्कृति का

» पेज 2 भी देखें

**उनका शोध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है**

साइंस रोबोटिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में, यूएनसी कंप्यूटर साइंस विभाग में पीएचडी रॉन अल्टेरोविट्ज और यूएनसी मेडिसिन विभाग में एमडी एमपीएच जेसन अकुलियन ने साबित किया है कि उनका रोबोट स्वायत्त रूप से प्वाइंट ए से जा सकता है। एक जीवित प्रयोगशाला मॉडल में छोटे वायुमार्ग और रक्त वाहिकाओं जैसी महत्वपूर्ण संरचनाओं से बचते हुए खास स्थान तक सफर तय कर पाया है। पेपर के सह-लेखक और यूएनसी डिवीजन ऑफ पल्मोनरी डिजीज में इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी और पल्मोनरी ऑन्कोलॉजी के अनुभाग प्रमुख डॉ. अकुलियन ने कहा, यह तकनीक हमें उन लक्ष्यों तक पहुंचने की अनुमति देती है जिन तक हम अन्यथा मानक या यहां तक कि रोबोट ब्रोंकोस्कोप से नहीं पहुंच सकते। और क्रिटिकल केयर मेडिसिन। यह आपको अतिरिक्त कुछ सेंटीमीटर या कुछ मिलीमीटर भी देता है, जो फेफड़ों में छोटे लक्ष्यों का पीछा करने में काफी मदद करेगा।

---

दूसरे विश्वयुद्ध का जासूसी सुरंग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा चार साल बाद

# लंदन का गुप्त भूमिगत सुरंग अब खोला जाएगा

राष्ट्रीय खबर

**लंदन:** द्वितीय विश्व युद्ध के समय की लंदन की जासूसी सुरंगें 2027 में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। उम्मीद है कि इस नई प्रदर्शनी से चर्चिल वॉर रूम - केवल 12 फीट भूमिगत और लंबाई का एक छोटा प्रतिशत वहां आने वाले पर्यटकों को पैसा वसूल करा देगा। सिंगापुर में विश्व के ऐतिहासिक गार्डन बाय द बे के पीछे के वास्तुकारों ने इसे बनाने के लिए यूके के अधिकारियों के साथ काम किया है। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के



सुरंग नवीकरण के लिए कई मिलियन डॉलर की योजना बनाई गई है। इस मील लंबे विस्तार की अनुमानित लागत 268 मिलियन डॉलर है और यह इतिहास में रुचि रखने वाले और ऐतिहासिक लंदन के छिपे हुए पक्ष को देखने वाले पर्यटकों के

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### प्रदेश अध्यक्ष बने इंदरजीत सिंह

**रांची:** एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह को इंडियन यूथ कांग्रेस (आउटरीच सेल) का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इंदरजीत सिंह के पार्टी के प्रति कार्यो को देखते हुए इंडियन युथ कांग्रेस आउटरीच सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केरल के विधायक चांडी ओमेन ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सांसद सह कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, पूर्व केंद्र मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड आयोग के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

**रैली** संकल्प यात्रा के छट्ठे चरण के दौरान चंदनकियारी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की रैली

# हेमंत सरकार में पैसे के बल पर अयोग्य का बन रहा है राशन कार्ड, गरीब दलित भूखे मरने को मजबूर: बाबूलाल

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** संकल्प यात्रा के छट्ठे चरण के दौरान चंदनकियारी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।



जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गाँव गरीब किसानों के प्रति समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी जी गरीब घर से आते हैं इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण जरूर किया किंतु बड़े घरानों व पूँजीपतियों के लिए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर एक एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया जबकि राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र से चलने वाला एक रुपया का पंद्रह पैसे पहुँचता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33% बहनों को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है जबकि कांग्रेस काल में पैरवी वालों को गैस कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढई, लोहार, मोची की चिंता की है। उन्होंने कहा कि जब जब कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनी है बड़े बड़े भ्रष्टाचार हुए हैं जबकि भाजपा की सरकार में विकास कार्य आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में सड़कों का जाल बिछा है जबकि इंडी गठबंधन पैसे और परिवार के लिए राजनीति करती है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने रोजगार नहीं तो भत्ता का वादा किया था, प्रत्येक वर्ष नियुक्ति का वादा किया लेकिन 2023 बीतने वाला है अब तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। हेमंत सोरेन को नियुक्ति करने की मंशा नहीं है, भाजपा की सरकार बनने पर खाली पड़े पद भरे जाएँगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। अपराधमुक्त प्रदेश बनाना है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं। जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है। कोयला बालू पत्थर जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले पाँच महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है जिनमें से 9 व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की माँग किया था बावजूद सुरक्षा नहीं मिला। उन्होंने मामले में सीबीआई जाँच की भी माँग किया।

## त्रिनेत्रम नेत्रालय का उद्घाटन

# राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे मजबूत हो, इस पर काम हो रहा है : बन्ना गुप्ता

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** आदित्यपुर स्थित दयाल ट्रेड सेंटर में गुरुवार को त्रिनेत्रम नेत्रालय का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। मौके पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे मजबूत हो इस पर काम हो रहा है। बहुत जल्द आयुष्मान कार्ड से सरल तरीके से मरीजों का ऑपरेशन राज्यभर के अस्पतालों में शुरू होगा। उन्होंने नेत्र बैंक और उनकी एजेंसियों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क कर मृत व्यक्ति के आंखों और अन्य ऑर्गेन से मरीजों को लाभ



पहुंचाने का काम करें। आदित्यपुर में खुले नेत्रालय के बारे में उन्होंने कहा कि केडिया परिवार शुरू से समाज सेवा में अग्रणी रहा है। यह अस्पताल खोलकर निश्चित रूप से गरीबों की भलाई का काम करेंगे। यह अस्पताल कुशल चिकित्सक के साथ अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यहां शहर के वरीय नेत्र सर्जन डॉ विवेक केडिया एवं रेटिना सर्जन डॉ आशीष प्रधान के नेतृत्व में कुशल सहायक टीम उपलब्ध हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर ने सीएम को लिखी चिट्ठी, कहा

# परंपरा, पहनावा के आधार पर एसटी सर्टिफिकेट निर्गत हो

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीएम हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा है कि आदिवासियों की स्थापित रीति-रिवाज, पारंपरिक वेशभूषा और परंपराओं को मानने वालों को ही अनुसूचति जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। सरकार इसे लेकर फैसला लें। रघुवर ने कहा कि जनजाति समाज समाज के लोगों ने बड़ी उम्मीद से हेमंत सोरेन को सीएम के पद पर बैठाया। लेकिन वे अब खुद को ठगा महसूस कर



रहे हैं। आज झारखंड का जनजातीय समाज की परंपरा और पहचान पर हेमंत सरकार की वजह से संकट आ गया है। पर्दे के पीछे सरकार चलाने वाले लोग चाहते हैं कि यहां का आदिवासी समुदाय मांदर छोड़कर गिटार पकड़ ले। रघुवर ने कहा कि सरना कोड जनजातीय समाज को गुमराह करने के बजाए सीएम उनके एसटी सर्टिफिकेट के मामले पर फैसला लें। यह जनजातियों की सालों पुरानी मांग है। 1997 में केरल राज्य और एक अन्य बनाम चन्द्रमोहन मामले में केरल हाईकोर्ट ने स्पष्ट फैसला सुनाया था कि अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का क्या-क्या आधार होना चाहिए। लेकिन झारखंड सरकार इस अहम मुद्दे पर मौन हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि अनुसूचित जनजाति समाज के हित में वे केरल हाईकोर्ट के फैसले को झारखंड में उतारने का काम करें।

# भारत सरकार एचईसी को अविलंब 720 करोड रूपया कोलैटरल लोन को तुरन्त स्वीकृत करे: नायक

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भारत सरकार एचईसी को अविलंब 720 करोड रूपया कोलैटरल लोन को किंतु परंतु बिना देर किए तुरन्त स्वीकृत करे ताकि रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) कंपनी फिर से अपने पुराने तेवर में लौट सके ।उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी हटिया विजय शंकर नायक ने भारत के प्रधान मन्त्री एवं वित्त मन्त्री भारत सरकार को ई मेल से पत्र भेजकर उक्त



मांग किया है । इन्होने यह भी कहा है की एचईसी की खराब स्थिति से निकालने का एक मात्र कोलैटरल लोन ही विकल्प है । खस्ताहाल से निकालने के लिए एचईसी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कोलैटरल लोन देने की तैयारी की प्रक्रिया पुरा करने में भारत सरकार अपनी इतिहासिक भूमिका निभाए ।श्री नायक ने आगे कहा कि एच.ई.सी के पास वर्क ऑर्डर की कमी नहीं है, लेकिन वर्किंग कैपिटल की कमी के चलते समय पर काम पूरा नहीं कर पा रहा है और इस वजह से कंपनी लगातार घाटे में डूबती जा रही है। चंद्रयान-3 के लिए लॉन्चिंग पैड सहित कई महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनी के इंजीनियरों, अफ सरों, कर्मियों को 20 महीनों से सैलरी नहीं मिली है। पिछले दो-तीन वर्षों से वर्किंग कैपिटल के गंभीर संकट से जूझ रहे एचईसी में आज की तारीख में 3500 से ज्यादा इंजीनियर और कर्मी कार्यरत हैं। कंपनी पर इनका 20 महीने का वेतन बकाया है। वेतन की मांग को लेकर इंजीनियर, कर्मी लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन चंद्रयान-3 के लिए इसरो से मिले वर्क ऑर्डर को पूरा करने में उन्होंने कोई कसर बाकी नहीं रखी। अब 720 करोड रूपया कोलैटरल लोन अगर समय रहते तुरंत स्वीकृत कर दिये जाते है तो 20 महीने का वेतन जो बकाया है एच.ई.सी कर्मियों का उसे भुगतान करने की दिशा मे सहुलियत होगी और हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) कंपनी फिर से अपने पुराने तेवर में लौट सकेगा।

# पूंजीपतियों के लिए हो रहा इस रेल का परिचालन:इंडिया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत हो गई है। केंद्र सरकार और भाजपा इसे अपनी बड़ी उपलब्धि मान रही है। वहीं विपक्षी पार्टियां वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के किराए को लेकर केंद्र पर सवाल उठा रही हैं और किराए को कम करने की मांग कर रही हैं। विपक्षी पार्टियों ने सवाल खड़ा किया है कि सुविधा में जरूर बढ़ोतरी की गई है, लेकिन इस सुविधा का लाभ सिर्फ वही लोग उठा सकते हैं जो पूंजीपति या पैसे वाले लोग हैं।विपक्षी पार्टियों ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत होने के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस ट्रेन का परिचालन सिर्फ पैसे वाले लोगों के लिए ही किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झारखंड से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन हो रहा है, एक रांची से पटना के लिए और दूसरा रांची से हावड़ा के लिए। दोनों ही ट्रेन महत्वपूर्ण स्थान के लिए परिचालित की गयी है। प्रतिदिन इस रूट में हजारों लोग आना-जाना करते हैं। लेकिन ट्रेन का अत्यधिक भाड़ा होने की वजह से आम लोग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सफर का आनंद नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन में जो व्यवस्था किए गए हैं, वह सराहनीय है।

**सरना धर्म कोड** सरना धर्म कोड को लेकर झारखंड में फिर शुरू हुई राजनीति

# चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में इंडिया गठबंधन, असमंजस की स्थिति में भाजपा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड में फिर एक बार सरना धर्म कोड को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर की है। वहीं मुख्यमंत्री के चिट्ठी लिखने के बाद अब कांग्रेस ने भी आदिवासी समुदाय के लिए जनगणना में सरना धर्म के लिए अलग कोड की मुख्यमंत्री की मांग का समर्थन करते हुए भाजपा पर राजनीतिक हमले तेज कर दिए हैं। ऐसे में अलग सरना धर्म कोड को लेकर अभी भारतीय जनता पार्टी के नेता दुविधा में दिखते हैं।झारखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है।



भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर नाजुक मुद्दे को उछाल रहे हैं।बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 26 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग 'सरना धर्म कोड' निर्धारित करने की मांग की है। इससे पहले 11 नवंबर 2021 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग सरना धर्म कोड की मांग का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। जिसे राजभवन भेजा जा चुका है।अलग सरना धर्म कोड को जनजातीय समाज के लोगों की पहचान से जोड़ते हुए यह तर्क दिया जाता है कि 'सरना धर्म' हिंदू सनातन धर्म से भी प्राचीन धर्म होने के बावजूद आज इसकी अपनी पहचान नहीं है। इसका हवाला देकर जनजातीय समुदाय द्वारा अलग-अलग समय पर अलग सरना धर्म कोड की मांग की जाती रही है।

प्राचीनतम धार्मिक पद्धति होने का हवाला देकर आदिवासी समुदाय के कई संगठनों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि 'सरना धर्म' ही प्राचीनतम धर्म है, जो प्रकृति की पूजा करते हैं। इसके उपासक वर्तमान में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नार्थ ईस्ट के राज्य, बिहार, प। बंगाल और महाराष्ट्र में हैं। 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को अलग सरना धर्म की मांग को लेकर जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने बिंदुवार इसकी वजह बताई है। उन्होंने जनजातीय समुदाय द्वारा पेड़, पहाड़, जंगल के संरक्षण को ही अपना धर्म मानने का हवाला देते हुए देश और राज्य में सरना धर्म में आस्था रखने वालों की संख्या का जिक्र किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आदिवासियों के लिए सबसे बड़ा ग्रंथ जंगल, पहाड़, जमीन और प्रकृति हैं। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय की घटती जनसंख्या का हवाला देते हुए भी अलग धार्मिक पहचान की जरूरत बताई है।अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस ने भी आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है।

मुख्यमंत्री के पीएम को पत्र लिखने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराकर राजभवन भेजा। लेकिन या तो भूलवश या फिर जान बूझकर राजभवन ने उसे सही तरीके से विधानसभा को नहीं लौटाया। राजेश ठाकुर ने कहा कि सब जानते हैं कि अब राजभवन भी पीएमओ से गाइड होता है।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अर्जुन मुंडा बताएं कि वह सरना धर्म को मानते हैं या नहीं? अर्जुन मुंडा अगर सरना धर्म कोड को लेकर संजीदा हैं तो वह इसके लिए काम करें। राजभवन से बात करें और अलग सरना धर्म कोड का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण का केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद अर्जुन मुंडा द्वारा अलग सरना धर्म कोड के लिए कुछ नहीं करना, सरना धर्म का अपमान जैसा है।मुख्यमंत्री, झामुमो और कांग्रेस द्वारा एक स्वर में अलग सरना धर्म कोड की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राज्य प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर मुद्दों से घिरे मुख्यमंत्री और सरकार लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### अब शुक्र ग्रह का अभियान .. ..

हमारे हाथ लग सकती हैं। यह आने वाले दिनों में हमारे ग्रह के भविष्य के लिए भी उपयोगी हो सकता है। भारत 2029-30 में शुक्र ग्रह पर एक मिशन भेजेगा। उन्होंने आगे कहा, शुक्र को ट्विन ऑफ अर्थ भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है पृथ्वी का जुड़वां। यह एक गैस ग्रह है और इसमें अम्लीय वर्षा होती है यही कारण है कि वैज्ञानिक ग्रह के पर्यावरण को समझने में अधिक रुचि रखते हैं। शुक्र एक ऑर्बिटर मिशन होगा, जो इसकी परिक्रमा करेगा और साथ ही भविष्य में इसकी बाहरी सतह का अध्ययन करने के लिए लैंडर और रोवर भी भेजेगा।

### श्रीनगर के पुलिस प्रमुख .. ..

लगा दी। जुलाई में लापता हुए दो युवकों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंगलवार को राज्य की राजधानी में छात्रों के नेतृत्व में हिंसा की एक ताजा घटना भड़क गई। अधिकारियों ने कहा, पिछली रात, प्रदर्शनकारी उरीपोक, याइस्कुल, सागोलबंद और तेरा इलाकों में सुरक्षा कर्मियों से भिड़ गए, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बलों को कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों को आवासीय क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए जलते हुए टायर, बोल्डर और लोहे के पाइप से सड़कें अवरुद्ध कर दीं। भीड़ ने डीसी कार्यालय में भी तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को आग लगा दी। सीआरपीएफ कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। सुरक्षा बलों द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शनों का मुकाबला करने के लिए दो जिलों - इंफाल पूर्व और पश्चिम - में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया।

इस बीच, मणिपुर बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुरक्षा बलों से किशोरों के खिलाफ मनमाने ढंग से और अचानक लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया।

### चार सौ करोड़ की ठगी का आरोपी .. ..

हो गयी थी। उस घर में मां चित्रा रानी अपने बड़े बेटे और बहू के साथ रहती हैं। चित्राणी ने कहा, कई दिनों से लड़के के लिए रिश्ता नहीं आया है। मैंने सुना है, व्यापार कर रहा हूँ। मैं क्या कह नहीं सकता। मुझे यह भी नहीं पता कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा, मैंने शिबू को कई दिन पहले देखा था। लेकिन मुझे नहीं पता कि क्या करूं।

### दूसरा संविधान लाना चाहती .. ..

कमजोर किया गया वहीं अमीरों के हित में लगातर कानून बन रहे है और उन्हे तमाम रियायते दी जा रही है।उन्होने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण असमानता बढ़ रही है। आज पांच प्रतिशत लोगो के पास देश की 62 प्रतिशत सम्पत्ति है जबकि 50 प्रतिशत लोगो के पास महज तीन प्रतिशत सम्पत्ति है। महिला आरक्षण को लेकर उन्होने कहा कि महिला आरक्षण कोई नया नही है। स्वं राजीव गांधी ने पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिया। वह तो संसद एवं विधानसभाओं में भी आरक्षण का बिल लेकर आए थे लेकिन जो आज बड़ी बड़ी बाते कर रहे है उन्होने एक सदन में पास होने के बाद दूसरे सदन में उसे पास नही होने दिया। उन्होने कहा कि जिस तरह से हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने,15 लाख सभी के खाते में आने तथा किसानों की आय दोगुनी करने जैसे तमाम वादों को जुमला बता दिया गया,कहीं ऐसा नही हो कि महिला आरक्षण को भी वह जुमला बता दे।श्री खड़गे ने कहा कि उनकी सोच है कि वह जो वादा करते है लोग थोड़े दिन में भूल जाते है। उन्हे सबक सिखाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीद का निर्णय लिया है।राज्य में 600 नई राइस मिले लग रही है। इससे लोगो को रोजगार भी मिलेगा। उन्होने कहा कि उनकी सरकार ने 42 हजार पदों पर भर्तियां की है और विकास के कार्यों के साथ ही राज्य की संस्कृति और परम्पराओं को भी बचाने का काम किया है।उन्होने कहा कि उनकी सरकार के कार्यों के चलते नक्सल बहुत पीछे चले गए है और बस्तर में शान्ति लौट रही है। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी सम्बोधित किया।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत,राज्य की कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलेजा भी मौजूद थी।

### आलीशान आवास बनाने .. ..

मंगलवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंपना है। श्री केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर उसे नष्ट करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, अब तक भाजपा ने केजरीवाल जी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दायर किए हैं। उनमें कुछ भी सामने नहीं आया और न ही कुछ निकलेगा। श्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर विवाद इस साल की शुरूआत में तब शुरू हुआ जब भाजपा ने आप पर नवीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का आरोप लगाया।

### जीवित फेफड़े के ऊत्तकों .. .. ..

लाभ उठाया। अल्टेरोविट्ज और अकुलियन के अलावा, विकास प्रयास में यूएनसी रेडियोलॉजी विभाग में एमडी, पीएचडी, यूह जेड ली, साथ ही वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय में रॉबर्ट जे. वेबस्टर और यूटा विश्वविद्यालय में एलन कुंत्ज शामिल थे।

रोबोट कई अलग-अलग घटकों से बना है। एक यांत्रिक नियंत्रण सुई को आगे और पीछे जाने के लिए नियंत्रित जोर प्रदान करता है और सुई का डिजाइन घुमावदार रास्तों पर स्टीयरिंग की अनुमति देता है। सुई निकेल-टाइटेनियम मिश्र धातु से बनी है और इसके लचीलेपन को बढ़ाने के लिए इसे लेजर से उकेरा गया है, जिससे यह ऊतक के माध्यम से आसानी से घूम सकती है।

परियोजना के मुख्य अन्वेषक और वरिष्ठ लेखक अल्टेरोविट्ज ने कहा, हमने जो स्वायत्त स्टीयरेबल सुई विकसित की है वह अत्यधिक कॉम्पैक्ट है, लेकिन सिस्टम प्रौद्योगिकियों के एक सूट से भरा हुआ है जो सुई को वास्तविक समय में स्वायत्त रूप से नेविगेट करने की अनुमति देता है। कागज। यह एक सेल्फ-ड्राइविंग कार के समान है, लेकिन यह अपने गंतव्य तक यात्रा करते समय महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं जैसी बाधाओं से बचते हुए फेफड़ों के ऊतकों के माध्यम से नेविगेट करती है।

शोधकताओं ने अपने रोबोट का परीक्षण किया जबकि प्रयोगशाला मॉडल ने रुक-रुक कर सांस रोकने का प्रदर्शन किया। हर बार जब विषय की सांस रोकी जाती है, तो रोबोट को आगे बढ़ने के लिए प्रोग्राम किया जाता है।

अल्टेरोविट्ज ने कहा, हम नए स्वायत्त मेडिकल रोबोट बनाना जारी रखने की योजना बना रहे हैं जो विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे मरीजों के लिए चिकित्सा परिणामों में सुधार करने के लिए रोबोटिक्स और एआई की ताकत को जोड़ते हैं और रोगी सुरक्षा की गारंटी प्रदान करते हैं।

### लंदन के गुप्त भूमिगत .. ..

लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। सुरंगें, जिन्हें कभी यूके के आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम द्वारा संरक्षित किया गया था, इस पतझड़ के बाद नवीकरण शुरू करने की योजना की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। किंग्सवे एक्सचेंज सुरंगों का निर्माण 1940 के दशक में लंदन के निवासियों को द्वितीय विश्व युद्ध की बमबारी से बचाने और आश्रय देने के लिए किया गया था। तब से, उन्हें जनता के लिए बंद कर दिया गया क्योंकि उनका उपयोग ब्रिटेन के शीर्ष-गुप्त विशेष गुर्गों के लिए किया जाता था।

प्रस्तावित योजना में बहाली में 170.5 मिलियन डॉलर का निवेश करने की उम्मीद है, और इसे पर्यटकों के आकर्षण बनने में मदद करने के लिए 97 मिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। उम्मीद है कि स्थायी भूमिगत पर्यटक आकर्षण के रूप में आगे बढ़ेगा। इस परियोजना के 2027 में जनता के लिए खुलने की उम्मीद है।

**खबर का असर**

## सेविका से सीडीपीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**बगहा/पिपरासी:** पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदहा पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 93/ 27 पर कृमि नाशक दवा नहीं खिलाई गई है। और केंद्र बंद होने से टीकाकरण दूसरे जगह होता है। जबकि टीएचआर का वितरण होता है। सेविका की इस लापरवाही पर राष्ट्रीय खबर में ₹सेविका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं खिलाई गई बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक₹ शीर्षक से खबर छपा था। खबर के बाद स्थानीय सूत्रों के अनुसार आनन फानन में सेविका के द्वारा 27 सितंबर की रात्रि में दवा किसी पदाधिकारी के सूचना पर खिलाई गई है। वही खबर के बाद मामले में सीडीपीओ सावित्री दास ने बताया कि सेविका से स्पष्टीकरण की मांग किया जा रही है। इसके बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# खाकी में दरिंदा : सुरक्षा में तैनात पुलिस टीम कर रहे थे राहगीरों से लूटपाट

### पटना पुलिस के इस कुकृत्य की चर्चा जोरों पर, लाइन हाजिर हुए थानेदार

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राजधानी की पटना पुलिस और अपराधियों में कोई खास अंतर अब नहीं रह गया है। यदि आप पटना में है तो अपराधी और झपटमारों से बाद में, पहले खाकी में छिपे दरिंदो से डरिए, वरना आपको लूट जाने में समय नहीं लगेगा। हालांकि, पुलिस के इस लूटतंत्र पर कार्रवाई हुई है। वरीय अधिकारियों की पहल पर आरोपी पुलिस पदाधिकारी को सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। पूरा मामला बेउर थाना से जुड़ा है। जहां, सुरक्षा में तैनात प्रशिक्षु दारोगा अंजनी कुमारी, हवलदार सिखारी कुमार, होमगार्ड जवान सुबोध



और सुमन तथा चालक वीरेंद्र कुमार ने वर्दी मो शर्मसार कर डाला है। दरअसल, 26 सितंबर की रात्रि राजधानी स्थित सिपारा पुल के पास दो राहगीरों को इनलोगों ने अपना शिकार बना डाला। उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जेल भेजने का भय दिखा कर 15-15 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन द्वारा लूट कर धमकी देते हुए भगा दिया गया। जिसके बाद उनलोगों ने इस काली करतूत की जानकारी सीनियर एसपी राजीव मिश्रा को दी। जहां उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिटी एसपी वैभव शर्मा को जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान एसपी श्री शर्मा ने मामले को सत्य पाया। जिसके बाद बेउर थाने में अवैध वसूली के मामले में कांड संख्या 663/ 2023 दर्ज की गई। जिसमें पीएसआई अंजनी कुमारी, हवलदार सिखारी कुमार व होम गार्ड जवान सुबोध कुमार और चालक वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। वहीं कार्रवाई की भनक लगते हीं होमगार्ड जवान सुमन फरार होने में कामयाब रहा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## तीसरे दिन भी नहीं हुआ तेंदुए का रेस्क्यू, मॉनिटरी में जुटे वनकर्मी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी थाना क्षेत्र में विचरण कर रहा तेंदुए की तीसरे दिन वनकर्मियों ने निगरानी किया । बगहा वनक्षेत्र पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि तेंदुआ लगातार अपना ठिकाना बदल रहा है। गठित टीम उसके निगरानी में लगी हुई है। घन घोर गंन्ना की फसल में तेंदुआ घुस गया है। जिसको रेस्क्यू करने में मशक्कत हो रहा है । तेंदुआ के पीछे निगरानी कर रहा वनकर्मी संतु कुमार ने बताया कि रहमानपुर गांव से करीब पांच किलोमीटर की दूरी स्थित दियारे के एक गन्ने की फसल में तेंदुआ छिपा हुआ है। उसकी पर्गमार्ग



यहां तक मिली है। जिसके आधार पर उसकी निगरानी किया जा रहा है। ताकि वह वापस रियासी इलाके में प्रवेश नहीं करें । बता दे की बगहा रेंज तथा मदनपुर रेंज से दो वन विभाग की टीम का गठन किया गया है । और लगातार यह टीम रेस्क्यू करने में जुटा हुआ है। लेकिन तीसरे दिन भी वनकर्मियों के पकड़ से तेंदुआ बाहर रहा। हालांकि वन विभाग की टीम रात और दिन पूरी तत्परता के साथ रेस्क्यू करने में जुटा हुआ है।

## सड़क पर लगे जल जमाव से आवागमन में परेशानी, नहीं है निकासी की व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर

**सेमापुर/कटिहार :** रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण बरारी नगर पंचायत के सिवाना गांव जाने वाले मुख्य सड़क जल जामव के जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है।जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। वहीं लगातार बारिश व जल जमाव के कारण कई कच्चे व पक्के घर में भी पानी खुस गया है। घर के सामने सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं सेमापुर बाजार के मुख्य सड़क एवं



मधुबनी जाने वाली सड़क पर भारी बारिश के कारण सड़क जाने वाली सड़क पुरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर जल जमाव से दुर्घटना की आशंका बन गई है। पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। सड़क किनारे कचरे की बदबू से भी लोगों का जीना मुहाल है। वही स्थानीय ग्रामीण जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है।

### क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया हजरत मोहम्मद का जन्मोत्सव

**मधुबनी:** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को बहुत हर्षोल्लास उ के साथ हजरत मोहम्मद का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जुलूस निकालकर लोगों के बीच पैगम्बर का संदेश दिया गया। हाफिज सईद ने बताया कि आज पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर पैगम्बर के संदेश को लोगो तक पहुँचाया गया। उन्होंने बताया कि पैगम्बर का संदेश है कि, सभी भाई भाई मिल-जुलकर रहे। बुराई के खिलाफ सभी लोग एकजुट रहे। सुख-दुख में एक दूसरे का साथ व सहयोग करें। उन्होंने आगे बताया कि रात में जलसा का भी आयोजन किया जाता हैं। जिसमे मौलवियों द्वारा लोगो को संदेश दिया जाता हैं।

### जांच के दौरान वैध कागजात नहीं मिलने पर अल्ट्रासाउंड एवं जांच घर को किया सील

**बगहा :** प्रखंड बगहा एक के चौतरवा में अवैध रूप से संचालित चौतरवा अल्ट्रासाउंड एंड जांच घर को प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर आवश्यक जांच के बाद बुधवार को सील कर दिया। जांच टीम में शामिल बगहा - 1 पीएचसी के प्रभारी डॉ. सूर्यनारायण महतो, बगहा-2 के पीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश सिंह नीरज तथा चौतरवा थाना के पुलिस बल के साथ छापेमारी की। डॉ. सूर्यनारायण महतो व डॉ. राजेश सिंह नीरज ने संयुक्त रूप से बताया कि चौतरवा के सुभावती कॉम्प्लेक्स परिसर में संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड व जांच घर की गतिविधियों के बाबत जानकारी मिलने पर छापेमारी की गई। जांच के दौरान संचालक द्वारा कोई वैध कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। उसके पश्चात बगहा - 1 अंचलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में जांच घर को सील कर दिया गया। अल्ट्रासाउंड व जांच घर के सभी संसाधनों की सूची तैयार कर उन्हें भी इस अवैध प्रतिष्ठान में ही सील कर दिया गया है। डॉ. एसएन महतो व राजेश सिंह ने बताया कि अवैध अल्ट्रासाउंड एवं जांच घर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध अस्पतालों का संचालन करने वाले भी बख्शे नहीं जाएंगे। उनपर लगातार छापेमारी व कारवाई की जायेगी।

### जदयू के नव मनोनीत कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**बगहा :** जदयू के नव मनोनीत सदस्यों व कार्यकताओं की कार्यकारिणी बैठक बगहा दो के नयागांव में पूर्व सरपंच सह कार्यकारिणी के सदस्य रामायण राम के आवास पर की गई। जिसमें सैकड़ों जदयू के नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। बैठक की अध्यक्षता जदयू के नवनिर्वाचित यूवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव पुरुषोत्तम उपाध्याय ने की तो वही संचालन रामायण राम के द्वारा की गई। पुरुषोत्तम उपाध्याय ने बताया कि हम लोग तो बहुत पहले से जदयू के विचारधारा से प्रभावित थे और उसके लिए कार्य भी करते थे। जिसको देखते हुए पार्टी द्वारा जिम्मेदारी दी गई। जिसमें हमारे स्थानीय विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह तथा विधान पार्षद भिष्म साहनी के द्वारा मिले निदेशों पर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया जाएगा। मौके पर मुन्ना निषाद, नरेश राम, सतन पासवान, उमेश यादव, गोला मुसहर, भोला मुसहर, लक्ष्मण सहनी, राजू राम, प्रेम साह, नारद राम, प्रेमलाल सहनी, जटाई साहनी, पवन कुमार, कलाम अंसारी, इस्लाम खान सहित सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 20 लाख की फिरौती के लिए मित्रता ताक पर, दोस्त की हत्या

**पटना :** राजधानी के बहादुरपुर थाना इलाके से 16 सितंबर को अली असगर का अपहत उसके दोस्तों ने किया था। असगर को गुड फेथ में लेकर पूर्णियाँ ले गए। जहां उसकी हत्या करने बाद में उसके मोबाइल से 20 लाख की रंगदारी मैसेज कर मांगने लगे। जिसके बाद मृतक के पिता ने 17 को बहादुरपुर थाना में अपने बेटे की गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया था और फिरौती की बात भी बताई थी। जिसके बाद पुलिस की दबाव पर एक हत्यारा महाराष्ट्र चला गया। सिटी एसपी पूर्वी संदीप सिंह ने बताया कि मूल रूप से पूर्णिया जिले के वाईसी थाना के मो. अजीम रहने वाले हैं। उनके पुत्र बहादुरपुर थाना इलाके के न्यू अजीमाबाद लॉज में रहकर पढ़ाई करते थे। बेटे के दोस्त मोहम्मद साहिल, मो नजीर और मोहम्मद शाहनवाज तीनों दोस्तों ने ही किडनैपिंग किया, औ पूर्णिया ले जाकर मोहम्मद अली की हत्या कर दी थी। इस मामले के आरोपी तीनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बस की चपेट में आने से महिला कांवरिया की मौत, बस को पुलिस ने जप्त किया

**बेतिया, प.च. :** जिला अंतर्गत लौरिया बेतिया मार्ग एनएच 727 स्थित बनकटवा कोटेश्वर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने जा रही पूर्वी चंपारण की एक महिला कांवरिया की बस के चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। इधर बस चालक महिला को रौंदते हुए बेतिया की तरफ भागने लगा, जहां पुलिस को सूचना मिलने पर उस गाड़ी का पीछा कर उसे जप्ब कर लिया है। मृतका पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानो थानाक्षेत्र के मलाही गांव निवासी रुपा सहनी की विधवा ज्योति देवी बताई गई है। उनके दोनों बेटे रोजगार (मजदूरी) के क्रम में प्रवास पर है। उल्लेखनीय है कि ज्योति देवी (60वषीर्या) अपने गांव के कुछ महिला और पुरुषों के साथ त्रिवेणी घाट स्नान करने गई। वहां से जल लेकर लौरिया बनकटवा में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने जाने के क्रम में जब वह मंदिर की तरफ रुख करने के दौरान लौरिया से बेतिया जा रही बस ने उन्हें रौंद दिया। इस बाबत लौरिया थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि गाड़ी को जप्त कर लिया गया है। मृतिका के परिजन और ग्रामीण साथ में हैं। मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया।

## जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी की जुलूस में उत्साहित दिखे मुस्लिम समाज के लोग

### मजहबी झंडे के साथ शान से लहराया तिरंगा

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर अब्दुल कलाम की अध्यक्षता में निकाला गया जुलूस। मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रजा नगर महादेव टोला से शांतिपूर्ण तरीके से जुलुस निकाला गया। जिसमे इस्लाम धर्म के आखरी नबी के जन्म दिन पर अध्यक्ष अब्दुल कलाम ने लोगो को बताया कि जब दुनिया मे आखरी नबी का जन्म हुआ था तब उस समय दुनिया का बहुत हि खौफनाक मंजर था। बेटियों को उस समय जिंदा



दफन कर दिया जाता था। औरतों का कोई इज्जत नहीं होता था। भाई-भाई एक दूसरे से नफरत करते थें। जब आखरी नबी ने दुनिया को पैगाम दिया कि बेटी तुम्हारे लिए रहमत है, बीबी तुम्हारे लिए बरकत है। अमन शांति का जो पैगाम दिये वहीं पैगाम आज जुलुस के मौके पर लोगो को बताया गया। जुलूस-ए-मोहम्मदी में सेंकड़ों लोग शामिल हुए। जहां मजहबी झंडे के साथ शान से तिरंगा लहराया। पूलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम था। शांतिपूर्ण ढंग से लोग जूलूस को निकाला गया। मौके पर अध्यक्ष अब्दुल कलाम, शैख दाऊद रजा, अंजारुल हक, वार्ड पार्षद श्याम शर्मा, मो. इरशादुल्लाह उर्फ राजा बाबू, अकरम रजा, प्रियांशु सर्राफ, डॉ श्रवण कुमार, शिवजी राम, एहतेसाम शेख, अशरफ कुरैसी, एसआई शाहिद आलम, गुड्डू अली, शेख, अफरोज, शमसाद अंसारी, इशा अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थें।

### नदी में डूबने से दो बच्चे की मौत

**कटिहार :** बलिया बेलोन क्षेत्र में महानंदा नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चे की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत भौनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 10 के नया टोला बालूगंज पीर मजार के पास महानंदा नदी में नहाने के क्रम में निसार आलम 10 वर्ष पिता बबलू ग्राम पचगाछी एवं मनतसा खातून आठ वर्ष पिता मिनसर ग्राम नया टोला बालूगंज का डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों बच्चों का शव बरामद कर लिया गया। निसार अपने नानी के यहां आया हुआ था। घर में किसी को बतायें बेगैर अपने मामा की बेटी के साथ नदी में नहाने चला गया। घटना के बाद मां नीलम खातून एवं लवली खातून का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्होंने बताया की दोनों बच्चे पढ़ाई करते थे। स्थानीय मुखिया सत्यनारायण यादव घटना स्थल पहुंच कर परिजनों का ढांढस बंधाया।

### वार्ड सदस्य संघ का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन संपन्न

**काराकाट (रोहतास) :** वार्ड सदस्य संघ काराकाट ईकाई द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय काराकाट के गोडारी स्थित एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड के सभी सम्मानित वार्ड सदस्य सभी उप मुखिया एवं सामाजिक कार्यकरता प्रखण्ड के सम्मानित नागरीक उपस्थित हुए। इस घटना में वार्ड सदस्यों के साथ हो रहे दुव्यवहार मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजन में वार्ड सदस्यों के अधिकार में कटौती, मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नाली पक्कीकरण निश्चय योजना में सरकार के दोहरी नीती के तहत अधिकार से वंचित करने बिना कार्यकारणी के बैठक के योजना पंचायतो में पास कर करोड़ों रुपये के वितिय गबन करने, मनरेगा में धांधली आँगनबाडी केन्द्रो में घोर भष्ट्राचार, कबीर अंतोदय योजना के तहत अनु० जाती के मृत्यु के उपरान्त लाभ से वंचित करने। धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन अंचलाधिकारी जितेन्द्र कुमार को दिया गया। मौका पर बिहार प्रदेश सचिव कारक का प्रखंड उपाध्यक्ष रजनीश पांडेय, संतोष कुमार उपाध्याय, मनीष कुमार, शंकर सिंह ,अजय कुमार, बिजेंद्र सिंह, अशोक सिंह ,भानु प्रताप, नेपाली, राजाराम शाह, सुधीर कुमार, महेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ो वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

### 25 लीटर शराब साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नासरीगंज थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के घोंघा गांव से धनजी सिंह एवं पवनी गांव से अनिल भुइयां को देसी शराब के साथ रंगहांथों गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने ने बताया कि दोनों कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 25 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

## सांसद, डीआरएम व पूर्व मंत्री ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### रक्सौल व सीतामढ़ी के तरफ जाने वाले यात्रियों को मिलेगी सहूलियत : सांसद

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू. च :** रेलवे जंक्शन पर सांसद डॉ. संजय जयसवाल, डीआरएम विनय श्रीवास्तव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर नई ट्रेन का शुभारंभ किया गया। जो सुगौली, धरमीनीया, रामगढवा व मसनाडिह रेलवे स्टेशनों पर रुकते हुए रक्सौल के रास्ते सीतामढ़ी होते हुए दानापुर पटना को जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि इस ट्रेन से सुगौली के लोगों को रक्सौल सीतामढ़ी के तरफ जाने में काफी हदतक सहूलियत मिलेगी। वही धरमीनीया,रामगढ़वा और मसनाडिह के लोगों को डायरेक्ट पटना जाने के लिए





यह ट्रेन बहुत ही कारगर सिद्ध होगी। ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास शर्मा ने सांसद व डीआरएम के समक्ष जंक्शन के दक्षिण तरफ जर्जर सड़क का अविलंब निर्माण व सुगौली से डायरेक्ट गोरखपुर के लिए ट्रेन परिचालक से संबंधित प्रस्ताव रखी। इस संबंध में सांसद और डीआरएम के द्वारा जर्जर सड़क का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने की बात कही गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पांडे,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास शर्मा,प्रदीप सर्राफ, रामइकबाल प्रसाद,रवि पासवान,संजय संजू,महेश मिश्र,सुकन साह,संजीत कुशवाहा,सुजीत सहनी, योगेंद्र पुरी,बिट्टू ठाकुर, चंदन गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिए सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल धन्यवाद प्रकट करते हुए काफी उत्साहित दिखे।

### सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत

**सासाराम (रोहतास) :** कचहरी के समीप सड़क पार करने के दौरान एक अधिवक्ता को बस ने कुचल दिया,जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक अधिवक्ता रोहतास बार एसिसोएशन के थे। जिनका नाम मदन प्रसाद श्रीवास्तव है। जो आलमगंज के निवासी बताए जा रहे है।मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भेज दिया गया,बताया जाता है की मृतक अधिवक्ता कचहरी के परिसर से रोड के दूसरी तरफ पार कर रहे है अभी एक तेज रफ्तार से आती बस के चपेट में आने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने गुम मोबाइल बरामद कर तीन लोगों को सौंपा

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** कछवां पुलिस ने तीन वास्तविक धारक को खोया हुआ मोबाइल सौंप दिया है । जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन खोया हुआ मोबाइल स्थानीय थाना के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के कछवां निवासी शहनवाज अंसारी, अमौना निवासी शुदेश्वर सिंह और लेवा निवासी शोभा शर्मा पति कपिल शर्मा को खोया हुआ मोबाइल सौंपा गया। जिसको लेकर वास्तविक धारक अपने मोबाइल को पाकर काफी खुश हुए।

### शराब वैन के साथ धंधेबाज को पुलिस ने दबोचा

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** स्थानीय पुलिस ने विंगर वैन से ले जा रहे अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने चालक और सह चालक को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विंगर वैन से अंग्रेजी शराब की खेप नटवार रोड की ओर जा रही है। मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने विंगर वैन को नटवार रोड के धनगाई गांव के समीप से पकड़ जांच पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने ने कहा कि जब वैन की जांच पुलिस के द्वारा की गई तो उक्त वैन से 214.32 लीटर 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि मामले में प्रयुक्त विंगर वैन को भी जब्त किया गया है। साथ ही पुलिस ने उक्त वैन के चालक और सह चालक को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस उक्त मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

### पिता के अंतिम दर्शन को लेकर दो भाइयों में हुई मारपीट

**मोतिहारी, पू.च. :** पिता के अंतिम दर्शन को लेकर दो भाइयों में मारपीट हुआ है। यह घटना छोटा बरियारपुर वार्ड नंबर 39 की है। जहां इस घटना को लेकर छोटा बरियारपुर निवासी रामनाथ साह ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरे पिता का स्वर्गवास हो गया था जो मेरे भाई श्याम सुंदर साह के साथ रहते थे। अंतिम दर्शन करने हेतु मेरे परिवार के सभी सदस्य गए तो पहले से वहां मौजूद श्याम सुंदर साह, नीलम देवी, विशाल कुमार, अनीता देवी, प्रभावती देवी, रामवती देवी, दीपू कुमार सभी एक साथ साजिश के तहत मेरी बेटी कंचन कुमारी के साथ मारपीट करने लगे।

# श्रीनगर थानाध्यक्ष पदोन्नत बने पुलिस इंस्पेक्टर



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया/श्रीनगर :** स्थानीय थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह की पदोन्नत कर पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। जिला पुलिस मुख्यालय में विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने पदोन्नत सब इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर का स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। इंस्पेक्टर बने श्री सिंह ने कहा कि कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन करता रहा, अब पर्यवेक्षण व अन्य दायित्व का निर्वहन भी निष्ठापूर्वक करेंगे। श्रीनगर थाना क्षेत्र की जनता उनकी पदोन्नति की खबर से प्रसन्न है। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जैसा ईमानदार, कर्मठ, निष्ठावान, निर्भीक व चंबल की घाटी कहे जाने वाले पुजहां श्रीनगर थाना क्षेत्र में अमन चैन व सुकून की जिंदगी स्थापित करने वाले श्री सिंह को धन्यवाद दिया।

# गयावासियों ने नम आंखों से दी आजाद पार्क के राजा को विदाई, गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे

## 10 दिवसीय गणपति महोत्सव का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर

**गया :** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना... के जयघोष के साथ अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर में गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धा पूर्वक विसर्जन किया गया। आजाद पार्क से फूलों से सजे वाहन पर रिद्धि-सिद्धि और बुद्धि-विवेक के देवता भगवान विघ्नहर्ता की प्रतिमा के साथ राधा-कृष्ण की अद्भुत झांकी और गुलाल उड़ाते भक्तों की अलौकिक वातावरण दिखाई दिया। बैंड- बाजे एवं ढोल- मजीरा के साथ भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए श्रद्धालु जय घोष कर रहे थे।इस दौरान महिलाओं का उत्साह चरम पर था। शहर के कई स्थानों पर गणपति बप्पा की आरती की गई। विसर्जन यात्रा आजाद पार्क से निकलकर टिकारी



रोड, पुरानी गोदाम, केपी रोड, जीबी रोड, कोयरीबाड़ी, नादरागंज, नवागढी, रामसागर तालाब,चांद चौरा,मंगला गौरी, माडनपुर होते हुए रुक्मिणी तालाव पहुंची, जहां भक्त जनों ने पूरे भक्ति भाव के साथ आरती कर बप्पा को जल में विसर्जित कर पूरी पावनता के साथ विघ्न विनायक को अलौकिक विदाई दी। 19 सितंबर से 27 सितंबर तक पूरे 9 दिनों तक गणपति बप्पा की भक्ति भाव और विधि विधान के साथ दुग्धाभिषेक, दुर्वाभिषेक, लावाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। प्रतिदिन 100 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। बुधवार को हवन- पूजन के साथ 56 प्रकार के मिठाइयां और व्यंजनों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच भंडारें का प्रसाद वितरण किया गया। अंतिम दिन बप्पा के दर्शन करने के लिए गयावासियों की अपार भीड़ उमड़ी। समिति से जुड़े सदस्यों ने गणपति बप्पा से खुशहाली की मंगल कामना की। मौके पर पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार अपने धर्मपत्नी प्रभादेवी के साथ भगवान गणेश के दर्शन करने पंडाल पहुंचें तो वही गया नगर निगम के आयुक्त अभिलाषा शर्मा अपने परिवार के साथ दर्शन किया। विसर्जन यात्रा में श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया, विनोद जसपुरिया,विजय शर्मा, अनिल स्वामी, वार्ड पार्षद सारिका वर्मा,ओम प्रकाश सिंह, वीरेंद्र कुमार, प्रताप सिंह, सुनील पोद्दार, प्राण मित्तल, विपेंद्र अग्रवाल,धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण और शहरवासी उपस्थित थे।

# वाहन दुर्घटना में घायल युवक की तीसरे दिन मौत

**बगहा:** चिउटाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत रत्नपुरवा के समीप अज्ञात बोलरो ने मंगलवार के दिन एक युवक को टक्कर मार दिया था। जो इलाजरत था इसी क्रम में गुरुवार को उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम बगहा नगर के वार्ड नंबर 18 निवासी इंद्रजीत शर्मा का पुत्र सिकंदर कुमार 27 वर्ष अपने ससुराल से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रतनपुरवा के समीप किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया। जहां से युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए जीएमसीएच बेतिया के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि जीएमसीएच से भी युवक को रेफर कर दिया गया। इसी दौरान इलाज के क्रम में युवक की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा लाया गया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# पशु से टकरा बाइक सवार जख्मी

**करगहर (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र के पड़हुती मोड़ समीप गुरुवार को भैंस से टकरा बाइक सवार सड़क के गहरे चाट में जा गिरे। घटना में दो बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसे ग्रामीणों ने एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वह खतरे से बाहर बताये जा रहें। बताया जाता है कि कैमूर जिला के गायघाट निवासी मनोज राम और निखिल कुमार बाइक से कुदरा स्थित अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसे क्रम में पड़हुती मोड़ समीप सड़क के किनारे घास चर रही एक भैंस दौड़कर सामने आ गई। जिससे वे अनियंत्रित होकर बचने का प्रयास किया। इस दौरान वे सड़क के गहरे चाट में जा गिरे। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# सन्नी बने जदयू के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, मिल रही बधाइयां

राष्ट्रीय खबर



**रक्सौल, पू.च. :** प्रदेश जनता दल यू के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने स्थानीय सन्नी कुमार उर्फ सुन्नी कुमार पटेल को प्रदेश युवा उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जदयू कार्यकर्ताओ ने हर्ष ब्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालो में पूर्व मंत्री श्याबिहारी प्रसाद, केसरिया विधायक शालनी मिश्रा, जिला अध्यक्ष मंजू देवी, एमएलसी खालिद अनवर, बीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व एमएलसी सतीश कुमार, प्रदेश महासचिव भुवन पटेल, प्रदेश सचिव महिला पूर्णिमा भारती, उषा श्रीवास्तव जिला महासचिव सह पार्षद दीपक कुमार, प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल आदि प्रमुख है।

# अपनी मांगों को लेकर वार्ड सदस्य महासंघ करेगा 30 सितंबर को प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** वार्ड सदस्य प्रखंड महासंघ बगहा-दो की बैठक यमुनापुर टड़वलिया पंचायत के पंचायत भवन में उप मुखिया पिंटू मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार उर्फ छोटे श्रीवास्तव उपस्थित रहे । बैठक का संचालन करते हुए अध्यक्ष छोटे श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड सदस्यों के अधिकार में सरकार द्वारा लगातार कटौती किया जा रहा है । तथा प्रखंड कर्मी द्वारा भी वार्ड सदस्यों की अनदेखी किया जाता है ।उन्होंने बताया कि प्रखंड बगहा-दो के सभी पंचायत में पिछले 19 सितंबर से बैठक शुरू होकर



गुरुवार के दिन यमुनापुर टड़वलिया पंचायत भवन पर समाप्त हुई । प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि 28 सितंबर को होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है । क्योंकि अवकाश होने के कारण धरना प्रदर्शन करने की अनुमति प्राप्त नहीं हुई है । उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को अनुमंडल के सामने अंबेडकर प्रतिमा के समीप धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसमें आप सभी वार्ड सदस्यों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी एकता का परिचय दें।

# ईद मिलादुन्नबी पर्व पर धूमधाम से निकाला जुलूस

**करगहर (रोहतास) :** गुरुवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में करगहर प्रखण्ड के मुस्लिम समाज के लोगो ने धूमधाम के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया। इस्लामिक कैलंडर के मुताबिक रजब माह के 12 रबीउल अव्वल को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसलिए मुस्लिम समाज इनके जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाता हैं। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर बड़ी धूमधाम के साथ ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद रही, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। जुलूस में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग शामिल हुए।

# जलसा सीरत कौनैन्न और इस्लाहे मुशायरा का आयोजन आज

**सुगौली, पू.च :** नगर के विशुनपुरवा रोड़ स्थित नौवाडीह वार्ड नंबर 3 में जलसा सीरत कौनैन्न और इस्लाहे मुशायरा का आयोजन शुक्रवार रात्रि 7:00 बजे से किया गया है। इस आयोजन में मेहमाने खसूसी में खातिबे जमा हजरत मौलाना मुफ्ती शकील कासमी, शैखूल हदीस दारुल उलूम अल इस्लामिया इमारत शरिया पटना, खतीबे जीशान माहिर वेद-कुरान हजरत मौलाना शाजिद हुसैन चतुवेर्दी, मुफ्ती मो.मुशा मदरसा शमासूल उलूम बनौरा पश्चिम चंपारण, मुफ्ती रेयाज, दारुल काजा मोतिहारी के साथ मकामी उलमा भी शरीक हो रहे हैं। यह जलसा कार्यक्रम के अध्यक्ष हजरत मौलाना कलीमुल्लाह साहब की क्यादत में संपन्न होगी। होने वाले कार्यक्रम में औरतों के लिए खास पर्दे का इंतेजाम किया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष हजरत मौलाना कलीमुल्लाह साहब ने बताया कि बाहर से आएं मुफ्ती के द्वारा दिन की बातें, नबी साहब की जिन्दगी, मुस्लिम समाज में कैसे सुधार हो उसपर भी गहनता पूर्वक बात बताई जाएगी। साथ ही नबी साहब की सीरत पर बात और उनकी जिंदगी में औरतों का हकूक पर बयान किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक अध्यक्ष मौलाना कलीमुल्लाह साहब, कमाल खां, मुस्तुफा खान, जमशेद आलम, राशिद आलम, अलकौसर एमाम एवं कार्यक्रम के सभी सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

# पत्रकार को मातृ शोक

**मधुबनी :** प्रखंड के पत्रकार दरबेश खान की 96 वर्षीय माता आसमां खातुन की निधन गुरुवार के दिन हो गया। वह बीते कई सालों से अस्वस्थ चल रही थी। दिवंगत आसमां खातुन अपने पीछे चार पुत्र व एक पुत्री सहित भरे-पूरे परिवार को छोड़ कर चली गई। माता का देहांत गुरुवार की दोपहर हो गई। पत्रकार दरबेश खान ने बताया कि माता आसमा खातून कई सालों से बीमार चल रही थी। अचानक गुरुवार को उनका देहांत हो गया। पत्रकार की माता की मौत से पत्रकार संघ ने शोक जताई हैं। पत्रकार प्रिंस मिश्रा, मनोज यादव, कामेश्वर पांडेय, अखिलेश ब्याहुत, अभिषेक पांडेय, अजय शर्मा, दिनेश शुक्ल, बिट्टू चौबे, सुधीर सिंह, राजकिशोर पांडेय,अजय सिंह चंदेल सहित दर्जनों ने पत्रकारों ने उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया है।

# धर्म की आड़ में नफरतों की बहती ब्यार के बीच इंसानियत जगाने की मुहिम हुई तेज




## मेयर कल्पना व सैकड़ो समाजिक लोगो ने हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई का दिया नारा

रौशन यादव

**सलार्ही/नेपाल :** धार्मिक सहिष्णुता के लिए बुधवार को सलार्ही के बरहथवा में सद्भावना रैली निकाली गई। बरहथवा नगर पालिका द्वारा आयोजित यह रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू हुई और बाजार का भ्रमण करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंच कर एक नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गयी। मेयर कल्पना कुमारी कटुवाल ने बताया कि मुख्यालय मलंगवा सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर कुछ दिनों से चल रही गतिविधियों को लेकर 'हिमाल पहाड़ तराई, हिंदू मुस्लिम भाईचारा' को कायम रखने के लिए विभिन्न नारों के साथ सद्भावना रैली निकाली गई।

# कलवार कल्याण समिति रक्सौल के तत्वधान में श्रीबलभद्र पूजनोत्सव आयोजित

## भव्य कलश एवं शोभायात्रा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

राष्ट्रीय खबर

**रक्सौल, पू.च. :** प्रत्येक साल की भांति इस साल भी स्थानीय कलवार कल्याण समिति के तत्वधान में कलवार समुदाय के कुल देवता श्रीबलभद्र देव की पूजनोत्सव का आयोजन मछली बाजार स्थित ज्ञानेंद्र किशोर उर्फ बप्पी शाह के भू-स्थल पर किया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित अरुण पांडे उर्फ पप्पू पंडित मुख्य यजमान अनिल गुप्ता एवं उनकी भार्या के द्वारा पूजा कार्य संपन्न कराया। इस बीच पूजा स्थल से श्री बलभद्र देव की शोभा यात्रा निकल कर मछली बाजार के रास्ते, मुख्य पथ, बैंक रोड होते हुए रामजी चौक स्थित दुर्गा माता मंदिर पहुंच कर वहां से श्री बलभद्र भगवान को निमंत्रण देकर पुनः पूजा स्थल पर आएं, जहां आरती के बाद महाप्रसाद ग्रहण कर पूजा कार्य संपन्न



हुआ। वहीं बेतिया के उप महापौर गायत्री देवी के साथ अन्य अतिथियों व युवाओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष प्रदीप भारती, महासचिव ध्रुव प्रसाद, सचिव सौरभ कुमार उर्फ बिन्नी, संगठन मंत्री चंदन कुमार, सह संगठन मंत्री चंदन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सह कोषाध्यक्ष कुमार मंगलम, अंकेक्षक प्रो. (डॉ.) हजारी प्रसाद गुप्ता, मीडिया प्रभारी अमरदीप गुप्ता, कानूनी सलाहकार चंद्र प्रकाश गुप्ता, संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व सभापति, सुभाषचंद्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. प्रहस्त कुमार, अरविंद जायसवाल, अजय कुमार उर्फ बाबल जी एवं कार्यकारिणी में धीरज कुमार, दुर्गेश कुमार, दीपक जायसवाल, अनिल कुमार, चंद्र किशोर प्रसाद, जितेंद्र किशोर उर्फ बब्लू जी, बप्पी शाह, बैजू जायसवाल, नीरज कुमार, सनोज कुमार, बृजमोहन कुमार, रवि जी, पंकज कुमार, विवेक कुमार, विक्रम कुमार, सागर कुमार, रंजित कुमार, रविंद्र कुमार, दिनेश गुप्ता, रिदीत कुमार, संजीव कुमार, विनीत कुमार, सूरज कुमार के साथ मंदीप कुमार, दिलीप गुप्ता मौजूद थे। जानकारी देते हुए अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद ने बताया कि पूजा के दौरान स्थानीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री श्यामबिहारी प्रसाद, जदयू प्रदेश सचिव भुवन पटेल, नेत्री पूर्णिमा भारती, बीजेपी नेता ई. जितेंद्र कुमार, गुड्डू सिंह, अजय पटेल, उषा देवी, सन्नी पटेल, डॉ. अमित जायसवाल, राहुल गुप्ता, सुरज गुप्ता, अरुण गुप्ता एवं अखिलेश गुप्ता आदि सम्मिलित हुए।

# ध्रुव नेत्रालय ने लगाया निशुल्क आँख जाँच शिविर



राष्ट्रीय खबर

**बगहा:** बगहा -2 प्रखंड के अंतर्गत सेमरा बाजार में स्थित डा. गौरव कुमार के मकान मे बुधवार के दिन ध्रुव नेत्रालय हरनाटाड के संचालक डॉ चिंतामणि काजी के द्वारा निशुल्क आख जाँच का शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों की संख्या में नेत्र रोगी पहुंचे हुए थे। जिनका निःशुल्क जांच किया गया। ध्रुव नेत्रालय के संचालक डॉ चिंतामणि काजी ने बताया कि मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क जाँच, आपरेशन व दवाओं के लिए यह शिविर लगाया गया है। कोशिश है कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में क्रमवार शिविर लगाकर मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों का निशुल्क ईलाज किया जाय। आज 150 मरीजो का जांच हुआ। उन्होंने बताया कि जाँच के उपरांत शनिवार को 40 नेत्र रोगियों का निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा। बचे हुए नेत्र रोगियों का आपरेशन अगले शनिवार को किया जाएगा।

बताते चले कि ध्रुव नेत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिविर लगाकर गरीबों व जरूरतमंदो का निशुल्क जांच व आपरेशन किया जाता है। इस दौरान शिविर में सहायक चिकित्सक अमित कुमार श्रीवास्तव, केमिस्ट भुनेश्वर प्रसाद, मेडिकल टीम जितेंद्र काजी, सत्येंद्र कुमार, ऋषि राज कुमार, धर्मराज कुमार सहित अन्य मेडिकल सहयोगी उपस्थित रहे।

# बिरला चेतक सीमेंट के द्वारा किया गया कांवरिया शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू.च. :** बिहार प्रसिद्ध सोमेश्वर नाथ महादेव नगरी में डाक बम एवं कांवरियो के सेवा में बिरला चेतक सीमेंट के द्वारा सेवा शिविर लगाया गया। अनंतचतुरदशी पर्व के पावन अवसर पर लाखों शिव भक्त सिकरहना नदी से जल लेकर डाक बम एवं कांवर लेकर पैदल यात्रा कर बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं। इस पावन अवसर पर एमपी बिरला चेतक सीमेंट के द्वारा डाक बम एवं कांवरियो के सेवा में स्वच्छ जल एवं फल का वितरण चंपारण डिस्ट्रीब्यूटर टीम के द्वारा शिविर लगाकर मोतिहारी-अरेराज रोड स्थित बालगंगा में किया गया। इस अवसर पर बिरला चेतक सिमेन्ट के मार्केटिंग ऑफिसर अखिलेश श्रीवास्तव एवं टेक्निकल पदाधिकारी चंचल कुमार तथा चंपारण डिस्ट्रीब्यूटर मोतिहारी की पूरी टीम ने शिव भक्तो का सेवा किया।

# मोदी सरकार वास-आवास अधिकार गारंटी का बनाये कानून :-माले विधायक

## जिला सम्मेलन में खेग्रामस 25 सदस्यीय बनाई गई कमेटी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** एक निजी विवाह भवन में खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के तहत प्रथम जिला सम्मेलन का आयोजित किया गया। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि कामरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, (राज्य अध्यक्ष खेग्रामस बिहार सह सिकटा विधायक) ने सबसे पहले अपने तमाम दिवंगत व शहीद साथियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज देश की सत्ता सांप्रदायिक-फासीवादी कंपनी राज चलाने वाली मोदी सरकार के हाथ में है। जिसने गरीबों, मजदूरों, किसानों के साथ आम जनता के तमाम अधिकारों को खत्म करने अभियान चला रखा है। इसके लिए देश के संविधान और लोकतंत्र पर हमला दर हमला जारी रखा है। शत्रुघ्न साहनी




(राज्य सचिव खेग्रामस बिहार) ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मोदी सरकार आजादी के 75 सालों बाद बड़े ही बेशर्मी से यह बोल रहीं हैं कि ₹अब अधिकार की बात नहीं कर्तव्य की बात होगी₹ उसने गरीबों-मजदूरों, छोटे किसानों के तमाम तरह के अधिकारों पर हमला बोल दिया है। भाकपा-माले नेता परसुराम यादव ने कहा कि बिजली के निजीकरण से सभी गरीब परेशान है बिजली कंपनियां अधिक बिजली बिल भेजने के साथ ब्याज का कारोबार कर रही है। वन के किनारे बसे आदिवासियों, परंपरागत निवासियों को तमाम तरह की अधिकारों से वंचित कर रही है। सम्मेलन की अध्यक्षता ताजुद्दीन मंसूरी, प्रदीप ठाकुर, कृष्णा राम, लक्ष्मीना देवी आदि ने किया। संचालन ताजुद्दीन मंसूरी ने किया । सम्मेलन के राज्य प्रर्वेक्षक कामरेड जीवछ पासवान ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में शिक्षा और स्वास्थ्य के मामलों में भी लगातार कटौती जारी है । वृद्धों, विधवाओं, विकलांगों का पेंशन 10 वर्ष से अधिक पुरानी दर पर मात्र 400 रुपए हैं जबकि महंगाई चरम पर है। जिसके खिलाफ एकताबद्ध हो कर आंदोलन तेज करना होगा। वीरेंद्र पासवान, नेउर उरांव,नरेश मांझी, संदीप कुमार, छोटेलाल कुशवाहा, लक्ष्मीना देवी, राजवंती देवी, प्रेम मांझी, लालबाबू सोनी, दयानंद द्विवेदी आदि नेताओं ने भी मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतंत्र हो रहें हमला के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।अंत में 25 सदस्यीय कमेटी बनाई गई और सर्वसम्मति से कृष्णा राम और सचिव प्रदीप ठाकुर और 7 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।

# अजय पटेल बने सीतामढ़ी से यूवा जदयू के प्रदेश महासचिव

राष्ट्रीय खबर



**सीतामढ़ी :** बिहार प्रदेश यूवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अजय पटेल को यूवा जदयू का प्रदेश महासचिव बनाया है। अजय ने अपने मनोनय पर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, यूवा प्रभारी मनीष कुमार,प्रदेश यूवा अध्यक्ष नीतीश पटेल, और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री पटेल के मनोनय पर, पूर्व सांसद रामकुमार शर्मा,पूर्व मंत्री रंजु गीता, जदयू जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष जीयाउदीन खां, पप्पू पटेल,विजय पटेल, संदीप पटेल, सुजीत झा, अमित सहाय,राजवीर राघव धीरेंद्र पटेल, सुरेंद्र पटेल, विकास पटेल चंद्र मोहन निजमुदीन आदि ने बधाई दिया है।

# मधुबनी में होगी प्लस टू तक पढ़ाई, विधायक करेंगे नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**मधुबनी :** प्रखंड के छात्र-छात्राओं को प्लस टू की पढ़ाई के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा। अब प्रखंड में ही प्लस टू तक की पढ़ाई होगी। प्रखंड के बगहवा में बन रहा नवनिर्मित स्कूल भवन अब बनकर तैयार हो गया है। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह के द्वारा 30 सितंबर को उस विद्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद बच्चे प्लस टू तक की पढ़ाई उस विद्यालय में कर सकेंगे। विद्यालय भवन तैयार होने की सूचना पर क्षेत्र के छात्र छात्राओं सहित उनके परिजन भी खुश नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अब हमारे बच्चे कम उम्र में घर से दूर जाकर पढ़ाई नहीं करेंगे। प्लस टू तक की पढ़ाई प्रखंड स्तर पर होने से हमारे बच्चों का भविष्य संवरेगा। इस बाबत वाल्मिकीनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह ने कहा कि 30 सितंबर को मेरे द्वारा 12 बजे दिन में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करने के लिए विद्यालय प्रबंधक के द्वारा आमंत्रित किया गया है ।

# स्कूली वाहन पलटने से दर्जन भर बच्चे जख़्मी, चालक फरार

राष्ट्रीय खबर



**रामनगर** : प्रखंड अंतर्गत धोकराहा पंचायत के बभनौली में जेपी पब्लिक स्कूल के बच्चों का स्कूली वैन पलटने से तकरीबन एक दर्जन बच्चे जख्मी हो गए। जिसमें से तीन की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। बच्चों को स्कूली वैन से लाते समय अचानक उसका स्टेरिंग फेल हो जाने से बभनौली के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया और गड्ढे में जा गीरा। दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। वैन में तकरीबन एक दर्जन बच्चे बैठे हुए थे। देखते-देखते वहां भारी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई। जिसके बाद बच्चों को निकाल कर इलाज के लिए ले जाया गया। प्राथमिक उपचार कर स्थिति बेहतर होने के बाद उनकी छुट्टी कर दी गई है। इस बाबत अंचलाधिकारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन से वाहन तथा चालक से संबंधित समुचित कागजातों की मांग की गई है। स्थानीय थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## विदेशी शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर/ मुंगेर** : स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रेल लाइन कॉलोनी दरियापुर समीप छापेमारी कर 186 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पांच तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर शराब मामले में हुई कार्रवाई के बारे में थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिली की ट्रेन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का खेप जमालपुर स्टेशन के पहले उतारने वाला था। रेलवे बड़ी पुल के नीचे ट्रेन से जैसे ही शराब का खेप उतर गया तो पांच शराब कारोबारी बड़ी केशोपुर निवासी सोनू कुमार, आशू कुमार, गौरव कुमार, गुड्डू कुमार एवं कोतवाली थाना क्षेत्र के अंबे चौक निवासी अजय यादव को शराब से भर दो बोरे के साथ गिरफ्तार किया।

# अपराध पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस ने चलाया रोको-टोको अभियान



राष्ट्रीय खबर

**जमालपुर/ मुंगेर** : विधि व्यवस्था को बहाल करने एवं अपराध पर लगाम लगाने को लेकर जमालपुर पुलिस ने देर रात्रि जमालपुर मुंगेर पथ पर रोको टोको अभियान चलाई। अभियान का नेतृत्व कर रहे एसआई ज्योति कुमारी ने मुंगेर जमालपुर की ओर से आने जाने वाले तमाम फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर वाहनों के कागजात को देखते हुए चालक से पूछताछ किए। मध्य रात्रि तक चले अभियान से जहां सड़कों पर बेवजह भटक रहे लोगों के बीच जहां वर्दी का ख्वाब देखा गया। वही आम लोगों ने पुलिस के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रात में इस तरह के अभियान से कामकाजी लोगों को अपने घर सुरक्षित पहुंचने में कोई डर है नहीं होगा। ऐसे अभियान से शहर में होने वाली छिनतई, चेन और पर्स स्नैचिंग, लूट और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकेगा। यही कारण है कि बिना वजह देर शाम या रात सड़कों पर घूमने वाले लोगों और बाइक सवार युवकों को रोककर पूछताछ की जा रही है।

# पीएम मोदी के जयंती पर सेवा पखवाड़ा के तहत केंद्र 56 को विजया सिंह ने लिया गोद



राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी प.च.** : स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्र के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर जिला महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष व मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने मधुबनी प्रखंड के कठार पंचायत के खलारी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 56 को गोद लिया। इस दौरान भाजपा नेत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की जयंती पर 17 सितंबर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके दौरान प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या56 को विधिवत रूप से आंगनबाड़ी में पढ़ रहे छोटे छोटे नन्हें मुन्ने बच्चों व बच्चीयों को किताब सहित बिस्किट व टॉफी देकर सम्मानित किया। एवं स्वच्छता का निर्देश दिया गया। श्रीमती सिंह ने बच्चों से कहा कि पठन-पाठन कार्य में कोई परेशानी होती है तो तुरंत संपर्क करें। मौके पर नीतू गुप्ता, सुमन देवी, अजय गुप्ता, संदीप कुमार गुप्ता, रमाशंकर गुप्ता, भोला गुप्ता सहित दर्जनों बच्चों सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नसीब बने युवा राजद के जिला मीडिया प्रभारी

राष्ट्रीय खबर



**सीतामढ़ी** : युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा मो० नसीब खान को युवा राजद का जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। कार्यकताओं ने कहा कि मो० नसीब को युवा राजद जिला मीडिया प्रभारी बनने से युवा राजद को मजबूती प्रदान होगी। प्रदेश सीतामढ़ी जिला मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर युवा राजद कार्यकताओं समेत आम लोगों ने बधाई दी है । बधाई देने वालों में पूर्व सांसद अर्जुन राय, विधायक संजय गुप्ता, मुकेश यादव, सुनील कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शफीक खां, युवा राजद जिलाध्यक्ष रौशन यादव, जिला राजद प्रधान महासचिव जलालुद्दीन खान, बाजपट्टी विधायक युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शरण नारायण, मो० कामरान आलम, अमर यादव सहित अन्य शामिल हैं।

## देवी स्थान मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण का शिलान्यास सम्पन्न

**नरकटियागंज** : शहर की धार्मिक हृदयस्थली देवी स्थान मंदिर का सौंदीकरण कार्य का शिलान्यास नगर परिषद की सभापति रीना देवी ने मंगलवार को किया। शिलान्यास कार्यक्रम में उप सभापति पूनम देवी, वार्ड पार्षद वसंती देवी, कार्यपालक पदाधिकारी आमीर सोहैल, नगर प्रबंधक रीतेश कुमार, भाजपा नेत्री जुही यास्मीन व दर्जनो वार्ड पार्षदगण व शहर के प्रबुद्धगण उपस्थित रहे। सौंदर्यीकरण उपरांत देवी स्थान मंदिर परिसर में जल जमाव से मुक्ति मिल जाएगी।

## मिलाद-उन-नबी पर्व मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाया

**नोखा (रोहतास)**: नगर परिषद क्षेत्र में जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर मोहम्मद का जन्म हुवा था। ये त्यौहार इस्लाम धर्म का सबसे खास त्यौहार हैं। जो पैगम्बर मोहम्मद आज ही के दिन पैदा हुए थे और आज ही के दिन उनका निधन हुवा था। अरबी में इस त्यौहार को मौलिद-उन-नबी कहते हैं, जिसमें मौलिद का अर्थ हैं। जन्म-इस त्यौहार को बारावफात भी कहाँ जाता हैं। इस्लामिक ऐतिहासिक ग्रंथों के अनुसार पैगम्बर मोहम्मद का जन्म सन 570 में सऊदी अरब में इस्लामी कैलेण्डर के तीसरे महीने के 12वे दिन हुवा था। इस मौके पर लोगों ने मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर विभिन्न सार्वजानिक स्थलों पर कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

## धूमधाम से मना अनंत चतुर्दशी व्रत

**नोखा (रोहतास)** : प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को भगवान विष्णु को समर्पित अनंत चतुर्दशी पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिस पर्व पर लोगों ने उपवास रखकर कलश पर अष्टदल कमल की तरह बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना कर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद अनंत सूत्र को हाथ के बाजू में बाध भगवान से मनोकामना की। पूजा पंडित नेओ बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल से अनंत चतुर्दशी व्रत की शुरूआत हुई। यह भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। विष्णु स्वरूप अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोको का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे। जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है। इस व्रत को करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

# पंचदिवसीय शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर



**भैरोगंज** : थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसगाव मंझरिया पंचायत के मंझरिया गांव स्थित भगवान शिव के मंदिर प्रांगण में पंचदिवसीय शतचंडी महायज्ञ का समापन मंगलवार को हुआ। इस विषय पर मंदिर के व्यवस्थापक अरविंद पांडे ने बताया कि लगभग 4 वर्ष पूर्व कोरोना कल के समय से ही जग कल्याण कार्य हेतु इस यज्ञ का शुभारंभ किया गया था। जो हर साल भादो शुक्ल पक्ष से शुरू होकर 5 दिनों तक चलता है। इस यज्ञ में किसी भी प्रकार का मेला वगैरह का आयोजन नहीं किया जाता है। केवल आचार्य के माध्यम से पूजा पाठ मंत्र उच्चारण के साथ किया जाता है। वही इस संदर्भ में इस यज्ञ के आचार्य प्रभाकर पांडेय ने बताया कि यह यज्ञ ब्राह्मणों के मंत्र उच्चारण के साथ बिना किसी दक्षिणा के जग कल्याण हेतु किया जाता है। मौके पर मंदिर समिति के संजीव पति तिवारी, मनु देव मनी त्रिपाठी,रमन पंडित राजेश्वर त्रिपाठी, उपाध्याय, अखिलेश्वर पांडे, सीता राम सिंह, रामाधार शुक्ला, त्रिलोकी नाथ पांडे, रामेश्वर पांडे, मोहन यादव, बिहारी यादव, शंभू मिश्रा, एवं आचार्यों में पप्पू तिवारी, अनूप पांडेय, मुन्ना तिवारी, भास्कर पांडेय, प्रमोद तिवारी, वरुण तिवारी, रवि प्रकाश पांडे, दिनेश त्रिपाठी, स्वही यज्ञ के समापन के दिन बीजेपी नेता तुषार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने मंदिर सहित मंदिर के सामने स्थित तालाब की भी साफ सफाई की भी बात कही उन्होंने कहा कि जल्द ही तालाब की सफाई का प्रयास किया जाएगा।

# हरनाटांड में राज्य के उदयीमान खिलाड़ियों का चयन और प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया/ बगहा** : क्रीड़ा, कला संस्कृति व युवा विभाग बिहार ने जिला में दूसरा एकलव्य आवासीय बालिका फुटबॉल खेल प्रशिक्षण केंद्र की मंजूरी दे दिया है। बिहार में जिला स्तर से राज्य स्तर तक विद्यालय खेलों का वार्षिक खेल कार्यक्रम तैयार कर सघन खेल कार्यक्रम चलाया जाता है। इस प्रतियोगिता के दौरान राज्य के उदयीमान, प्रतिभावान खिलाड़ियों की खेल प्रतियोगिता उजागर होती है। वर्तमान में खेल पूर्णतः वैज्ञानिक संसाधनों, आधुनिक खेल उपकरणों तथा गहन प्रशिक्षण पर निर्भर है प्रतिभावान खिलाड़ियों को आधुनिक खेल उपकरणों एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराते हुए खेलों का आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना राज्य खेल जगत की चिन्हित आवश्यकता है। जिसे मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र युगुल साह जनजाति उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय हनाटांड़ बगहा दो ल्में फुटबॉल बालिका की विभाग ने खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मंजूरी दे दी है। इस चयन प्रतियोगिता को पारदर्शिता बनाने के लिए कला,संस्कृति युवा विभाग एक तकनीकी पदाधिकारी तथा एक पर्यवेक्षक की नियुक्त कर ने जा रही है। जिला फुटबाल संघ का इस चयन प्रतियोगिता में सहयोग लिया जा रहा है। अतः सभी बालिका फुटबॉल खिलाड़ी अपने साथ दो फोटो तथा आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ प्रतियोगिता स्थल उच्च विद्यालय हरनाटांड़ के खेल मैदान पर रिपोर्ट करेंगे।

# डीएम की काफिला को रोक छात्रों ने की शिकायत, सौंपा मांग पत्र

### शौचालय व शिक्षक की दुर्व्यवहार पर सुनाई आपबीती

### राजकीय मध्य विद्यालय भेड़िहरवा के छात्रों ने की सड़क जाम जताया आक्रोश

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया/साठी** : थाना क्षेत्र स्थित भेड़िहरवा राजकीय मध्य विद्यालय के छात्रों ने बुधवार को डीएम का काफिला रोक दिया। तथा, जिलाधिकारी से विद्यालय प्रबंधन की शिकायत मौखिक व लिखित रूप से सौंप कर अपना आक्रोश जताया। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल कायम रहा। हुआ यू की, भभटा गांव में बुधवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय का जन संवाद कार्यक्रम था। तय कार्यक्रम के तहत डीएम श्री राय भेड़ीहरवा रूपालिया मुख्य मार्ग से होकर जा रहे थे। इसी क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय भेड़िहरवा के छात्रों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस व पदाधिकारीयो ने छात्रों को बहुत समझाने की कोशिश की पर छात्रों ने किसी की नहीं सुनी और डीएम से मिलने की जिद पर अड़े रहे। छात्रों के जिद के सामने किसी की नहीं चली तब तक डी एम की गाड़ी वहाँ पहुंच गई और स्वयं डीएम श्रीराय गाड़ी से उतरे और छात्रों के पास जाकर छात्रों की समस्या सुनी एवं कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद छात्र शांत हुए। इसके बाद जिला पदाधिकारी अपने कार्यक्रम की ओर रवाना हुए। छात्रों का आरोप था कि विद्यालय के शिक्षक के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इसके अलावा विद्यालय में शौचालय की कमी तथा पठन-पाठन के संदर्भ में कई अनियमित का उजगार किया। वही इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्या को जल्द से जल्द निदान किया जाएगा।

# श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मना अनंत चतुर्दशी का पर्व



राष्ट्रीय खबर

**हवेली खड़गपुर / मुंगेर** : प्रखंड क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ अनंत चतुर्दशी मनायी गयी। नगर के केशरवानी ठाकुरबाड़ी में पंडित ललन कुमार झा, भारत माता मंदिर में पंडित विजय शंकर झा, प्राचीन काली मंदिर में पंडित मायानंद मिश्र, मारवाड़ी टोला स्थित ठाकुरबाड़ी में पंडित अनंत मिश्रा, साहू ठाकुरबाड़ी में पंडित निरंजन मिश्रा ने अनंत चतुर्दशी की कथा सुनाई, जिसे भक्तों ने श्रवण किया। वहीं दूध दही के क्षीरसागर में कुश से बने अनंत भगवान का मंथन किया। भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाने वाला अनंत पर्व पर पूजा के बाद चौदह गांठ वाले सूत्र को अनंत भगवान का सूत्र मानकर पुरुष श्रद्धालुओं ने दाएं और महिला श्रद्धालुओं ने बाएं बाजू पर धारण किया। मान्यता है कि अनंत के चौदह गांठों में प्रत्येक गांठ एक एक लोक का प्रतीक है। जिसकी रचना भगवान विष्णु ने की है। आचार्यों ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पांडव-कौरवों से जुए में अपना राजपाट हार कर जब जंगल में भटक रहे थे और कई प्रकार के कष्टों को झेल रहे थे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनंत भगवान का व्रत और पूजा करने की सलाह दी थी। इस मौके पर राजीव नागर, रंजन चुन्ना, कैलाश केशरी, रोहित केशरी, कक्कू, राम कुमार सिंह, संजीव कुमार, राकेश चन्द्र सिन्हा, डा. अशोक कुमार केशरी आदि समेत अनेक धमार्नुरागी मौजूद थे।

## आयुष्मान स्वास्थ्य मेला में मरीजों का हुआ निःशुल्क जांच

**कंरगहर (रोहतास)** : प्रखंड पीएचसी अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें नारायण मेडिकल कॉलेज के रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवा वितरित किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अनिल कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश के आलोक में पीएचसी में स्वास्थ्य मेला आयोजित करने के लिए स्थान सुनिश्चित की गई है। जिस मेला में विभिन्न रोगों के 160 मरीजों की जांच कर दवाएं उपलब्ध कराई गई। जबकि 100 आयुष्मान कार्ड धारकों को नारायण मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है। मौके पर चिकित्सकों में डॉक्टर उर्वशी राई, डॉ० संस्कृति, डॉ० मोहित, डॉ० सौरव पांडेय, डॉ० अमित शेखर, डॉ० कुमारी नेहा, डॉ० प्रणय रॉयल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# न्याय नहीं मिलने पर मुखिया पद से इस्तीफा देंगे राजू बैठा

### कार्रवाई नहीं होने से कर्मी लापरवाह एवं आमजन हैं परेशान

### जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद मिला पत्र

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी, पू. च** : गोढ़वा पंचायत के मुखिया राजू बैठा ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी पर दलित समझ कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में करीब दर्जनों बार जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कारवाई की मांग करने के बाद भी उचित कारवाई नही होने से प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अनुराधा ठाकुर का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा कारवाई नही होने से कर्मी लापरवाह और आम जनता परेशान हैं। कर्मियो ने हद तब कर दिया जब पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा था और पंचायत स्तरीय कर्मी 15, अगस्त को झंडोतोलन में भी भाग नही ली। साथ ही 3पत्र की प्रति जो पंचायत कर्मियो के पंचायत आवंटन से संबंधित है उस पत्र को दो माह 13दिन बाद मुझे रिसीव कराया है। आखिर एक पत्र के लिए जिलाधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा तब जाकर मुझे पत्र मिला। बीपीआरओ के इस कुकृत्य से मुझे काफी कठिनाई हुई। बीपीआरओ मुझे दलित मुखिया समझ कर प्रताड़ित करती रहती है और डीपीआरओ उनके बचाव में कागजी खानापूर्ति कर रहे है। जिलाधिकारी अपने स्तर से मामले में संज्ञान लें, अन्यथा पदाधिकारियों की मनमानी से परेशान होकर मुझे इस्तीफा देना पड़ेगा।

# जयंती विशेष : भारत का दिल लता मंगेशकर की आवाज में धड़कता है ...

राष्ट्रीय खबर






**मुंगेर** : बॉलीवुड में फिल्म संगीत के पुरोधा संगीत सम्राट नौशादर ने कहा था भारत का दिल लता मंगेशकर की आवाज में धड़कता है। दिलीप कुमार ने उनकी आवाज को ऐसे प्रकाश पुंज की तरह जगमगाता हुआ बताया जिसकी रोशनी कभी मद्धिम नहीं पड़ेगी। अमिताभ बच्चन ने कहा था कि लताजी की आवाज वह आत्मा है जो सुर रूपी परमात्मा से मिल गई। बड़े गुलाम अली खान ने तो उन्हें सभी उस्तादों की उस्ताद बताया। उक्त महान हस्तियों की धारणा भारतरत्न लता मंगेशकर के बारे में अखिल भारतीय साहित्य परिषद मुंगेर जिला शाखा के अध्यक्ष मधुसूदन आत्मीय ने लता मंगेशकर की जयंती पर शामिल कलाकारों व दर्शकों से बताया। कालजयी लता मंगेशकर व आशा भोंसले के युगल गीत- ' ओ नैना लड़ गए भोले भाले...' पर शुभश्री एवं श्रुतिश्री ने पुष्पांजलि के बाद नृत्य आरंभ कर महान पार्श्वगायिका की याद को ताज किया। फिर फिर श्रुति ने 'उड़ के पवन के संग चलूंगी..' तथा 'पंख होती तो उड़ आती रे..,' गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मोह लिया। शुभश्री ने 'आज फिर जीने की तमन्ना है' तथा 'मों से छल किया जा, हाय रे हाय सैयां बेईमान... ' गीत पर सेमी क्लासिकल नृत्य कर अपनी कला से सबों को मुग्ध कर दिया। इन दोनों के साथ कुछ बच्चियों ने भी 'सागर के पार...' तथा ' आइए बहार को हम बांट लें, जिंदगी में प्यार को हम बांट लें...' समूह गीत पर नृत्य कर जीवन का संदेश दिया। श्री आत्मीय ने कहा कि 14 फरवरी 2001 में प्रभु-कुंज (पेडर रोड स्थित) लताजी के निवास स्थान में मात्र तीन मिनट के साक्षात्कार में लताजी के कोकिल-कंठ से निकली अमृत-वाणी का रसास्वादन कर मैंने स्वयं को धन्य अनुभव किया। तब सुर-साम्राज्ञी ने एक टाइप किया हुआ पत्र में मुझे दिया था। उस समय ऐसा लगा कि इससे बड़ा कोई धन मेरे लिए नहीं है। उस पत्र में मात्र चार पंक्तियां थीं- माननीय श्री मधुसूदन जी, नमस्कार! 'भारतरत्न' के लिए भेजी हुई आप की शुभकामनाओं के लिए बहुत बहुत आभारी हूं। ईश्वर की कृपा माता-पिता, गुरुजनों के आशीर्वाद और समस्त भारतीय जनता के प्रेम के कारण ही मुझे यह यश प्राप्त हुआ है। समारोह का संचालन भावना प्रसाद शिक्षिका कर रही थीं तथा धन्यवाद ज्ञापन बैंककर्मी अनिरुद्ध प्रसाद ने किया।

# राशन में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर पहुंचे बीडीओ ने दिया आवश्यक निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च.** : विभागीय आदेश के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी ने प्रखंड के उत्तरी छपरा बहास पंचायत में चल रही योजनाओं की जांच की। जांच के बाद बीडीओ श्री त्यागी ने बताया कि उत्तरी छपरा बहास पंचायत में जन वितरण प्रणाली दुकानदारो के द्वारा उपभोक्ताओं के बीच राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। जिसके आलोक में पंचायत के कई दूकानदारो के दूकान की जांच की गई। बीडीओ ने बताया कि पंचायत में शौचालय के निर्माण की स्थिति संतोषजनक है। वही पंचायत में बन रहे आवास योजना के तहत कुछ लाभुकों के द्वारा आवास नही बनाए जाने की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच की गई। और जांच में पाया गया कि चार-पांच लाभुकों की जमीन जिसपर आवास योजना के तहत घर बनाना था उस जमीन का नदी के द्वारा कटाव कर लिया गया है। वैसे लाभुकों को अपने आवास बनाने के लिए दुसरे जगह जमीन की व्यवस्था कर उसका कागजात प्रखंड कार्यालय को यथा शीघ्र शौप दे। जिससे उनके आवास निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## धार्मिक भावना को आहत पहुंचाने का मंशा को पुलिस ने किया नाकाम

**भभुआ (कैमूर)** : भभुआ प्रखंड स्थित शिवपुर गांव में बीती रात ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर धार्मिक भावना आहत करने की नाकाम कोशिश की गई। साथ ही गांव में वर्षों से चले आ रहे आपसी सदभाव को भी तोड़ने की कोशिश की गई। सूचना मिलते समय रहते पहुंची पुलिस ने असमजिक तत्वों के इरादों को नाकाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही एसडीपीओ व थानाध्यक्ष भभुआ पुलिस बल के साथ शिवपुर पहुंच कर दोनों समुदाय के बीच मामले को समझा बुझा कर समाप्त किया। जानकारी के अनुसार भभुआ थाना अंतर्गत शिवपुर गांव में ईद मिलादुन्नबी पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्म दिवस के अवसर एक समुदाय के लोगो द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों समेत स्थानीय कब्रिस्तान में झंडे लगा कर सजावट की गई थी।

संपादकीय

## मणिपुर में कठपुतली सरकार है क्या

पूर्वोत्तर का यह राज्य फिर से अशांत हो गया। कई बार लगता है कि राजनीतिक मकसद हासिल करने के लिए यहां भी हिंदू कार्ड खेला जा रहा है, जिस तरह चुनावी माहौल में देश के दूसरे हिस्सों में दंगे होते हैं। अब पांचवें महीने में और अभी भी ऐसा लगता है कि मणिपुर के दुःस्वप्न का कोई अंत नहीं दिख रहा है, जो 3 मई को शुरू हुआ और कुकी-जो समुदाय और मेइतेइस के बीच सबसे खराब रक्तपात का कारण बना। पूरी तरह से तबाही मचाने वाले शुरूआती दिनों के बाद, कुछ समय के लिए शांति की उम्मीदें जगी थीं, लेकिन तलहटी में छिटपुट गोलीबारी से बिना किसी चेतावनी के वे चकनाचूर हो गईं और बमुश्किल ठीक हुए घाव फिर से खुल गए। लेकिन राहत के इन छोटे-छोटे दौरों के दौरान भी, शत्रुता की अंतर्धारा अपरिवर्तित रहती है। युद्धरत समुदायों के नागरिक निकायों ने नाकेबंदी और जवाबी नाकेबंदी कर दी है, जिससे न केवल यात्री यातायात बल्कि माल और वस्तुओं का यातायात भी प्रतिबंधित या समाप्त हो गया है, जिससे जीवन दयनीय हो गया



है, खासकर गरीब वर्गों के लिए जो महंगी कीमतों पर आवश्यक चीजें नहीं खरीद सकते हैं। अंतर्निहित तनावों को देखते हुए, विनाशकारी लपटों को प्रज्वलित करने के लिए इसे केवल एक छोटी सी चिंगारी की आवश्यकता है। इस बीच, यह भी स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार न केवल अनभिज्ञ है, बल्कि स्वायत्त भी नहीं है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट सहयोगी नियमित रूप से हर रणनीति की मंजूरी के लिए नई दिल्ली की ओर दौड़ते रहते हैं, जिससे इस धारणा को बल मिलता है कि राज्य सरकार एक कठपुतली से ज्यादा कुछ नहीं है। अगस्त में केंद्र के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान संसद में केंद्रीय गृह मंत्री के अलावा किसी और ने राज्य सरकार का सुझावात्मक समर्थन भी नहीं किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या मणिपुर में नेतृत्व परिवर्तन या राष्ट्रपति शासन लगाने पर विचार किया जा रहा है, तो उनका जवाब नकारात्मक था, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र के साथ सहयोग कर रही है। इसके अलावा, जो प्रश्न अनुत्तरित है वह यह हैः केंद्र सरकार राज्य में जो भी प्रशासनिक ढांचा पसंद करती है, वह ऐसा क्यों नहीं है? क्या आप संकट को आकार देने और इसे खत्म करने में राज्य सरकार की असमर्थता से परेशान हैं? भारतीय जनता पार्टी शायद इस धारणा को हल्के में ले रही है कि मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में मतदाता हमेशा दिल्ली में सत्ता में रहने वाली पार्टी की ओर झुकते हैं। संघर्ष में 175 लोगों की मौत, 1,118 घायल और 32 लापता होने की आधिकारिक पुष्टि पहले ही हो चुकी है। मृतकों में से 96 अभी भी राज्य के मुर्दाघरों में हैं, उनके शवों पर अभी तक दावा नहीं किया गया है। आगजनी के भी कम से कम 5,172 मामले हुए हैं जिनमें से 4,786 घर, 254 चर्च और 132 मंदिर हैं। अनुमान है कि 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं और समुदाय द्वारा संचालित राहत शिविरों में रह रहे हैं। लगभग 5,000 लूटी गई बंदूकें भी अभी भी दंगाइयों के हाथों में हैं, जिनमें से अधिकांश घाटी क्षेत्रों में पुलिस शस्त्रागारों से ली गई हैं। पहाड़ों में भी हथियार लूटने की घटनाएँ हुईं। दरअसल, पहली डकैती 3 मई को मुख्य पुलिस स्टेशन के सामने चुरचांदपुर में एक लाइसेंसी बंदूक की दुकान से हुई थी, जो कई सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी और दिन के आगजनी हमलों की तस्वीरों के साथ फुटेज को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था। दुकान-मालिक द्वारा दर्ज कराई गई पहली सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि लूटे गए हथियारों में 17 पंप-एक्शन रिपीटर शॉटगन सहित 500 मिश्रित हथियार थे। अगले कुछ दिनों में हर जगह भीड़ द्वारा बंदूक लूटने की घटना देखी गई। यह भी भ्रमित करने वाली बात है कि लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की सघनता के बावजूद सरकार द्वारा कुल क्षेत्र पर प्रभुत्व हासिल नहीं किया जा सका है, जो राज्य पुलिस कांस्टेबलों के साथ मिलकर जमीन पर लगभग एक लाख जोड़ी जूते जोड़ देगा। झड़पें होने पर अग्निशमन अभियानों के अलावा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रत्यक्ष प्रयास नहीं देखा जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है; किसी भी समुदाय-स्तरीय सुलह पहल से पहले खुली शत्रुता का अंत होना चाहिए। क्या फिर कोई बड़ी योजना है? क्या इस संघर्ष को इतना लंबा खिंचने दिया जा रहा है। म्यांमार में अपने शिविरों में मौजूद मैतेई विद्रोहियों को बड़े पैमाने पर लड़ाई में शामिल होने के लिए मजबूर करें ताकि उन्हें घेर लिया जा सके और बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया जा सके, जैसा कि नागा और कुकी विद्रोहियों को किया गया था। लेकिन इससे जुड़ा सवाल यह है कि कठपुतली सरकार अपने स्तर पर इस दिशा में कोई सार्थक पहल कर सकती है या नहीं।

# खाद्य बर्बादी पर जल्द नियंत्रण बेहद आवश्यक

**(अंतर्राष्ट्रीय खाद्य हानि और बबार्दी जागरूकता दिवस विशेष - 29 सितंबर 2023)**



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
स्तंभकार

पृथ्वी पर प्रत्येक सजीव को जीवित रहने के लिए आवश्यक ऊर्जा भोजन द्वारा प्राप्त होती है, बिना भोजन के ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह सकते, परन्तु सभी जीवो में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो अपनी जरूरत पूरी होते ही भोजन को महत्वहीन समझकर व्यर्थ कर देता है। मनुष्य के पास खाद्य सामग्री के रूप में स्वाद अनुसार चयन के लिए विविध व्यंजन का विकल्प है, जिसका वह अपने हिसाब से उपभोग करता है। दुनिया में भारत ऐसा देश है, जहां खाद्य बबार्दी और भूख दोनों बड़ी मात्रा में मौजूद है। हमारे यहां सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अनाज का मोल केवल पैसे से लगाते हैं, जो संपन्न लोग है, वे अपने पसंद अनुरूप भोजन पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो दूसरी तरफ कुपोषितों को पौष्टिक खाना तो दूर, भर पेट अन्न तक नहीं मिलता। भूख सबकी साधारण एक जैसी होती है, फिर भी अनाज का इतना ज्यादा अपव्यय बेहद दुखद है। धरती पर भोजन का दर्जा भगवान के समतुल्य मानकर दुनिया के हर धर्म में विशेष सन्मान दिया है। भोजन का पहला भोग ईश्वर को लगाते हैं, फिर हम भोजन ग्रहण करते है। किसान फसल बुआई से पहले और फसल कटाई पर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद स्वरूप त्यौहार मनाते है। हमारे समाज में अन्नदान को सर्वोपरि माना गया है।

जीवन देनेवाले भोजन को हम जरूरत के बाद अगर कचरे में फेंक देते हैं तो हमारे लिए यह बहुत ही शर्मनाक बात हैं, भोजन प्रकृति द्वारा मनुष्य की कड़ी मेहनत से प्राप्त होता है, इसका मोल उसकी कीमत से परे समझना बहुत जरूरी है। पहले अभिभावक अनाज के हर एक दाने का मोल समझें, फिर अपने बच्चों को भी इसकी अहमियत समझाएं।

अनाज को उगाने से लेकर हमारी थाली तक पहुंचाने में अनेक लोगों का संघर्ष जुड़ा होता है, किसान अनाज को उगाने के लिए दिन-रात खेत में मेहनत करता है, अनेक बार प्राकृतिक आपदा और आर्थिक संकट से किसान जूझता है, इतनी मेहनत के बावजूद भी बहुत बार उनके अनाज को मंडी में योग्य दाम नहीं मिलता। मंडियों में संग्रहण हेतु गोदामों के कमी के चलते अनाज खुले में रखने को मजबूर होते है, बारिश और खराब मौसम से ऐसा अनाज भीगकर सड़ता है। गोदाम के उचित रखरखाव की कमी के कारण हर साल सैकड़ों टन अनाज चूहे खा जाते है, संघर्ष करते हुए अनेक किसान हताश होकर आत्महत्या करते हैं, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में किसानों की आत्महत्याएं ज्यादा दर्ज होती है। हाल ही में संभागीय आयुक्त विभाग की जारी रिपोर्ट अनुसार, मराठवाड़ा क्षेत्र में 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 के बीच 685 किसानों ने आत्महत्या की है, जो हमारे आधुनिक एवं उन्नत कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक बात है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अनुसार, भारत देश में खाने से पहले ही एक-तिहाई अनाज बर्बाद हो जाता है। यूएनईपी खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021 बताती है कि, भारत में घरेलू भोजन की बबार्दी हर दिन 137 ग्राम खाना, सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम है।

खाद्य और कृषि संगठन के अनुमानित आंकड़े अनुसार, भारत में 40% खाना बर्बाद हो जाता है जो एक साल में 92,000 करोड़ रुपये के बराबर होता है, 30 प्रतिशत सब्जियां और फल कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण समाप्त हो जाते है। जब हम भोजन बर्बाद करते हैं, तो हम उसे उगाने, फसल काटने, परिवहन करने और पैकेज करने में लगने वाली सारी ऊर्जा, पानी, श्रम, प्रयास, निवेश और बहुमूल्य संसाधनों को भी बर्बाद कर देते हैं। सीमित संसाधनों का अनावश्यक विनाश होता है, जिससे ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021, दशार्ती हैं कि, 61% खाद्य अपशिष्ट घरों से, 26% खाद्य सेवा से और 13% खुदरा से आता है। दुनिया भर में किसी भी अन्य देश की तुलना में चीन और भारत हर साल अनुमानित 92 मिलियन और 69 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक घरेलू खाद्य अपशिष्ट पैदा करते हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने खुलासा किया था कि पांच वर्षों के दौरान (2016 - 2020) केंद्रीय अन्न भंडार में 25,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न बर्बाद हो गया। लोकसभा में अपने लिखित जवाब में यह भी बताया था कि मार्च 2020 से दिसंबर 2021 के बीच लगभग 3,500 मीट्रिक टन अनाज बर्बाद हो गया। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 में भारत 121 देशों में से 107वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति, 2022 रिपोर्ट के अनुसार, 224.3 मिलियन लोग या भारत की 16 प्रतिशत आबादी अल्पपोषित है, जिनमें से 53 प्रतिशत कुपोषित हैं। सभी के लिए पर्याप्त भोजन होने के बावजूद दुनिया में, 690 मिलियन लोग भूखे सोते हैं, जिनमें भारत के 189.2 मिलियन लोग शामिल हैं। 2019-20 में भारत में 69 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण कुपोषण है।

कुछ दिन पहले मैंने देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के भोजनगृह में भोजन करने के लिए भेट दी, वहां विद्यार्थियों के साथ मैं भोजन कर रहा था, भोजन होने के बाद मैं अपनी थाली उठाकर जब आगे बढ़ा तो मैं सामने का नजारा देखकर स्तब्ध रह गया, अनेक विद्यार्थियों ने थाली भरकर भोजन तो लिया लेकिन स्वाद पसंद ना आने के कारण या किसी अन्य कारण से उन्होंने अपनी थालिया वैसी ही अन्न से भरी हुई छोड़ दी थी, जब मैंने वहां के कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि ऐसा नजारा रोज देखने को मिलता है, जो बहुत ही दुखद है। देश के कोने-कोने से विद्यार्थी पढ़ते आते हैं, सबकी अपनी पसंद और अलग-अलग व्यंजन, स्वाद होता है, परंतु थाली में भोजन लेकर रोज-रोज उसे ऐसा बर्बाद करना कौन-सी शिक्षा हमें सिखाती है? अनाज की असली कीमत केवल एक मेहनतकश इंसान ही समझ सकता है, जिसने भूख की तकलीफ को समझा है, जिया है, वर्ना आज तो कहने को बड़ी-बड़ी बातें सभी करते हैं लेकिन दूसरे तरफ वही लोग घर, समारोह में खाद्य बबार्दी करते नजर आते हैं। भारतीय समारोह में तो खाद्य बबार्दी जगजाहिर है, आखिर कब सुधरेंगे हम? खाना मुफ्त का हो या खरीदा हुआ, हमें अपनी भूख के हिसाब से ही थाली में थोड़ा-थोड़ा भोजन लेना चाहिए, जरूरत के अनुसार ही उपभोग होना चाहिए।

## अतिथि की पहचान

**प्रेरक-प्रसंग**



एक अमीर व्यापारी ने बीरबल को अपने घर खाने पर आमंत्रित किया। वहां पहुंचने पर बीरबल ने घर में बड़ी संख्या में लोगों को देखा। फिर बीरबल व्यापारी से पूछते हैं की ह्लराज्य के आधे लोगों को यहाँ भोजन के लिए आमंत्रित किया गया है क्याह्न। व्यापारी ने बीरबल को कहा की कि ह्लकमरे में सिर्फ एक व्यक्ति के अलावा बाकी सभी मेरे नौकर हैं।
व्यापारी बीरबल से कहता है की क्या आप बता सकते हैं की इन सभी में से अतिथि कौन है ?ह्न उसके बाद बीरबल ने कुछ सोचा और व्यापारी से कमरे में मजाक करने के लिए कहा। एक व्यक्ति को छोड़कर हर कोई व्यापारी के बुरे मजाक पर हंसता है। अब बीरबल समझ जाते हैं की जो नहीं हँसा है वही व्यापारी का अतिथि है क्यूंकि व्यापारी का मजाक बेकार था और नौकर तो मालिक के किसी भी मजाक पर हँसते हैं लेकिन अतिथि नहीं।
व्यापारी पूछता है कि बीरबल ने दूसरे अतिथि को कैसे पहचाना। बीरबल ने माफी मांगते हुए खुलासा किया कि आपका मजाक बेकार था और केवल नौकर ही इस पर हंसे। अतिथि, जो आपका नौकर नहीं था इसलिए वह आपको खुश करने के लिए बाध्य नहीं था, इसलिए अतिथि ने मजाक पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

नजरिया

## जस्टिन ट्रूडो भारत से तनाव के जिम्मेवार



**अवधेश कुमार**
पत्रकार

कनाडा भारत तनाव उस अवस्था में पहुंच गया है जहां से संबंधों का सामान्य होना आसान नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनकी सरकार की हरकतों ने भारत के पास जैसे को तैसा आक्रामक प्रत्युत्तर देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। ट्रूडो? ने हाउस ऑफ कॉमंस में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को कनाडा का सम्मानित नागरिक बताते हुए उसकी हत्या का आरोप भारत पर लगाया उसे कोई सभ्य और स्वाभिमानी देश सहन नहीं कर सकता। निज्जर की 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरी शहर में गुरुद्वारे के बाहर कार सवार दो बंदूकधारियों ने हत्या कर दी थी। ट्रूडो सरकार ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को निष्कासित करने का आदेश सुना दिया। भारत ने कुछ ही घंटे बाद कनाडा उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में बुलाकर एक राजनयिक को निष्कासित करने का आदेश सुनाया। कनाडा सरकार ने अगले दिन एडवाइजरी जारी किया जिसमें कहा गया कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए सतर्क रहें और जाने से बचें।

> **कनाडा ने भारत के साथ मुक्त व्यापार वार्ता रद्द कर दिया। भारत ने कनाडा की वीजा सेवा को रद्द करने की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की जो अभूतपूर्व है।**

वर्तमान भारत इस तरह की उदंडता सहन नहीं कर सकता था और भारतीय नागरिकों खासकर छात्रों युवाओं के लिए एडवाइजरी जारी हुआ कि वहां भारत विरोधी और अलगाववादी हिंसक गतिविधियों को देखते हुए यात्रा करने से बचें, सतर्क रहें। यह भी कि कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग अपने नागरिकों की हर क्षण सहायता करने को तैयार है। कनाडा ने भारत के साथ मुक्त व्यापार वार्ता रद्द कर दिया। भारत ने कनाडा की वीजा सेवा को रद्द करने की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की जो अभूतपूर्व है। किसी कनाडाई को तत्काल भारत का वीजा नहीं मिलेगा।
कोई भी संतुलित ,विवेकशील और समझबूझ वाली सरकार इस तरह वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत जैसे देश के साथ ऐसा व्यवहार करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। ट्रूडो ने कहा कि निज्जर की हत्या और भारत सरकार के एजेंट के बीच संभावित संबंध के ठोस आरोपों की कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां पूरी सक्रियता से जांच कर रही है। उन्होंने अंग्रेजी में क्रेडिबल एविडेंस यानी विश्वास योग्य साक्ष्य मिलने की बात कही। कहा कि कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या में विदेशी सरकार की किसी भी प्रकार की संलिप्तता अस्वीकार्य है और यह हमारी संप्रभुता का उल्लंघन है। भारत द्वारा इसका खंडन स्वाभाविक था। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कनाडा में हिंसा की किसी घटना में भारत की संलिप्तता के आरोप बेतुका और निराधार हैं।भारत ने कितना कड़ा तेवर अपनाया इसका प्रमाण इस पंक्ति से मिलता है कि इस प्रकार के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है जिन्हें कनाडा में प्रश्रय दिया जाता है और जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं।
यही सच है। कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों , समर्थकों और चरमपंथियों को भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जितनी स्वतंत्रता और सहयोग प्राप्त है वैसा पाकिस्तान के अलावा कहीं नहीं। कनाडा के नेता खालिस्तानी तत्वों के प्रति खुलेआम सहानुभूति जताते हैं।

जानकारी

## लाल किला



मुगल वास्तुकला द्वारा लाल बलुआ पत्थर से बना सुंदर किला, यात्रियों को आकर्षित करने वाला मुख्य स्थान है। यह बहुत-सी अलग-अलग तरह की जगह का संगम है। आपको इसमें संग्राहलय देखने को भी मिलेगा व पारंपरिक हस्तशिल्प और सजावटी सामान, कृत्रिम गहने आदि इसके मीना बाजार में जगमगाते हुए मिलेंगे। कारीगरों ने इतनी महीनता से इसका हर कोना उकेरा है कि तारीफ किए बिना आपसे रहा नहीं जाएगा। यहाँ आकर आप दिल्ली के फोटो लेकर एक सुंदर नजारा अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। शाम के वक्त यहाँ का लाईट व साउंड शो आपको बेहद पसंद आएगा। यह सबसे प्रसिद्ध दिल्ली पर्यटन स्थल है।

## iPhone 15 Pro के यूजर्स कर रहे ओवरहीटिंग की शिकायत

साइबर दुनिया



नई दिल्लीः दुनिया भर में लोकप्रिय iPhone बनाने वाली अमेरिकी कंपनी अस्त्रस्त्र'ी ने इस महीने की शुरूआत में iPhone 15 सीरीज को लॉन्च किया था। इस सीरीज के iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max के यूजर्स को इन स्मार्टफोन्स में ओवरहीटिंग की समस्या होने की रिपोर्ट मिली है। इसका कारण iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max में नए A17 प्रो चिप का इस्तेमाल होने की अटकलें लगी थी। हालांकि, TF Securities के एनालिस्ट, Ming-Chi Kuo का कहना है कि इन स्मार्टफोन्स में ओवरहीटिंग का कारण इनके इंटरनल डिजाइन में किए गए बदलाव हैं। Medium पर एक पोस्ट में Kuo ने बताया है कि उनके मार्केट सर्वे से पता चला है कि iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max में कथित ओवरहीटिंग की समस्या ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (TSMC) के एडवांस्ड 3 ल्ले नोड से नहीं जुड़ी। इन दोनों स्मार्टफोन्स में TSMC के 3 nm A17 प्रो चिप का इस्तेमाल किया गया है। एपल ने आईफोन 15 सीरीज के अन्य मॉडल्स में A16 बायोनिक चिप दिया है। Kuo का दावा है कि इन स्मार्टफोन्स में ओवरहीटिंग का कारण एपल की ओर से इनके थर्मल डिजाइन में किए गए बदलाव हो सकते हैं। कंपनी ने इन दोनों स्मार्टफोन्स में टाइटेनियम फ्रेम का इस्तेमाल किया है। ऐसी रिपोर्ट है कि iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max के बहुत से यूजर्स को हीटिंग अधिक होने के कारण समस्या हो रही है। इससे टेम्परेचर 46 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है। दक्षिण कोरिया के एक YouTube चैनल ने एक वीडियो पोस्ट कर थर्मल इमेजिंग कैमरा के इस्तेमाल से इन स्मार्टफोन्स में बढ़ते टेम्परेचर को दिखाया है। Kuo का कहना है कि इस समस्या का कुछ समाधान करने के लिए एपल इन स्मार्टफोन्स के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट को जारी कर सकती है। हालांकि, ऐसा करने के लिए कंपनी को इनके प्रोसेसर के परफॉर्मेंस को घटाना पड़ सकता है।

### टॉप ट्वीट



" हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बंगाल में गरीब लोगों के उचित धन के लिए हमारी आवाज दिल्ली में नेताओं के कानों तक पहुंचे। "

**ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



"वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'बरफी' ने रणबीर को न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी ख्याति दिलाई। रणबीर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया।"

**अनुराग बासु**
निर्देशक

संपादक के नाम पत्र

### चीन पैठ बनाने की बना रहा है रणनीति

चीन भारत मे डोरे डालने की कोशिश हरदम करता आ रहा है ।विस्तारवाद की बढ़ती इच्छा और बढ़ती आबादी से परेशान चीन ने पड़ोसी देशों की तरफ नियत बिगाड़ रहा है ।हमेशा सुर्खियों में रहने वाला चीन अमेरिका को मात देने और उससेमुकाबला करने की धारणा रखकर ताइवान पर अपना हक जमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की ठान ली है ।ताइवान की परिधि सीमित है ।वह छोटा देश है ।लेकिन सैन्य क्षमता भरपूर होने की वजह से किसी भी खतरे से को निपटने के लिए तैयार है ।भारत की सरहदों पर दबाव बढ़ाने के बाद भारत की सैन्य ताकत देखकर उसने सेना को वापस लौटा दिया ।भारत मे उसकी एक नही चली ।पाकिस्तान में अपना प्रभाव दिखाकर अब वह अफगानिस्तान में बढ़ता जा रहा है ।इन पड़ोसियों देशो में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए आवास बनाकर गरीबो को सौंपने की रणनीति बनाई है जिसमे श्रीलंकाई नागरिक शामिल है ।श्रीलंका के साथ भारत के राजनयिक संबंध है ।श्री लंका मानवतावादी अभिगम के तहत खराब दिनों में भारत ने मदद भी की है ।जबकि नेपाल और भारत के रिस्ते मजबुत है ।इस संबंध पर चीन ग्रहण लगाना चाहता है ।नेपाल में सांस्कृतिक दखलगिरी करने की चेष्टा कर रहा है ।चीन के प्राचीन ग्रंथों को नेपाली भाषा मे अनुवाद कर नेपाल में बांटने की कोशिश की जा रही है ।यह संस्कृति पर हमला है ।क्योंकि भारत और नेपाल की एक ही संस्कृति है ।चीन की भावना खराब होती जा रही है ।यह पड़ोसियों की मदद कर अपना वर्चस्व स्थापित कर इन देशों की संस्कृति पर हमला करना चाहता है ।जिससे अपना हक जमाया जा सके ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## दो दिवसीय राष्ट्रीय पशु मेला सम्पन्न

**बिक्रमगंज(रोहतास) :** जिला पशुपालन कार्यालय रोहतास के द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय पशु मेला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के काराकाट पंचायत सरकार भवन परिसर में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. दिवाकर प्रसाद, क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन राजेश कुमार चौबे, जिला पशुपालन पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार पाल, अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि मेला का मुख्य उद्देश्य उत्तम नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाकर अच्छे पशुओं को पुरस्कृत कर पशुपालन को बढ़ावा देना है तथा पशुपालकों को तकनिकी ज्ञानवर्धन करना है। डॉ. मेला में आये सभी पशुपालकों एवं अन्य अतिथियों का मेला में भाग लेने हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पितृपक्ष मेला गया की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक : राजस्व मंत्री

## 17 दिवसीय पितृपक्ष मेले का हुआ शुभारंभ, मंत्री-विधायक व कई अधिकारी हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर



**गया :** मोक्ष धाम गया जी में गुरुवार को एक पखवाड़े तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले का शुभारंभ हो गया। स्थानीय विष्णुपद मंदिर प्रांगण में उद्घाटन कर्ता बिहार सरकार के राजस्व मंत्री आलोक मेहता, कृषि मंत्री कुमार सांसद विजय कुमार मांझी,नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार, शेरघाटी विधायक मंजू अग्रवाल, बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी,डीएम डॉ त्यागराजन, सिटी एसपी कुमार हिमांशु,नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, डिप्टी मेयर चिंता देवी जिला परिषद की अध्यक्ष नैना कुमारी उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया इसके उपरांत रामानुजाचार्य मठ के शिष्यों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं शंख ध्वनि के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन सम ने कहा कि बीते दो माह से पितृपक्ष मेले को लेकर सभी व्यापक तैयारियां की जा रही थी ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को आज सुविधा नहीं हो उन्होंने विश्वास दिलाया कि 15 दिनों के दौरान देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश हिंदू,मुस्लिम,सिख, इसाई का देश है, जहां विभिन्न धर्मो के लोग आपसी सौहार्द और वातावरण में निवास करते हैं।यह मेला भारत की संस्कृति और परंपरा का भी घोतक रहा है। जहां पूर्वजों को अलग-अलग तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी यात्री आते हैं। उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार गांधी मैदान में टेंट सिटी का निर्माण कर निशुल्क भोजन की व्यवस्था, घाटों एवं पिंडवेदियों पर साफ सफाई सुरक्षा एवं अवासन की सुविधा दी है। बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया के विकास के लिए कृत संकल्पित है। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 15 दिनों के बाद फल्गु नदी के पश्चिमी किनारे पर सड़क का निर्माण करने की घोषणा करेंगे। इस दोनों पक्ष से यहां की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मेले में सुविधाएं बढ़ा रही हैं। ताकि देश-विदेश से अधिक से अधिक संख्या में तीर्थ यात्री पहुंचे। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जनप्रतिनिधि,जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं पंडा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने किया।

## विधि-विधान पूर्वक लोगों ने किया अनंत पूजन

**गडहनी (भोजपुर):** नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर पुरानी बाजार एवं पथार गांव स्थित मिश्रनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण मे गुरूवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सामुहिक रूप से क्षीरसागर मे शेषशैया पर विराजमान भगवान अनंत की पूजा अर्चना विधि विधान के अनुसार वैद्विक मंत्रोचार के साथ की गई।अनंत पूजा के दौरान सैकड़ों भक्तों ने अनंत भगवान की पूजा अर्चना के साथ कथा श्रवण किया।कथा के दौरान पण्डित अभिमन्यु मिश्र सविता नन्द मिश्र एवं अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने भगवान नारायण के स्वरूपों को विस्तार पूर्वक बताया कि भगवान विष्णु के अनन्त रूप की पूजा अर्चना भाद्रपद मास के चतुर्दशी तिथि को मध्याह्न काल मे व्रतोपवास रखकर की जाती है। अनंत पूजा करने से धन के साथ साथ मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।कथा समाप्ति के पश्चात व्रतधारी श्रद्धालुओ द्वारा समुद्र मंथन कर 14 गांठ के धागो से बनी अनन्त को पुरुष दाहिने एवं महिलाएं बांए हाथ में बांधकर सुख समृद्धि की कामना की तत्पश्चात हवनादि से निवृत्त हो आरती वंदना की गई।पण्डित जी ने कहा कि अनंत चतुर्दशी को लेकर गौ माता की पूजा करना, झूठ नहीं बोलना,अतिथि को सत्कार करना एवं पुरोहित को दान करना फलदायक होता है।इस दौरान व्रतधारी श्रद्धालुओ ने भक्तिमय माहौल के बीच भगवान अनन्त के जयकारे लगाते रहे।

## दो घर में चोरी करते युवकों को पुलिस के हवाले किया गया

**नरकटियागंज:** नगर परिषद नरकटियागंज के शिकारपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज मुहल्ला में बुधवार की देर रात एक घर मे घुसे चोर को गृहस्वामी ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक दिउलिया गांव निवासी मो इमरान बताया गया है। इस बावत में गृहस्वामी शिवगंज निवासी मनोज वर्मा ने शिकारपुर थाना में आवेदन देकर बताया है कि उपर्युक्त दबोचा गया व्यक्ति मनोज वर्मा के घर मे चोरी की नीयत से घुसा, खट खट की आवाज पर गृहस्वामी की नींद खुल गई और गृहस्वामी ने शोर मचाते हुए चोर को पकड़ लिया। तत्पश्चात पुलिस को सूचना देकर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। उधर सलेमपुर गांव में भैस चोरी करते एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी चोर गौनाहा थाना के पिपरा गाव निवासी फकरूद्दीन अली बताया गया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक भैस की चोरी करने के कर्म में ग्रामीणों की नजर आया और गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

## जर्जर उर्दू मध्य विद्यालय को ध्वस्त करने का आदेश पारित, विगत 30 वर्षो से नही हुआ नवनिर्माण

राष्ट्रीय खबर



**कैमूर :** जिला मुख्यालय भभुआ से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर भभुआ-मोहनिया मुख्य पथ के ठीक किनारे पूरबी दिशा में मौजूद उर्दू मध्य विद्यालय बबुरा के जर्जर इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया गया है। बताया जाता है कि विद्यालय के जन कमरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया है वह सैंकड़ो वर्ष का बताया जाता है। जो पूर्ण रूप से जर्जर हो कर किसी बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है। इसका खिड़की व दरवाजा पहले ही नशेड़ियों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। अब केवल खंडहर व जर्जर नुमा कमरों का अवशेष ही दिखाई देता है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक अब्दुल मन्नान ने बताया कि जर्जर हो चुके भवनों के ध्वस्तीकरण की सूचना शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद इसकी लिखित शिकायत विभाग में की गई थी,जिसके आलोक में अधिकारी विद्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया तथा जर्जर जो चुके 3 कमरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग करते हुए कहा कि बच्चों की उपस्थिति के अनुपात में कमरों की संख्या कम है, कमरों के साथ विद्यालय की घेराबंदी कराई जाए ताकि सड़क किनारे होने के कारण बड़ी घटनाओं से टाला जा सके।

## बिहार फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए लोगों हो एकजुट : डॉ0 अनुज

### फाइलेरिया का राज्य सलाहकार ने लिया जायजा

**मरीजों से दवा सेवन संबंधी की पूछताछ**

राष्ट्रीय खबर



**आरा (भोजपुर):** जिले को फाइलेरिया से मुक्त करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ₹एमडीए₹ अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक उम्र के लाभुकों को फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। इस क्रम में अभियान के सफल संचालन की जांच के लिए गुरुवार को राज्यस्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में जाकर एमडीए का जायजा लिया। जिसमें राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय से आए राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत, पिरामल इंडिया के स्टेट हेड डॉ. विकास सिन्हा और पिरामल इंडिया के भोजपुर डीपीओ चंदन कुमार प्रसाद शामिल रहे। टीम ने जिले के चिलहरी और ताराचक गांव का दौरा किया। जहां उन्होंने अभियान के दौरान दवाओं का सेवन कर चुके लाभुकों से एमडीए की जानकारी ली। जिसमें सभी कुछ नियमानुसार पाया गया। साथ ही, उन्होंने आशा कार्यकताओं को ससमय रिपोर्टिंग करने का भी निर्देश दिया। ताकि, एमडीए का अनुश्रवण सही से किया जा सके। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर तक केंद्रीय स्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न गांवों में एमडीए का जायजा लिया। जिसके बाद 28 सितंबर से राज्य स्तरीय टीम ने एमडीएम के सफल संचालन को लेकर दौरा शुरू किया है। बताते चलें कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त अभियान से फाइलेरिया मुक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत लगातार अनुश्रवण व निगरानी की जा रही है। एमडीए सफल संचालन के लिए सबका सहयोग जरूरी :

निरीक्षण के दौरान फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज ने आशा कार्यकताओं से कहा कि बिहार सहित पूरे देश से 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इसे सफल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। स्वास्थ्य समिति के साथ-साथ इस अभियान को सफल बनाने में सहयोगी संस्थानों का भरपुर सहयोग मिल रहा है। जिसके कारण पूर्व की अपेक्षा में लाभुकों में जागरूकता आई है। लोग स्वेच्छा से दवाओं का सेवन कर रहे हैं। जो अच्छे संकेत है। उन्होंने आशा फैसिलिटेटर्स और आशा कार्यकताओं को बताया कि अभियान के दौरान अपने समक्ष ही लाभुकों को दवाओं का सेवन कराएं। यदि किसी घर में पांच लाभुक सदस्य हैं और विजिट के दौरान केवल दो सदस्य ही मौजूद हैं तो आप सिर्फ दो लोगों को ही अपने समक्ष दवाओं का सेवन कराएं। बाकी तीन सदस्यों को दोबारा विजिट कर दवाओं का सेवन कराएं। किसी भी हाल में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक लाभुक आपके सामने ही दवाओं का सेवन करें। उन्हें दवाएं देनी नहीं, खिलानी हैं।

## शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण, पाठ योजना बनाई व अन्य गतिविधियों का हुआ आयोजन

**मोतिहारी पू चं:** डायट में आवासीय प्रशिक्षण मे वर्ग तीन, चार और पांच के शिक्षक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा पाठ योजना निर्माण, सूक्ष्म शिक्षण सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। पांच दिनी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा तीसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों को गणित, पर्यावरण, हिंदी, अंग्रेजी विषय आधारित विषय का दो-दो एमटी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस प्री-टेस्ट एवं अंतिम दिन पोस्ट टेस्ट ऑनलाइन कराए गए। प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता के माध्यम से टीएलएम का निर्माण कर पाठ योजना का समूह प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रत्येक विषय से संबंधित नवाचारों पर भी चर्चा की गई। ग्रुप के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।प्रशिक्षण में एमटी एवं शिक्षकों की सहभागिता रही।समापन अवसर पर समस्त एमटी, प्रभारी बीईओ, प्रशिक्षण प्रभारी, प्रशिक्षण में छौड़ादानों के जनशिक्षक अमरेश कुमार, रामनाथ प्रसाद, नंदु पासवान, अमित प्रियदर्शी, रिजवान आलम, उपेंद्र यादव, राजीव कुमार, तबरेज आलम, सेराज आलम, रिमा कुमारी, गायत्री कुमारी, पुजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रेनु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई

राष्ट्रीय खबर




**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिसवा में केयर एवं सपोर्ट की मासिक बैठक में टीबी रोगियों को पोषण पोटली दी गई। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.लुकमान ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार दें। जिससे उनसे भावनात्मक जुड़ाव हो सके, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित कुमार ने बताया कि टीबी रोगियों को दवा के साथ प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार देने से रोगी शीघ्र स्वस्थ हो जाते हैं तथा केएचपीटी के सामुदायिक समन्वयक डॉ घनश्याम ने बताया कि सामुदायिक जागरुकता से ही टीबी को समाप्त कर सकते है। टीबी चैंपियन मो.रहमान ने अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में टीबी के नये रोगियों को नियमित दवा सेवन में सहायता के लिए टीबी कैलेंडर दिया गया। बैठक में सीएचओं प्रियंका प्रियदर्शिनी, एएनएम सुनीला कुमारी, रोहित कुमार व दर्जनों रोगी तथा उनके देखभाल करने वाले (केयर पर्सन) उपस्थित रहे।

## बिहार प्रदेश युवा जनता दल यू का प्रदेश महासचिव मनोनीत

**बिक्रमगंज(रोहतास) :** युवा जनता दल यू बिहार प्रदेश का सचिव का दाइत्व कुश पाण्डेय को दिया गया। युवा नेता सह युवाओं के उभरते सितारे कुश पांडे को प्रदेश महासचिव मनोनीत करने पर काराकाट विधानसभा में खुशी की लहर है। हर्ष व्यक्त करने वालों में जिला पार्षद लाली सिंह, मुखिया अनिल सिंह, पैक्स अध्यक्ष शिवराज राम, विवेकानंद पांडे, पूर्व मुखिया अशोक सिंह, कौशलेंद्र मिश्र दशरथ राय शामिल थे।

## करंट युक्त बिजली के पोल से भय का माहौल, खबर के बाद भी विभाग बेखबर

**रामगढ़वा, पू.च. :** प्रखण्ड के बहुअरी रोड मोड़ स्थित बिजली पोल में विगत कई दिनों से करंट आ जा रहा है, जिससे पोल के पास के घास जल चुके हैं। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार बैल और कई जानवर इसके चपेट में आ कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। इसकी सूचना लोगों ने जेई मो. गालिब को फोन पर दी। बावजूद इसके आज भी हालात वहीं है। शायद विभाग किसी बड़ी घटना होने का बाट जोह रहा है। लोगों का आरोप है कि जेई सिर्फ सांत्वना देते हैं।

## विधायक ने महादलित ग्रामीणों के साथ किया भोजन

**कटिहार/कोढ़ा :** विधानसभा के कोलासी मंडल अंतर्गत दिघरी शक्ति केंद्र के वार्ड नंबर 2 महादलित टोला में स्थानीय विधायक कविता पासवान एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने महादलित ग्रामीणों के साथ भोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। मौके पर कोलासी मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी बबन झा, मंडल महामंत्री सरदार मनजीत सिंह, धमानंद मंडल, सह प्रमुख मिथिलेश शर्मा, उपाध्यक्ष अमरेंद्र झा, मिथलेश गुप्ता, बिंदु चौहान सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिघरी महादलित टोला का भ्रमण किया। जहां ग्रामीणों ने विधायक को कई समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें राशन कार्ड, नाला एवं शौचालय प्रमुख थे।

## शराब साथ दो कारोबारी गिरफ्तार, जेल

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** नासरीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर विभिन्न कंपनी का 22.5 लीटर विदेशी शराब किया बरामद , मामले में पुलिस ने दो कारोबारी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा निवासी जय नारायण प्रसाद एवं नावाडीह निवासी रविंद्र प्रसाद को रंगे हाथों पुलिस ने 22.5 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों कारोबारियों को उक्त स्थल से गिरफ्तार कर दोनों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया। साथ ही पुलिस ने मकान मालिक के विरुद्ध भी नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

## मध्यान भोजन का चावल बेचने के मामले में प्रधानाध्यापक पर अधिकारी मेहरबान

**बिक्रमगंज/रोहतास :** जिले का काराकाट प्रखंड काफी दिनों से अपने नए-नए कारनामों से काफी सुर्खियां बटोर रहा है। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकिसील का है। जहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम के द्वारा दिन में सरेआम बाइक सवार को मध्यान भोजन का चावल बेचने से संबंधित सोशल मीडिया पर काफी तेजी से चावल बेचने का वीडियो और फोटो वायरल होने लगा। जिसको लेकर काफी दिनों तक संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकसिल काराकाट प्रखंड ही नहीं बल्कि पूरे जिले में एक अलग अंदाज में अपना सुर्खियां बटोरता रहा। आपको बता दे की जब सोशल मीडिया पर चावल बेचने का वीडियो और फोटो तेजी से वायरल होना शुरू किया तो जिले के अधिकारियों की नींद खुली और प्रधानाध्यापक मुनीर आलम की करतूत देख उनके होश उड़ गए। शिक्षा विभाग के जिला के वरीय पदाधिकारी विभाग की प्रतिष्ठा को बचाने के उद्देश्य से चावल बेचने वाले प्रधानाध्यापक मुनीर आलम पर एक स्पष्टीकरण व एमडीएम प्रभारी के द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मात्र खानापूर्ति ही किया गया। जबकि चावल बेचने से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य रहते हुए भी प्रखंड व जिले के पदाधिकारी के द्वारा आज तक ऐसे भ्रष्ट प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित नही किया गया। भ्रष्ट प्रधानाध्यापक मुनीर आलम को संरक्षण देने में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलामुद्दीन व जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार का हाथ होना प्रतीत होता है। उक्त बातें स्थानीय लोगों ने कही।

## शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण, पाठ योजना बनाई व अन्य गतिविधियों का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू चं:** डायट में आवासीय प्रशिक्षण मे वर्ग तीन, चार और पांच के शिक्षक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा पाठ योजना निर्माण, सूक्ष्म शिक्षण सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। पांच दिनी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा तीसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों को गणित, पर्यावरण, हिंदी, अंग्रेजी विषय आधारित विषय का दो-दो एमटी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस प्री-टेस्ट एवं अंतिम दिन पोस्ट टेस्ट ऑनलाइन कराए गए। प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता के माध्यम से टीएलएम का निर्माण कर पाठ योजना का समूह प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रत्येक विषय से संबंधित नवाचारों पर भी चर्चा की गई। ग्रुप के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।प्रशिक्षण में एमटी एवं शिक्षकों की सहभागिता रही।समापन अवसर पर समस्त एमटी, प्रभारी बीईओ, प्रशिक्षण प्रभारी, प्रशिक्षण में छौड़ादानों के जनशिक्षक अमरेश कुमार, रामनाथ प्रसाद, नंदु पासवान, अमित प्रियदर्शी, रिजवान आलम, उपेंद्र यादव, राजीव कुमार, तबरेज आलम, सेराज आलम, रिमा कुमारी, गायत्री कुमारी, पुजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रेनु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बेतिया :** समकालीन अभियान अंतर्गत पुलिस ने रामनगर बैरिया गांव से बाईक व शराब समेत दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में जागा पाकड़ हरसिद्धि के नंदकिशोर शर्मा और श्यामपुर कोतराहां निवासी कुन्दन कुमार शामिल बताए गए हैं। गिरफ्तार लोग उत्तर प्रदेश से शराब का खेप बाइक से लेकर मोतिहारी लेकर जाने के क्रम में नौतन थानाध्यक्ष खालिद अख्तर की गिरफ्त में आ गये। खालिद अख्तर ने बताया कि शराबबंदी कानून को सफल बनाने तथा शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रयासरत है। इसी कड़ी में बुधवार की संध्या पुलिस की समकालीन अभियान में रामनगर बैरिया से पुलिस ने दोनों व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने एक बाईक, रॉयल स्टॉग के 22 पीस और एटपीएम फ्रुटी के 40 पीस बरामद किया हैं। श्री अख्तर ने बताया कि पुछताछ के बाद पुलिस कार्रवाई में लगी हुई है।

## अखिल भारतीयवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय सभा का आयोजन

**शिवसागर (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र के बेरूकही गांव में अखिल भारतीयवर्षीय चंद्रवंशी क्षेत्रीय महासभा के जिला प्रभारी प्रेम प्रकाश सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें बेरूकही गांव में शिवसागर प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह चंद्रवंशी को बनाया गया के सभी मुख्य बुजुर्ग एवं युवा साथी सम्मिलित हुए आये अतिथियों को सह्रदय फूल माला से देकर सम्मानित किया गया। इस सभा में पटना में होने वाले चक्रवर्ती मगध सम्राट जरासंधजी महाराज के जयंती अवसर पर समाज के लोगों को आने के नेवता दिया गया। मौके पर प्रेम प्रकाश सिंह चंद्रवंशी, अधिवक्ता संजय चंद्रवंशी, अधिवक्ता अनिल कुमार, अरुण कुमार, पुनु चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया/ बैरिया :** थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बैरिया थानाध्यक्ष पुनि प्रणय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मनोहर प्रसाद फुलियाखांड़ का निवासी है। पुलिस ने सूचना पर बबली बंटी शराब लेकर वह फुलियाखांड़ के रास्ते युवक शराब लेकर जाने वाला है। उसके बाद पुलिस ने छापामारी कर शराब के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो लीटर बबली बंटी शराब बरामद किया। शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस ने न्यायालय को सौंप दिया है।

## एचएम पर लगा मनमाने तरीके से काम कराने का आरोप

**सुगौली, पू.च. :** नप के मुख्य बाजार रोड स्थित दीनदयाल बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कार्यशैली पर भूमिदाता बाबा जयराम दास के शिष्य मठाधीश महंत बाबा मनीष दास ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इस विधालय का कमिटी का सदस्य होने के बावजूद भी आज तक हमें प्रधानाध्यापक के द्वारा किसी बैठक की हमें कोई जानकारी नही दी जाती। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक तीन वर्षों से मनमाने तरीके से काम करते आ रहें है। एक दिन मैं अचानक विधालय पहुंचा तो मैने देखा कि फर्नीचर का काम हो रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत पुराने लकड़ी का उपयोग किया जा रहा था। इस बच्चों के अभिभवकों ने भी प्रधानाध्यापक पर कई गंभीर आरोप लगाए। इस संदर्भ में पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक समीउल हक ने बताया कि अपर मुख्य सचिव के आदेशानुसार फर्नीचर का रिपेयरिंग किया जा रहा है। जल्द एक कमिटि की बैठक की जाएगी और सभी कमिटि के सदस्यों को इस बैठक में बुलवाया जाएगा।

## जिंगना में आगलगी से लाखों रुपये की क्षति, चार पशु राख



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया/ मैनाटांड़ :** प्रखण्ड अंतर्गत मानपुर थाना क्षेत्र के जिंगना गांव में बुधवार की देर रात आगलगी की घटना में घर में रखे लाखों रुपयें की संपत्ति जलकर राख हो गयी। इस क्रम में चार बकरियां जल मरी, जबकि एक भैंस गंभीर रुप से झूलस गयी है। सूत्र बताते हैं कि जिंगना गांव निवासी सुभाष सहनी के घर में पशुओं के लिए जलाये गये अलाव (घूर) से उड़ी चिंगारी आग में बदल गईं और आगलगी तो लोग गहरी नींद में सो रहे, संयोग अच्छा रहा कि मानपुर पुलिस उस समय गस्ती पर देखी गई। मानपुर पुलिस को आग की लपटें दिखाई दी। पुलिस ने तुरंत जाकर लोगों को जगाया और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। उस दौरान आग से सुभाष सहनी के घर में रखे लाखों रुपए की संपत्ति, चार बकरियां जलकर मर गयी, एक भैंस गंभीर रुप से झुलस गयी है, जिसकी चिकित्सा की जा रही है।

प्रदेश >> अपडेट

### अवैध शराब अड्डे को पुलिस ने किया ध्वस्त

**पलामू :** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती भांवर तथा मंगरदाहा गांव में पथरा ओपी पुलिस के सहयोग से उत्पाद विभाग ने कार्रवाई कर छह अवैध देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस व उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध देशी शराब भट्ठी चलाई जा रही है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सीएचसी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**पलामू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस संबंध में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि मेले में विभिन्न रोगों के 304 मरीजों का ईलाज किया गया। वहीं 40 वर्ष से ऊपर के कई लोगों की बीपी और शुगर जाँच की गई। जबकि सर्वर डाउन रहने के कारण ग्रामीण आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा सका। उन्होंने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल गौरव, नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चंदन राय के अलावे डॉक्टर गोपाल प्रसाद, डॉक्टर देवेंद्र, डॉक्टर अनिल के साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मी और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मदरसा में फातेहा खानी का आयोजन

**पाकुड़ :** ईद मिलादुन नबी के मोबारक मौके पर मंसूरी टोला स्थित मदरसा अहलेसुन्नत गौसिया अशरफिया में देग फातेहा की गई और शीरनी का बितरण किया गया फातेहा खानी से पहले मदरसा परिसर में मौलाना मो रियाज अशरफी ने नबी के शान में नातिया कलाम पढ़ी साथ ही नबी पर सलातो सलाम पढ़ा ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### छत तोड़कर लाखों के जेवरात की चोरी

**पाकुड़ :** नगरथाना क्षेत्र के बलिहारपुर में अभिजीत दास के घर में छत का दरवाजा तोड़कर चोरों ने लाखो रुपए का सोना चांदी का ज्वेलरी नगद लेकर फरार हो गया घर मालिक जब सुबह उठे तो देखा की तो अलमीरा तोड़ कर सारा समान चोरों ने उड़ा लिया तव इधर उधर दिखा तो छत का दरवाजा तोड़ा हुआ है आसपास के लोग इकट्ठा होकर खोजवीन शुरू किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया तो चोर की फुटेज कैद है पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर कारवाई शुरू कर दिया है सीसीटीवी फुटेज के निशानदेही पर पुलिस एक को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर आगे की कारवाई में जुट गए है।

### दो बाइक की टक्कर में चालक जख्मी

**महेशपुर (पाकुड़) :** महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य सड़क के सीलमपुर गांव स्थित एफसीआई चावल गोदाम के पास गुरुवार को दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में बाइक चालक सीलमपुर गांव के 19 वर्षीय छोटु शेख एवं पश्चिम बंगाल के दुलंदी गांव निवासी 19 वर्षीय राणा शेख गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद छोटू शेख के स्वजन उसे इलाज के लिए बाहर लेकर चले गए। जबकि घटना में जख्मी दुसरा युवक राणा शेख को स्थानीय लोगों ने प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर पहुंचाया। जहां डॉ. अंजनी कुमार भगत ने स्वास्थ्य कर्मी अजय कुमार के साथ मिलकर उसका प्राथमिक उपचार किया। राणा शेख के सिर, बाएं हाथ व बाएं पैर में लगी चोट की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना के बावत मिली जानकारी के अनुसार राणा शेख अपनी बाइक से सिलमपुर की ओर से महेशपुर की ओर आ रहा था।

---

**कार्यक्रम** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नशा उन्मूलन कार्यक्रम में बोले पीडीजे

# नशा का प्रभाव व्यक्ति के साथ समाज पर भी पड़ता है

- जब नशीले पदार्थों का उपज नही होगा तो क्षेत्र नशा मुक्त स्वतः हो जाएगा
- आज अन्नदाता किसान नशीले पदार्थ के बीज दाता हो गए हैं




**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगरः** नशा का प्रभाव ब्यक्ति पर ही नही बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही।वे गुरुवार को सदर प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित नशीली पदार्थ का दुरुपयोग व उन्मूलन बिषय पर जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे ने ग्रामीणों से द्वीप प्रज्वलित कर कराया।उन्होंने कहा कि खेती करने वाले अन्नदाता अगर जागरूक हो जाये तो नशीले पदार्थों का उपज नही हो पायेगा।जब नशीले पदार्थों का उपज नही होगा तो क्षेत्र नशा मुक्त स्वतः हो जाएगा।परन्तु यह बिडम्बना हैं कि आज अन्नदाता किसान नशीले पदार्थ के बीज दाता हो गए हैं । उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में पोस्ते की खेती होता है उसको रोकने की जरूरत है। क्योंकि ड्रग्स उसी से बनता है। नशा मुक्त क्षेत्र हो यह सभी लोगों की जवाब देही है ।उन्होंने कहा कि पोस्ते,गांजा अफीम आदि की खेती से समाज मे नशेड़ियों की संख्या बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव से ही रॉ मेटेरियल मिलता है ।उसी रॉ मेटेरियल से ड्रग्स तैयार किया जाता है।उन्होंने कहा कि जब आप खेती रोक देंगे तो ड्रग्स बनेगा नहीं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स बेचने वाले का गिरोह शामिल होता है ।जो गांव के गरीब ,नौनिहालों को पैसे कि लालच देकर गलत कराता है।ऐसे लोगो से सावधान रहने की जरूरत है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि नशेड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी यह चिंता का विषय है।

नशा खोरी से घर की स्थिति बिगड़ जाता है। आर्थिक तंगी आता है ।और लोग क्रिमिनल बन जाते हैं ।व गलत रास्ते चुन लेते हैं।उन्होंने बच्चों को नशाखोरी से दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत बताई ।उन्होंने कहा की संगत से भी लोग नशा के आदी हो जाते हैं और गलत संगति के चक्कर में पड़कर अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं ।उन्होंने कहा कि मस्तिष्क पर नियंत्रण नशा के कारण नहीं रहता है। नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशे का उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत ने धनबाद ज्ञापन किया। मौके पर प्रमुख बसंती देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह,सरजा मुखिया अलका कुमारी, कौड़िया मुखिया रंजना सिंह ,लहल्हे मुखिया पूनम देवी,झाबर मुखिया कविता देवी,सुआ मुखिया दुलारी देवी,जमुने मुखिया लालदेव राम,उपाध्याय सिंह ,आनंद कुमार,अजित सिंह,संगीता देवी,उर्मिला देवी,गीता देवी,अनिता देवी,मालती देवी,संगीता देवी,पूनम देवी,किरण देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।बॉक्स प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर पलामू में शुक्रवार से ही नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी ।इस आशय की जानकारी सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने दी ।उन्होंने शिविर में ही बताया कि केंद्र में मनो चिकित्सक डॉक्टर आशीष कुमार के अलावा काउंसलर रहेंगे जो नशेड़ियों का देखभाल व इलाज करेंगे ।उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए पलामू रॉल मॉडल बनेगा ।इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे ।ग्रामीणों में पीडीजे के समक्ष क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व नशेड़ियों से हो रहे समाज को नुकसान की भी जानकारी दी।

---

कामडारा बसिया रोड पर गिरकर

## बाइक सवार एक युवक हुआ घायल



**राष्ट्रीय खबर**

**गुमलाः** गुमला जिला के कामडारा बसिया रोड में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर बुधवार की शाम गिरकर घायल हो गया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जंहा चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है घायल युवक बाइक से घर जा रहा था उसी समय घटना हुवी,जिसमे सर में गम्भीर चोट लगी है, वहीं घायल युवक की शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी।

## मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर निकला मोहम्मदी जुलूस



**राष्ट्रीय खबर**

**चंदवाः** पैंगम्बर मोहम्मद रसुलल्लाह सलल्लाह अलैह व सल्लम के जन्मदिन पर शुक्रबजार, कामता, बेलवाही, परसाही से जुलूस निकाला गया जो कामता चेकनाका, हरैया मोड़, सुभाष चौंक, मुख्य शहर, थाना, इंदिरा गांधी चौंक होते हुए बस स्टैंड पहुंचा, यहां मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया, इसका आगाज मौलाना मोहम्मद ज्याउल रिजवी ने कुर्आन पाक की तिलावत ए कलाम से की। हाफिज शेर मोहम्मद, मौलाना अताउल रहमान, मुफ्ती अब्दुल मन्नान कलामी, हाफिज वसीम मिस्बाही, मोहम्मद इजहारूल बारी नईमी ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपनी शिक्षाओं में परस्पर प्रेम, गरीबों की मदद को प्रमुखता दी है। उनकी सीख को जीवन में अपनाना चाहिए। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर उनके द्वारा इंसानियत के पैगाम एवं मोहब्बत की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने बहुत ही पाक पैगाम दुनिया को दिये और सारे आलम के लिए रहमत बनाकर आए। उन्होंने कुरान शरीफ, सुन्नत और हदीस पर आधारित एक ऐसे धर्म की शुरूआत की जिनमें पहली बार सारे इंसानों को बराबरी का दर्जा प्राप्त हुआ।

## आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए महिलाओं का चौथा आमसभा सह प्रशिक्षण संपन्न

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमलाः** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार जोहार परियोजना अंतर्गत गठित गुमला रायडीह एग्री प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आत्म निर्भरता को बढ़ावा देने व महिलाओं द्वारा संचालित किसान उत्पादन कंपनी (एफ.पी.सी) के तहत गुमला में दिनांक-27/09/2023 स्थान- टाउन हॉल गुमला में चतुर्थ वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया । गुमला जिले के गुमला सदर, रायडीह, और घाघरा प्रखंड के 15000 किसान सदस्यों को मिला कर गुमला रायडीह एग्री प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया है. ये सभी महिला किसान इस किसान उत्पादक कंपनी की अंशधारक बन चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एवम अतिथि श्री शैलेन्द्र जारिका ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक (जे एस एल पी एस), नीरज कुमार, कार्यक्रम समन्वयक (एरिगेशन जोहार दिवाकर कुमार कार्यक्रम समन्वयक (एनटीएफपी जोहार) (जोहार)- बिमलेंदु सिंह एवं जेएसएलपीएल जिला एवं ब्लॉक के अन्य पधाधिकारी एवं उत्पादक कंपनी के सीईओ, बोर्ड डायरेक्टर्स और स्टाफ एवम शेयर धारक मौजूद रहे ।कार्यक्रम के दौरान दीदियों ने बताया की कम्पनी ने अभी तक 5 करोड़ का व्यापार किया है। इस वित्तीय वर्ष में 2.5 करोड़ का लक्ष्य रखा गया। कम्पनी के माध्यम से 2 जोहार एग्री मार्ट एवम 2 मदर यूनिट( चूजा पालन) का संचालन किया जा रहा हैं, एग्री मार्ट में किसान के जरूरतों का खयाल रखते हुए कृषि संबंधित सभी सामग्री उचित गुणवत्ता एवं उचित दर पे उपलब्ध करवाया जा रहा है ।

## मानवता का प्रतीक हजरत मुहम्मद साहब की जयंती पर भव्य जुलूस निकाला गया



**राष्ट्रीय खबर**

**भरनो :** मानवता का प्रतीक हजरत मुहम्मद साहब की जयंती पर भव्य जुलूस निकाला गया जिसमे भाईचारगी और एकता को प्रस्तुत किया गया ।जुलूस समापन में प्रशासनिक सहयोग भरसक रहा जिसमे मुख्य रूप से इंस्पेक्टर श्यामनंद सिंह मंडल,भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी अपने दलबल के साथ शुरू से अंतिम तक मुजूद रहे, उन्हें परसा अंजुमन के हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों के समक्ष इमाम वली मोहम्मद के द्वारा ताज पोशी भी किया गया।

---

**हादसा** सिंदो कांन्हू इग्लीश मिडियम स्कूल के छात्रावास की घटना

# भोजन में छिपकली गिरी, सौ से अधिक बच्चो बीमार

- आनंद फानन में बच्चों को करवाया गया अस्पताल में भर्ती
- 93 बच्चों का रामपुरहाट में भर्ती करवाया गया
- 43 बच्चों को पाकुड़िया में चल रहा इलाज



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के नलहट्टी रोड पर स्थित सिंदो कांन्हू इग्लीश मिडियम स्कूल छात्रावास में रह रहे 100 बच्चें विशाख्त भोजन खाने से दस्त उल्टी समेत कई समस्या शुरू होने के पश्चात सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया । दरअसल विति रात स्कूल के छात्रावास में भोजन बनाने के दौरान भोजन में छिपकली गीर गया था और और छिपकली गिरी हूई भोजन सभी बच्चे खा लिए । एक घंटे के अंदर सभी बच्चे की तबियत बिगड़ने लगी जिसे आनन फानन में शिक्षको ने 93 बच्चों को पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट अस्पताल मे भर्ती कराया गया वही 43 से अधिक बच्चो को पाकुडिया अस्पताल में भर्ती कराई गई। उधर घटना की सूचना मिलते सिविल सर्जन पाकुडिया अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचे। सिविल सर्जन डॉ.मंटू टेकरीवाल , डॉ भारतभूषण ,डॉ सुनिल किस्कू समेत कई डॉक्टर की टीम अस्पताल पहुच कर सभी बच्चो का इलाज किया।

मौके बीडीओ मनोज कुमार, थानेदार अभिषेक राय समेत कई पदाधिकारी मौजूद। उधर इसकी सूचना मिलते ही सिविल सर्जन मन्टु कुमार टेकरीवाल, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद आदी प्रशासन अस्पताल पहुंचकर बीमार बच्चों की हाल चाल जाना। समाचार लिखे जाने तक पाकुड़िया अस्पताल से एवं रामपुरहाट अस्पताल से सभी बच्चों एंबुलेंस द्वारा वापस लाया गया।

---

न्यूज फटाफट

### सुभाष मिश्रा बने नवयुवक संघ केअध्यक्ष



**पलामू :** छत्तरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के खाटिन मुहल्ला के देवी मंडप के प्रांगण में बुधवार को जितेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में नवयुवक संघ की बैठक आयोजित की गई जिसका संचालन श्यामनन्द मिश्रा ने किया कमिटी ने हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है पूजा के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाय पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी के चयन किया गया कमिटी ने मनोज कुमार मिश्रा के निर्देशन में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है कमिटी में चंचल ठाकुर, राजेश मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, मनोज पासवान, मुकेश गुप्ता को संरक्षक बनाया गया वहीं चौथी बार अध्यक्ष बने नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष सुभाष कुमार मिश्रा (बुल बाबा) उपाध्यक्ष बबलू चौरसिया, सचिव अनमोल मिश्रा, उप सचिव सुनील दास, कोषाध्यक्ष श्यामानंद मिश्रा,उप कोषाध्यक्ष पंकज कुमार चौरसिया, महामंत्री हिमांशु चौरसिया, उप महामंत्री अमित ठाकुर, संचालक अनिल कुमार पासवान, उपसंचालक गौतम ठाकुर, पंडाल प्रमुख टिंकू ठाकुर एवं संजय मिश्रा इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी पहाड़ी बाबा ने दी।

### संकट मोचन मंदिर में अनंत चतुर्दशी व्रत हुआ संपन्न

**मेदिनीनगर :** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री संकट मोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को अनंत चतुर्दशी व्रत का त्योहार धूमधाम से मनाई गई। मंदिर पुजारी सह पुरोहित वीरेंद्र पांडे उर्फ मुन्ना पांडे अनंत चतुर्दशी व्रत का कथा श्रद्धालुओं को श्रवन कराया गया साथ ही कच्चे दूध दही से बने पंचामृत में रेशम धागा से बने 14 गांठ वाले अनंत खीरा में लपेटकर पंचामृत में मंथन कराया गया ।पुरोहित द्वारा कहा गया कि कया मथह, श्रद्धालुओं ने बोला सिक समुद्र ,का खोजह अनंत गोसाई,माथे चढ़वा। विद्विवत पुर्जा अर्चना के बाद सामूहिक आरती संग्रह कर का समापन की गई। श्रद्धालुओं द्वारा पुरोहित को पकवान सहित दान दक्षिणा भी दी गई।मौके पर परमहंस अग्रवाल, बबलू पांडे,दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष भगवान प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, विजयसरण गुप्ता,नरेश गुप्ता, विकास जयसवाल, धनंजय कुमार, निखिल कुमार, सुशांत राज सहित सैकड़ो मौजूद थे।

### हुसैनाबाद में बड़े पैमाने पर हो रही है राशन की कालाबाजारी : कर्नल संजय

**पलामू :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से राशन गबन का मामला लागातार प्रकाश में आ रही है। ताजा मामला हुसैनाबाद प्रखंड के उपरी कला पंचायत का है जिसकी खुलासा किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपरी कला पंचायत के शिव मंदिर के प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित पुरुष और महिला उपभोक्ताओं ने किसान ब्रिगेड को बताया कि हम लोगों को पीछले तीन महीने का राशन नहीं मिला है और डीलर द्वारा खाद सुरक्षा के राशन को गबन कर दिया जा रहा है ।कर्नल संजय सिंह ने बताया कि राशन डीलर द्वारा पिछले कई माह से खाद सुरक्षा में बंटने वाले राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है .डीलर द्वारा पॉश मशीन से पर्ची निकाल दिया जाता है और अगले महीने देने की बात कहकर उपभोक्ताओं को वहां से लौटा दिया जाता है तथा गरीबों के हक के राशन को मिली भगत के चलते बाजार में बेच दिया जाता है। उन्होंने बताया की विधानसभा क्षेत्र के 90 प्रतिशत ग्रामीण उपभोक्ताओं को खाद सुरक्षा में बंटने वाले राशन वितरण समय पर नहीं किया जा रहा है। इस मामले को उन्होंने शोशल मिडिया के माध्यम से भी उठाया है और पलामू आयुक्त सहित जिला खाद आपूर्ति विभाग को पत्र लेकर राशन कालाबाजारी में शामिल लोगों का विरुद्ध कार्रवाई करने तथा गरीबों को बकाया राशन दिलवाने की मांग की है।

### पैगंबर मुहम्मद सारी दुनिया के लिए रहमतः अजहर

**मेदिनीनगर :** नावा जयपुर पैगंबर मुहम्मद सललल्लाहु अलैहि वसल्लम सारी दुनिया के लिए रहमत हैं। उन्होंने एक अल्लाह में आस्था, प्रेम, भाईचारा, बुरे कर्मों से तौबा, नेक अमल को जीवन में उतारने आदि का संदेश दिया। उक्त बातें शायर एम.जे.अजहर ने अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन के जुलूस ए मुहम्मदी के मुख्य समारोह नावा जयपुर में कही। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि पैगंबर मुहम्मद के आदर्श को जीवन में अपनाएं।नावा खास के मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब के मार्ग पर चलकर भारत और भी अधिक खुशहाल होगा और तरक्की करेगा। सामाजिक दृष्टि से सभी महापुरुष हमारे आदरणीय और प्रेरणा स्रोत हैं। उनमें हजरत मुहम्मद भी एक हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान हम मिल- बैठकर करें।पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, थाना प्रभारी संजय कुमार रजक, मौलाना सद्दाम हुसैन परवाज, हाफिज असगर पालमुवी, मोहम्मद नूर ने भी पैगंबर मुहम्मद के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके बताएं मार्ग पर चलने को आह्वान किया।जुलूस ए मुहम्मदी का नेतृत्व एमजे अजहर, हुमायूं कबीर, यार मोहम्मद,हाजी बदरुद्दीन अहमद, डॉ सिराजुद्दीन अंसारी, सरवर हुसैन ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर हाजी अब्दुस्सत्तार अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, नसीरूद्दीन अंसारी, अब्दुल गफूर अंसारी, ताज मोहम्मद अंसारी, मो.जैनुल आबेदीन,मंसूर अहमद, जफरुद्दीन खलीफा, बूअली कलंदर, इद्रीस सिद्दीकी,जफीर खान, सिद्दीक अंसारी,हय्यूम खलीफा,अलीमुद्दीन सिद्दीकी,मंजूर अहमद,औरंगजेब अंसारी,मसरूर अहमद सहित सैकड़ो लोग जुलूस में शामिल थे।

### मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष से मिलकर मजदूरों की समस्या पर की गई चर्चा

**गुमला :** मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह कार्यकारी अध्यक्ष श्री कमलकांत झा से मिलकर गुमला जिला टीम व झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने मजदूरों की बढ़ती समस्या को दूर करने के लिए बिशेष योजना बनाने की मांग की है ।तथा मजदुरों को मिलने वाली मजदुरी भुगतान सरकारी दर पर नहीं मिलने व नहीं देने वाले ठेकेदार,पेटीदार, घर मालिकों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने पर बिशेष योजना बनाने पर विचार किया गया। अवसर पर गुमला जिला कमेटी के कई मजदूर नेता मौजूद थे।

### जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई गई ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार

**गुमला :** गुमला जिले में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद मिलादुन्नबी के त्यौहार की खुशियां मनाई गई और पवित्र त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया।गुमला शहरी क्षेत्र के अरम?ई शरीफ में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार के मौके पर निकाली गई जुलूस। अंजुमन के सदर जैनुल अस्तकी मंसूर खान, सहित मजदुर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने जिला व झारखंड प्रदेश वासियों से शांति पूर्वक ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाने की अपील करते हुए लोगों को बधाई दी है। गुमला शहरी क्षेत्र के अरम ई शरीफ में ईद मिलादुन्नबी का पवित्र तयोहार धुम धाम से मनाया जा रहा है। इधर ईद मिलादुन्नबी के मौके पर परसा के इमाम वली मोहम्मद के द्वारा भरनो के थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी एवं इंस्पेक्टर श्यामनंद मंडल को ताज पोशी कर सम्मानित की गई। गुमला जिले के टोटो, कोटाम,बसुआ,सिंसई प्रखंड क्षेत्र के सिसई मुर्गू,लरंगो सहित विभिन्न प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया गया। मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने ईद मिलादुन्नबी के त्योहार पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## शहर >> अपडेट

### सड़क हादसे में युवक की मौत

कोडरमा: जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के गरचाँच पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में अरमान खान (उम्र 26 वर्ष, पिता अशफाक खान) एवं समीर खान (उम्र 20 वर्ष, पिता अलीम खान, जयनगर थाना) घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में गंभीर रूप से घायल एक युवक अरमान खान को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक समीर खान का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार दोनों युवक बाइक में पेट्रोल लेने के बाद पेट्रोल पंप से मुख्य सड़क की तरफ निकल रहे थे। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सदर अस्पताल पहुंचते ही अरमान खान को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**खुलासा**

## बंद घर में चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# चोर व चोरी के सामान खरीदने वाला गिरफ्तार

- सोने का जेवरात एवं पैसे चोरी कर लेने के आरोप में पंजीकृत किया गया था
- सोने का अंगूठी एवं बत्तीस हजार पाँच सौ रुपए को चोरी कर वहाँ से निकल गया

राष्ट्रीय खबर




**कोडरमा :** तिलैया थाना अंतर्गत एड्डी बंगला में एक बन्द घर में चोरी मामले का उद्भेदन पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने चोर व चोरी के समान खरीदने वाला दुकानदार को भी गिरफ्तार किया है। इस बाबत कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि तिलैया थाना कांड सं 233/23 में पीड़ित राजेश कुमार मेहता पिता श्याम सुन्दर मेहता, बेहराडीह, डोमचांच वर्त्तमान अड्डी बंगला महेश्वरी भवन के सामने वाला गली में विजय साव के मकान में किरायेदार, के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध बंद घर से ताला काट कर सोने का जेवरात एवं पैसे चोरी कर लेने के आरोप में पंजीकृत किया गया था।

जिसके बाद कांड के उद्भेदन को लेकर पुनि सह थाना प्रभारी तिलैया एवं कांड के अनुसंधानकर्त्ता के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। इस टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में स्थानीय स्तर पर तैनात गुप्तचर से प्राप्त सूचना के आलोक में संदिग्ध चन्दन कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता दिलीप साव, सा अड्डी बंगला, महेश्वरी भवन के पास, झुमरी तिलैया को पुछताछ हेतु थाना लाकर जब सख्ती से पूछताछ किया गया तो अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

बताया गया कि इसको पता चला कि किरायेदार राजेश कुमार मेहता एवं उनका पुरा परिवार राजेश कुमार मेहता के भाई के घायल हो जाने व उसके पिता का बीमार हो जाने के कारण उसके डेरा में ताला बंद कर गाँव चला गया है। उसके बाद चन्दन कुमार रात्रि में आसपास देखा तो सुनसान पाया उसके बाद रात्रि को समय करीब 11 बजे एक हेक्सा ब्लेड लेकर ताला को काट दिया और घर में रखे गोदरेज से दो सोने का चेन, दो जोड़ा सोने का झुमका, एक जोड़ा सोने का टॉप्स, एक सोने का अंगूठी एवं बत्तीस हजार पाँच सौ रुपए को चोरी कर वहाँ से निकल गया और जाने के क्रम में हेक्सा ब्लेड एवं काटा हुआ ताला को लेकर आगे झाड़ी में फेक दिया।

उसने चोरी किया हुआ जेवर में से एक जोड़ा सोने का टॉप्स, एक सोने का चेन एवं एक सोने का अंगूठी जानकी ज्वेलर्स के दुकानदार अभिमन्यु प्रसाद वर्मा, को बेच दिया। चन्दन कुमार के घर से एक जोड़ा सोने का झुमका, एक सोने का चेन, नगद राशि नब्बे हजार रुपए, घटना में प्रयुक्त एक हेक्सा ब्लेड, एक काटा गया ताला एवं जानकी ज्वेलर्स के दुकानदार अभिमन्यु कुमार के पास से गलाया हुआ 9.30 ग्राम सोना बरामद किया गया। मौके पर छापामारी दल शामिल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी तिलैया बिनोद कुमार, अनुसंधानकर्त्ता पुअनि मुकेश कुमार, पैंथर टीम तिलैया एवं तकनीकी शाखा कोडरमा की टीम शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### घटिया सामग्री की आपूर्ति अविलंब वापस की जाय :अनीत देवी

**कुडू:** स्थानीय प्रतिष्ठित समाचार पत्र के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि लातेहार जिले के बालूमाथ, हेरहंज और बरियातू प्रखंडों में संचालित 218 आंगनबाड़ी केदो में बिना कोई विभागीय आदेश के आपूर्तिकर्ता द्वारा निम्न गुणवत्ता की कुर्सी,टेबल इत्यादि सामानों की आपूर्ति कर दी गई है,सेविकाओं के द्वारा यह जानकारी दी गई कि उनके द्वारा यह सामग्री क्रय नहीं की गई है तो फिर ऐसी स्थिति में किस प्रकार बिना किसी विभागीय आदेश के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में सामान की आपूर्ति की गई है,उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा बताया गया कि सेविकाएं सामान को रिसीव ना करें और सामान की खरीदारी स्वयं बाजार से करें,ताकि गुणवत्तापूर्ण सामग्री केंद्रों को प्राप्त हो सके,मैंने इसकी जानकारी डीएसडब्ल्यू लातेहार को दे दी है,सेविकाओं पर यदि भुगतान का दबाव दिया जाता है,तो यह गलत है,उन्होंने यह भी बताया कि जिला परिषद की आगामी बैठक में इस मामले को उठाया जाएगा और जल्द ही उपायुक्त महोदय से मिलकर इसकी जांच कराई जाएगी।

### श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन



**लोहरदगा :**जुगल किशोर पोद्दार व अशोक कुमार पोद्दार के अप्पर बाजार लोहरदगा में स्थित आवास पर 56वां श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया,श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया,अशोक पोद्दार एवं पवन पोद्दार ने अपने सपरिवारों के साथ श्री श्याम जी का पूजा अर्चना करते हुए ज्योत प्रज्वलित किए,उसके उपरांत संध्या 8:00 बजे से रांची से आए श्याम मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा गाए मनमोहक एक से एक भजनों से सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा,इस श्याम महोत्सव पर काफी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित होकर श्याम जी का पूजा अर्चना की,एवं भक्ति मय मधुर भजनों से खूब झूमे नाचे,और सारा वातावरण श्याम जी के जयकारों से गूंज उठा,उसके उपरांत रात्रि में आरती की गई और प्रसाद वितरण कर समापन किया गया,इस महोत्सव पर अशोक कुमार पोद्दार,पवन कुमार पोद्दार,कमल रेनू सर्राफ संगीता मित्तल,अंकिता बंका,आशा पोद्दार आदि थे।

### आलोक बने खिजरी के को-आंर्डिनेटर



**लोहरदगा:** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू को खिजरी विधानसभा एस टी सीट में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के अनुमोदन के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के द्वारा खिजरी विधानसभा का को-ऑर्डिनेटर बनाए जाने पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ,रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण, रांची ग्रामीण जिला प्रभारी शिव कुमार भगत सहित अनेक लोगों ने श्री साहू को बधाई दिए।

### सिटी अपडेट्स >>

### चंदवारा में भी निकला जुलूस

चंदवारा: चंदवारा के अंसार मोहल्ला जामा मस्जिद से नबी ए पाक के जन्मदिन के अवसर पर जुलूस निकाला गया। जुलूस चंदवारा मस्जिद से होते हुए चंदवारा प्रखंड तक पहुंची। इस दौरान नबी पाक का उनके किरदार के बारे में जिक्र किया गया और लोगों को यह बताया गया कि हमारे नबी पाक जब इस दुनिया में आए तो वह अमन और शांति का पैगाम लेकर आए। वे 63 साल तक जिंदा रहे और लोगों को अच्छे राह दिखाने का काम किया। जुलूस में चंदवारा पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन सचिव कोडरमा अब्दुल कुदुश,मो सफदर,मो अमानत,मो मिनहाज समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाला गया जुलूस



राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** प्रखण्ड के सुन्दरु गाँव मे अंजुमन फैजाने गरीब नवाज इस्लामियां के नेतृत्व में गुरुवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के खुशी में बारह रबी उल अव्वल मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाली गई । जुलूस के दौरान हाथों में इस्लामिक परचम लिए हुए पैगंबर मोहम्मद के शान में नारा लगाया गया। जुलूस के बाद फातिहा ख्वानी एंव देश मे अमनो अमान के लिए दुआ पढ़ी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कुडू थाना ए.एस.आई प्रेम कुमार अध्यक्षता में विभिन्न चौक चौराहों में पुलिस की कड़ी इंतजाम किए गए थे जीसमे मुख्य रूप से सुन्दरू गांव के सर परस्त कलीम खान सदर असलीम खान सेक्रेटरी मुख्तार राय और बहुत सारे गांव के लोग उपस्थित थे।

## महापर्व के 10 दिन पूरा होने पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बधाई हो बधाई के जयकारों से गूंजा समूचा झुमरी तिलैया शहर। मौका था स्थानीय श्री दिगम्बर जैन समाज की देखरेख में गुरूवार को दश लक्षण महापर्व के 10 दिन पूरा होने पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा का । शोभा यात्रा में काफी संख्या में पुरुष महिलायें समेत अन्य भक्त शामिल हुए । भक्त लगातार जयकारे लगा रहे थे । महिलायें खास तौर पर पीले परिधान पहनी हुई थीं । शोभा यात्रा में पहली बार 20 से अधिक बग्गी भी शामिल थी जिसपर भक्त बैठे हुए थे । मुनि महराज सुयश सागर भक्तों के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए । भक्त जगह जगह उनके पावन पैर स्पर्श कर आशीर्वाद ले रहे थे । मुनि महराज सुयश सागर भक्तों को स्नेह व आशीर्वाद देते दिखे। भव्य शोभा यात्रा जैन मंदिर गली से निकल कर पूरे शहर का परिभ्रर्मन कर नये मंदिर तक पहुंची । इस बीच शोभा यात्रा मेँ शामिल बैंड वालों की धुन लगातार बजती रही । भक्तों में महापर्व को लेकर उत्साह आस्था व उल्लास देखा गया । शोभा यात्रा मेँ महापर्व के आयोजन से जुडे पदाधिकारी जैन समाज के पदाधिकारी समाज के सभी गणमान्य लोग सहित शहर के कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे । पूरा शहर इस मौके पर भक्तिमय दिखा । गौरतलब है की आज अनंत चतुर्दशी भी है । जाहिर सी बात है की इस नजरिये से भी इस भव्य शोभा यात्रा का खास महत्व बढ जता है । इस बार यहां के जैन समाज के तकरीबन 45 भक्त लगातार 10 दिनों से पूर्णतया उपवास रखे हुए हैं । जो पूरे झारखण्ड बिहार के लिए काफी अहम बात है । इसे आस्था के प्रतीक के रुप में देखा जा रहा है । बहरहाल शहर मेंभक्ति का माहौल देखा जा रहा है । गौरतलब है की मुनि महराज सुयश सागर यहां 5 माह के चातुर्मास प्रवास पर हैं और भक्ति की गंगा बहा रहे हैं ।

### सुखदेव भगत प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में होंगे शामिल

**कुडू :**गुमला जिला के अंतर्गत जारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा जारी प्रखंड की जनता को हाथियों से हो रही परेशानी, बढ़ती महंगाई ,बेरोजगारी, समय से जमीन का मोटेशन नहीं होना ,वृद्धावस्था पेंशन ,राशन से संबंधित अनेक समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय में विशाल प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कल दिनांक 29 सितंबर को किया गया है ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत शामिल होंगे। दौरा के क्रम में सुखदेव भगत अनेक स्थानों में कांग्रेस जनों से भी रूबरू होंगे। दौरा में श्री भगत के साथ लोहरदगा एवं गुमला के कांग्रेस नेता गण भी शामिल होंगे।

### संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

**सतगावां:** प्रखण्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुषमान भव: अंतर्गत गुरुवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 यूनिट रक्त इक्ट्ठा हुआ। डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे से कम माना जाता है।
नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है ।ब्लड बैंक कोडरमा से आए लैब टेक्नीशियन अमीत कुमार, नवीन कुमार, ट्रेसर अनीश कुमार, निखिल कुमार, ब्लड देने वाले डॉक्टर आशीष कुमार, सर्जन विक्रम कुमार, आरोग्य मित्र विपुल कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, एमपीडब्ल्यू आशीष कुमार, पप्पू पंडित, सचिन कुमार, डॉक्टर केडी चौधरी मौजूद थे।

### पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर मरकच्चो में निकला जुलूस

**मरकच्चो:** सरकार की आमद मरहबा, मुख़्तार की आमद मरहबा के नारो के साथ गुरूवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर प्रखंड के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा जुलूस ए मोहम्मदी निकाली गई। इस मौके पर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखंड के भोजपुर, शाहगंज, मेहतारिया अहरी, कर्बला नगर, दशारो, पपलो, पुरना नगर, मंझला नगर, खेशमी, नावाडीह, तेलिया मारण, महुआडांड़, नादकरी समेत मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जुलूस निकाली गई। जामा मस्जिद के इमाम ने बताया कि पैगंबरे इस्लाम की सीरत ही इंसानियत की हकीकत है। कहा कि उन्होंने इज्जत व प्यार की तहजीव सिखाई।

## मोहम्मद पैगंबर के जन्म दिवस पर निकला जुलूस



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** थाना क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में इस्लाम धर्मावलंबियों के द्वारा मिलादुन्नबी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां हिंदू मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल देखी गई। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा उपस्थित हिंदुओं को फूल माला देकर स्वागत किया गया। विभिन्न गांव में जुलूस निकालकर या हुसैन या हुसैन परवरदिगार ए आलम या अल्लाह इत्यादि नारों से समस्त क्षेत्र गूंज उठा। मोहम्मद पैगंबर के जन्मदिवस पर यह त्यौहार को बड़े धूमधाम से मनाए जाने की परंपरा है। वही विभिन्न गाँवों जयनगर, गोपालडीह, पेठीयाबागी, ककरचोली, डुमरी, ईरगोबाद, सांथ, थाना मोहल्ला, मस्जिद मोहल्ला, पिपचो, तिलोकरी, चंद्रा पिपराडीह, बेको, टुड़मी, मदीना मस्जिद पातीसाले सहित दर्जनों गांव के लोग स्थानीय पिपचो चौक पर जुलूस निकालते हुए सभा में तब्दील हो गया। फलाउल मुस्लिमीन जामा मस्जिद पिपचो के सौजन्य से यह कार्यक्रम संपन्न करवाया। जिसमें मुख्य रुप से महिला मोर्चा कांग्रेस प्रदेश सचिव अर्चना कुमारी, भाजपा किसान प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, मोहम्मद मुस्ताक खान, मोहम्मद इब्राहिम, अरमान खान, कैलाश प्रसाद,पिकेट प्रभारी मोहम्मद इस्लाम सहित कई लोग जयनगर के विभिन्न क्षेत्रों में शांति व्यवस्था को लेकर पेट्रोलिंग करते रहे।

## सैलून संघ बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बर्णवाल धर्मशाला में बिजय शर्मा के अध्यक्षता में कोडरमा नगर पंचायत सैलून संघ की एक बैठक आहूत की गई। संचालन बिरेंदर शर्मा व विकास शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में कोडरमा नगर पंचायत केश कलाकार संघ सैलून का चुनाव किया गया जिसमें दूसरी बार संरक्षक शिव शंकर ठाकुर, संगठन मंत्री गोपाल शर्मा, अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, सचिव उमेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी मनीष कुमार शर्मा को चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव विनोद कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सिकंदर शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य शिबू शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिनेश शर्मा उपस्थित हुए। निर्वाचित पदाधिकारी को संघ के सम्मानित लोगों ने व जिले के पदाधिकारी ने माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर वीरेंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, विकास शर्मा, शिव शंकर ठाकुर, सरवन ठाकुर, विजय शर्मा, शंभू शर्मा, पप्पू शर्मा, सोमवार ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, राजेश ठाकुर, अजय ठाकुर, कुलदीप शर्मा, मनीष ठाकुर, प्रीतम शर्मा, गोपाल शर्मा, उमेश कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

### हेरहंज पांकी सड़क की मरम्मति शुरू

**लातेहार :**मरमत्ति कार्य के लिए धन्यवाद के पात्र हैं स्थानीय ग्रामीण, संवाददाता एवं कार्यपालक अभियंता आरसीडी अरविंद कुमार वर्मा ग्रामीणों एवं एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र के माध्यम से प्राप्त जानकारी के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए जिप उपाध्यक्ष ने शाज के अभियंता उमेश कुमार एवं आरसीडी के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार वर्मा से बात की थी एवं टूटे हुए सड़क की अविलंब मरम्मति का निर्देश दिया था ' उन्होंने बताया था कि सड़क कई स्थान पर टूट जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है ' कई दुर्घटनाएं हो चुकी है ' यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विभाग के द्वारा अभी तक इसमें कोई संज्ञान नहीं लिया गया है ' आरसीडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया था कि जल्द ही मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा ' किए गए वादे के मुताबिक आरसीडी के द्वारा खतरनाक गढ़ों को भर दिया गया है, इसके लिए उपाध्यक्ष महोदया ने समस्या की जानकारी देने के लिए ग्रामीणों को, समाचार पत्र के संवाददाता को एवं आरसीडी के कार्यपालिका अभियंता को धन्यवाद दिया है ' साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि विकास कार्य में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी ' क्षेत्र से पूर्व में भी इस तरह की घटिया निर्माण या सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर परित कार्रवाई की गई है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**मरकच्चो:** थाना क्षेत्र के कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग पर पंचखेरो नदी पुल के समीप गुरूवार को एक मोटरसाईकिल चालक अनियंत्रित होकर गिरने से बुरी तरह घायल हो गया। घायल की पहचान मरकच्चो मध्य पंचायत के कोटवार मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय राकेश सिंह (पिता स्व अमीरका सिंह) के रूप में की गई। जानकारी अनुसार राकेश सिंह अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से सरिया से अपना घर मरकच्चो लौट रहा था। इसी दौरान पंचखेरो नदी पुल के समीप अनियंत्रित हो गिर गया जिससे बुरी तरह घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु सदर हॉस्पिटल कोडरमा भेज दिया है।

### पूर्व मुखिया खूबलाल को किया याद

**मरकच्चो:** जनहित में अपना संपूर्ण जीवन व्यतित करने वाले मुर्कमनाय पंचायत के भूतपूर्व मुखिया सह राजद नेता स्व. खूबलाल सिंह यादव की 19 वीं पुण्यतिथि बरियाडीह स्थित स्मारक पर उनके पुत्र तथा उपस्थित ग्रामीणों ने चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया। मौके पर उनके पुत्र अरुण यादव व अजय यादव ने बताया की स्व. खुबलाल सिंह यादव 1978-2004 तक मुखिया के तौर पर पंचायत वासियो के लिए समर्पित रहे। पुण्यतिथि समारोह में मुख्य रूप से मरकच्चो प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, मुर्कमनाय पंसस सहदेव यादव, निमाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया रामलखन यादव, समाजसेवी मदन यादव, शिक्षक रामेश्वर सिंह यादव, उदय यादव, बलदेव यादव, तुलसी यादव, रोहित यादव, नरेश यादव, शिक्षक सकलदेव दास, कैलाश यादव, बालेश्वर यादव, पोही यादव, भागीरथ यादव, दिवाकर यादव, आनंद यादव आदि लोग उपस्थित थे।

**शिलान्यास**

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का किया गया शिलान्यास

# ग्रामीणों की मांग को पूरा कर हम सहयोग करें :सुदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा सिन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया गया।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधायक रमेश उरांव,ओमप्रकाश सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,श्रीचंद प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष सहित अन्य शामिल थे।निम्नलिखित सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पीएमजीएसवाइ -3,पीडबलूडी-2 मद से स्वीकृत पाठ जोगना मोड़ से गगेया तक पथ की लंबाई (8.05 किलोमीटर)2.सेरंगहातु से ढहऊ रोड बक्सीडिपा तक पथ (लम्बाई-5:20) 3स्वीकृत पथ ढहऊ रोड बरही से कोराम्बे भाया जामुनडिपा,गगेया,घाटा तक पथ की (लम्बाई 13.00 ) शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना का उद्देश्य गरीबों के उत्थान, पहुंच ,कृषक के उपज को उचित स्थल तक पहुंचाने के लिए किया था।आज देश के प्रधानमंत्री मोदीजी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तत्तपरता से योजनाओं में दुगनी तिगनी राशि बढ़ोतरी कर नवनिर्माण और सुदृढ़ीकरण कर रहे है। हमारे क्षेत्रों में लगातार पीएमजीएसवाई सड़कें बन रही है बहुत से और भी सड़कें जिसका राशि राज्य को मिल गया है।वह तकनीकी कारणों से राज्य में फसा है।सरकार से भी आग्रह की प्राथमिकता से और भी सड़कें जिनकी प्रक्रिया अधूरी पूरी कर ग्रामीणों की मांग को पूरा कर हम सहयोग करें। हमारी प्रयास रही है कि ग्रामीणों की समस्या जो भी उसका हल जल्द हो और केंद्र के कुशल नेतृत्व में सफलता भी मिली इसी वर्ष हमारे क्षेत्र के अनेक सड़कों का कार्य चल भी रहा है इसी माह टांगीनाथ वाली लम्बी सड़क का भी शिलान्यास हो गया। मेरा प्रयास प्रत्येक सडक का निर्माण अच्छी हो कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने इसे जाहिर की और प्रधानमंत्री मोदी जी और सांसद के प्रति आभार जताया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बालकृष्णा सिंह,हर्षनाथ साहू, पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार साहू मंडल महामंत्री रजनीश सिंह, राम नंदन साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### भारत ने निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक जीता



**हांगझोउ :** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे। सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं। हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।

### मुक्केबाज जैस्मिन ने मुकाबला जीता



**हांगझोउ :** भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं 60 किलोग्राम वर्ग में आज खेले गए मुकाबले में सउदी अरब की अशौर हदील एकतरफा अंदाज में 5-0 से हरा कर अपना मुकाबला जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में 60 किलोग्राम मुक्केबाजी मुकाबले के पहले पहले राउंड में ही जैस्मिन ने विपक्षी खिलाड़ी पर मुक्कों की बरसात दी और दूसरे राउंड में भी वह लगातार हदील अशौर पर हमले करती रहीं। रेफरी ने बीच में ही मुकाबले को रोकना पड़ा। जैस्मिन को विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अशौर को 5-0 से हराया। इसी के साथ जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

### डेविड बेकहम को साइकिलिंग स्पर्धा में आठवां स्थान

**हांगझोउ :** भारत के साइकिलिस्ट डेविड बेकहम एल्काटोहचूंगो गुरुवार को एशयाईि खेलों के पुरुषों के क्लासिफिकेशन मुकाबले में आठवें स्थान पर रहे। इससे पहले दिन में आज सुबह उन्होंने पुरुषों की स्प्रिंट 1/16 फाइनल रेपेचेज मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। अपराह्न 5वें से 8वें स्थान के लिए हुए मुकाबले में उन्हें आठवां स्थान प्राप्त हुआ। यह एशियाई खेलों में किसी भी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**विजय** एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट मुकाबले में गुरुवार खेले गये टी-20 मैच में

# मालदीव ने मंगोलिया को नौ विकेट से हराया

- डवासुरेन जमयनसुरेन ने 39 गेंदों पर सर्वाधिक 15 रन बनाये
- तुर-एरदेने सुमिया नौ रन बनाकर नाबाद रहे

एजेंसियां

**हांगझोउः** एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट मुकाबले में गुरुवार खेले गये टी-20 मैच में मालदीव ने मंगोलिया को नौ विकेट से हराया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज सुबह मालदीव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और मंगोलिया को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मंगोलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाये।



मंगोलिया की ओर से डवासुरेन जमयनसुरेन ने 39 गेंदों पर सर्वाधिक 15 रन बनाये। उन्हें हुसैन सादिन ने बोल्ड आउट किया। इसके अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक पर नहीं पहुंच पाया।

तुर-एरदेने सुमिया नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा मुनगुन अल्तानखुयाग ने आठ रन बनाये और उन्हें इस्माइल अली और हुसैन सादिन ने रन आउट किया। मंगोलियाई टीम को सर्वाधिक 16 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। मंगोलियाई की पूरी टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 60 रन ढह गयी। मालदीव की ओर से अज़ीम रफीग ने 10 रन देकर तीन विकेट, थोलई मोहम्मद राया ने सात रन देकर दो विकेट तथा हुसैन सादिन को एक विकेट मिला। मंगोलाई टीम के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मालदीव ने अज़ीम र×फीग के 16 गेंदों में नाबाद 24 रन और कप्तान हसन रशीद के 14 गेंदों में नाबाद 21 की बदौलत यह मुकाबला छह ओवर चार गेंदों में 62 रन बनाकर जीत लिया। मालदीव की ओर से इस्माइल अली ने नौ रन बनाये और उन्हें तुमुरसुख ने ओल्गोनबयार के हाथों कैच आउट कराया। मालदीव को आठ रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। मंगोलियाई गेंदबाज तुमुरसुख तुरमुंख को एक विकेट मिला। इस जीत के साथ मालदीव टीम अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## खेल जगत अपडेट्स

### टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला



**हांगझोउ :** भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरू होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर, श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 32 में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के सोंगयोंग प्योन के खिलाफ चार गेम में हार गईं।

### रोशिबिना देवी ने वुशु में दिलाया रजत पदक

हांगझोउ : भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में महिलाओं की 60 किग्रा सांडा वुशु स्पर्धा में रजत पदक जीता। आज यहां खेले गये फाइनल में नाओरेम रोशिबिना देवी चीन की वू जियाओवेई से 2-0 से हारकर दूसरे स्थान पर रहीं और उन्हें रजत पदक मिला। यह भारतीय वुशू खिलाड़ी का लगातार एशियाई खेल में दूसरा पदक है। उन्होंने जकार्ता में 2018 खेलों में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले नाओरेम रोशिबिना देवी ने क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की ऐमान करशयगा को डब्ल्युपीडी (प्वाइंट अंतर से विजेता) से हराकर पदक पक्का किया। उन्होंने सेमीफाइनल में वियतनाम की थी थू थोय गुयेन को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। भारत ने एशियाई खेल में वुशु में कभी भी स्वर्ण पदक नहीं जीता है। नाओरेम रोशिबिना देवी की पदक जीतने के साथ ही एशियाई खेल 2023 में भारत के वुशु अभियान भी समाप्त हो गया है।

## दो दिवसीय सीनियर/जुनियर एवं सब जुनियर झारखंड राज्य स्तरीय बालक -बालिका मलखंब प्रतियोगिता संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन से पंजीकृत रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची के प्रांगण में दो दिवसीय सीनियर , जुनियर एवं सब जुनियर झारखंड राज्य स्तरीय बालक -बालिका मलखंब प्रतियोगिता संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी एवं विशिष्ट अतिथि बीएसपी के उपाध्यक्ष उदयन बसु ने संयुक्त रूप से हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं नारियल फोड़कर किया। आंगन्तुको का स्वागत एवं मंच का संचालन झारखंड राज्य मलखंब संघ के महासचिव अजय झा ने किया। जबकि प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार ने किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा खेल प्रकोष्ठ के रांची जिला संयोजक आशुतोष द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि विधालय सचिव सजल बनर्जी,समाजसेवी सह खेलप्रेमी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी पुरस्कार स्वर्गीय राम प्रवेश द्विवेदी के यादगार में पोता आशुतोष द्विवेदी द्वारा प्रायोजित किया गया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन जामताड़ा जिला मलखंब एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ० भास्कर चंद ने किया। इस अवसर पर विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सौम्या सेजल वर्मा, प्रीति रानी ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर कंचन दत्ता, राजेन्द्र कुमार , नीतेश साहु ,मंगरू उरांव , सोमारी उरांव एवं अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड राज्य मलखंब टीम का चयन किया गया है जो दिनांक 26 से 28 अक्टूबर तक गोवा में आयोजित 37वीं राष्ट्रीय खेल के अन्तर्गत मलखंब प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का नेतृत्व करेगा।

## भारत की बैडमिंटन महिला टीम मंगोलिया को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में

एजेंसियां

**हांगझोउ :** भारत की बैडमिंटन महिला टीम ने गुरुवार को मंगोलिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा और अनुपमा उपाध्याय की भारतीय महिला टीम ने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में 3-0 से जीत दर्ज की। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए पीवी सिंधु ने मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करते हुए मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। टीम के दूसरे मुक़ाबले में, बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की युवा भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने खेरलेन डारखानबटार के ख़िलाफ़ 21-2, 21-3 के स्कोर के साथ 21 मिनट में जीत दर्ज की। वहीं तीसरे और अंतिम एकल मुकाबले में दुनिया की 85वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय ने मंगोलियाई शटलर



खुलानगु बटार को 22 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-0, 21-2 से हराकर भारतीय टीम को 3-0 से जीत दिलाई। भारतीय महिला टीम शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड से मुकाबला करेंगी। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम पहले दौर में बाई मिलने के बाद शुक्रवार को एक्शन में नज़र आएगी। एचएस प्रणॉय की अगुवाई वाली टीम क्वार्टरफाइनल में नेपाल या मंगोलिया से भिड़ेगी। सेमीफाइनल में जगह बनाते ही भारतीय बैडमिंटन टीम के लिए पदक पक्का हो जाएगा।

# 41 वर्ष के हुये रणबीर कपूर



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर आज 41 वर्ष के हो गये। मुंबई में 28 सितंबर, 1982 को जन्में रणबीर को अभिनय की कला विरासत में मिली। रणबीर के पिता ऋषि कपूर और मां नीतु सिंह बॉलीवुड के मशहूर कलाकार रहे हैं। रणबीर कपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म 'सांवरिया' से की। इसी फिल्म से अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने भी शुरूआत की थी। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी 'सांवरिया' यूं तो टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन रणबीर का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। इस फिल्म के लिये रणबीर फिल्म फेयर के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किये गये। वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म ह्यवेक अप सिडह्नरणबीर के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी।

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेक अप सिड'में रणबीर ने संजीदा अभिनय किया था। इस फिल्म के लिये रणबीर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्म फेयर क्रिटिक्स पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2010 में रणबीर को प्रकाश झा की फिल्म 'राजनीति' में काम करने का अवसर मिला। राजनीति पर आधारित इस फिल्म में भी रणबीर ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म 'रॉकस्टार' ने रणबीर को फिल्म इंडस्ट्री में सही पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर ने एक बार फिर से संजीदा अभिनय किया। इस फिल्म के लिये रणबीर को पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के लिये उन्हें फिल्म फेयर का क्रिटिक्स पुरस्कार भी दिया गया।

वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'बरफी' ने रणबीर को न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी ख्याति दिलाई। अनुराग बासु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। इस फिल्म के लिये भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2013 में प्रदर्शित फिल्म ह्ये जवानी है दीवानीह्न रणबीर कपूर के करियर की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुयी। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर की छवि एक रॉकस्टार की थी। युवाओं को ध्यान में रखकर बनायी गयी इस फिल्म में रणबीर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

# फिल्म एनिमल का टीजर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनमिल का टीजर आज उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज कर दिया गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म 'एनिमल'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में अनिल कपूर और रणबीर कपूर बाप-बेटे के किरादर में नजर आ रहे हैं, जहां अनिल अपने बेटे से काफी निराश नजर आते हैं। टीजर की शुरुआत में रणबीर, रश्मिका के सामने अपने पिता बनने की इच्छा जाहिर करते हैं, जिसपर रश्मिका कहती हैं कि बिल्कुल अपने पिता की तरह, लेकिन ये बात रणबीर को जरा भी रास नहीं आती है। इसके बाद



टीजर में कहानी को फ्लैशबैक में भी दिखाया गया है, जहां अनिल कपूर अपने बेटे को एक के बाद एक ज़ोरदार तमाचा लगाते हुए नजर आते हैं। कहानी बाप-बेटे के रिश्ते और बदले पर आधारित नजर आती है। एनिमल के टीजर के अंत में बॉबी देओल की झलक नजर आती है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज़ और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

# 29 सितंबर को रिलीज होगी निरहुआ-आम्रपाली दुबे की फिल्म मंडप

एजेंसियां

**मुंबईः** एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले निर्मित अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ एवं अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म मंडप 29 सितंबर को रिलीज होगी। निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि फिल्म मंडप देश भर में रिलीज होगी। उम्मीद है हमारी यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आएगी। हमने इस फिल्म को बिग स्केल पर बनाया है। फिल्म की कहानी के अनुसार, फिल्म की भव्यता दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है। वहीं, निरहुआ ने दर्शकों से फिल्म मंडप देखने की अपील करते हुए कहा कि मंडप एक स्वस्थ मनोरंजन वाली फिल्म है। फिल्म की कहानी सामाजिक और पारिवारिक मानदंडों के इर्दगिर्द है। फिल्म को आनंद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म मंडप एक विशुद्ध भोजपुरी घर परिवार की कहानी है। हम



सबों ने फिल्म में अपना पूरा योगदान दिया है। इस फिल्म को अप सभी अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर देखें और इसके बारे में चर्चा भी करें कि आपको फिल्म कैसी लगी। फिल्म मंडप की सह निर्माता शर्मिला आर सिंह ने बताया कि फिल्म के संवाद से लेकर गीत संगीत तक बहुत अच्छे हैं। फिल्म में निरहुआ और आम्रपाली मुख्य भूमिका में हैं, जो फर्स्ट लुक में शादी के जोड़े में नजर आए हैं। फिल्म के खूबसूरत गाने की संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविन्द तिवारी, उमा लाल यादव हैं। लेखक मनोज पांडे हैं। डीओपी साहिल जे अंसारी हैं। नृत्य कानू मुखर्जी का है। कला राजीव शर्मा और संकलन जितेंद्र सिंह जीतू ने किया है।

## राजश्री बैनर की फिल्म 'दोनों' का गाना 'खम्मा घनी' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** राजवीर देओल और पलोमा ढ़िल्लो स्टारर फिल्म ह्यदोनोंह्न का गाना ह्यखम्मा घनी' रिलीज हो गया है। फिल्म दोनो का नवीनतम गाना खम्मा घनी को शंकर-एहसान-लॉय ने संगीतबद्ध किया है,जबकि गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। इस गाने को विजय गांगुली ने कोरियोग्राफ किया है ।



फिल्म दोनो से सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर देओल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में राजवीर देओल के अपोजिट मुख्य भूमिका में बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा नजर आएंगी। उनकी भी ये डेब्यू फिल्म ही है। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत दोनों को कमल कुमार बड़जात्या, राजकुमार बड़जात्या, अजीत कुमार बड़जात्या और ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है।

## नेहा राज और पल्लवी सिंह का नया लोकगीत 'ऐ राजा जी' रिलीज

एजेंसियां



**मुंबईः** गायिक नेहा राज और अभिनेत्री पल्लवी सिंह का गाना 'ऐ राजा जी' रिलीज हो गया है। ऐ राजा जी गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को पल्लवी सिंह पर फिल्माया गया है। गाने के वीडियो में पल्लवी सिंह अपने पति से कहती नजर आ रही हैं कि 'शादी कइके तोहरा से बानी पछतात हो, अभी ले पुरनकी के नईखातू भुलात हो, एक ही गो रक्खा एक गो छोड़छाड़ द२, ए राजा जी हमर जान मारि द२, न त, गांव वाली गोरकी के भार परि द२' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना 'ऐ राजा जी'।

सुनवाई

इजराइल के सरकार की कार्रवाई पर चुनौती मामले की चल रही सुनवाई

# बेंजामिन नेतन्याहू का भविष्य अब सुप्रीम कोर्ट के हाथ

● नेतन्याहू को सबसे अधिक व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करने वाली याचिकाएं शामिल हैं

राष्ट्रीय खबर

**यरूशलेम:** इजराइल का सर्वोच्च न्यायालय बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की कार्रवाइयों की चुनौतियों पर सुनवाई करने में एक महीने से व्यस्त चल रहा है। एक महीने के भीतर इसमें तीन मामलों पर दलीलें सुनी जाएंगी - जिनमें, इस गुरुवार को, नेतन्याहू को सबसे अधिक व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करने वाली याचिकाएं शामिल हैं: एक संशोधन जो किसी प्रधान मंत्री को कार्यालय के लिए अयोग्य घोषित करना अधिक कठिन बना देता है। कानून कहता है कि केवल स्वयं प्रधान मंत्री या कैबिनेट, दो-तिहाई बहुमत के साथ, नेता को अयोग्य घोषित कर सकता है, और केवल शारीरिक या मानसिक अक्षमता के कारण।



इसके बाद कैबिनेट वोट को संसद, जिसे नेसेट के नाम से जाना जाता है, में दो-तिहाई बहुमत से अनुमोदित करने की आवश्यकता होगी। यह संशोधन इजराइल के बुनियादी कानूनों में से एक में बदलाव है, जो देश के संविधान के सबसे करीब है। नेतन्याहू की दक्षिणपंथी सरकार द्वारा आगे बढ़ाए गए न्यायिक ओवरहाल पैकेज पर कानून शुरू होने से पहले संशोधन पारित किया गया था, जिसने देश को विभाजित कर दिया है और उन लोगों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शन किया गया है जो तर्क देते हैं कि यह इजराइल के लोकतंत्र को खत्म करता है और इसकी न्यायपालिका को कमजोर करता है। गुरुवार की सुनवाई में याचिकाकताओं का तर्क है कि संशोधन केवल नेतन्याहू के लाभ के लिए पारित किया गया था। वह चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे का सामना कर रहे हैं, जिससे यह घटक प्राधिकरण का दुरुपयोग हो गया है। यह उन आधारों में से एक है जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय, सैद्धांतिक रूप से, किसी मूल कानून में संशोधन को रद्द कर सकता है। हालाँकि, न्यायालय ने कभी भी किसी बुनियादी कानून या किसी संशोधन को रद्द नहीं किया है। इस महीने की शुरूआत में, सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में पारित एक और कानून के बारे में दलीलें सुनीं, जिसने सरकारी कार्यों को अनुचित मानने से रोकने की उसकी क्षमता को छीन लिया। यह एक बुनियादी कानून में संशोधन भी था। तीसरी याचिका न्याय मंत्री यारिव लेविन के खिलाफ है, जिन्होंने इसकी संरचना पर विवाद के बीच न्यायाधीशों को चुनने वाली समिति को बुलाने से इनकार कर दिया है। इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट के सेंटर फॉर डेमोक्रेटिक वैल्यूज एंड इंस्टीट्यूशंस के वरिष्ठ शोधकर्ता अमीर फुच्स ने बताया कि बुनियादी कानूनों में संशोधन के लिए सुप्रीम कोर्ट में पहले कभी भी इतनी चुनौतियां नहीं थीं। अदालत में एक साथ इतनी अधिक सुनवाई पहले कभी नहीं की थी। फुच्स ने कहा, यह एक अनोखा और अभूतपूर्व संवैधानिक संकट है। जब तक इस कानून में बदलाव नहीं किया गया, तब तक कोई लिखित कानून नहीं था जो यह तय करता हो कि किसी प्रधान मंत्री को सेवा करने के लिए अयोग्य होने के कारण पद से कैसे हटाया जा सकता है, हालांकि फुच्स ने कहा कि केस कानून के साथ कुछ मिसालें थीं जो संकेत देती थीं कि अटॉर्नी जनरल यह निर्णय ले सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि नेतन्याहू पर चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के कारण उन्हें सेवा के लिए अयोग्य घोषित करने की याचिकाएँ थीं।

## कोविड-19 महामारी ने अमेरिका में कैंसर के नए निदान को किया प्रभावित

एजेंसियां

**लॉस एंजिल्स:** अमेरिका में छह प्रकार के कैंसर नए निदान में 2020 की शुरुआत में यानी कोविड-19 महामारी की शुरुआत में अचानक गिरावट आई। यह दावा बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में किया गया। इस रिपोर्ट को यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी), अमेरिकन कैंसर सोसाइटी और नॉर्थ अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ सेंट्रल कैंसर रजिस्ट्रीज ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। रिपोर्ट में पाया गया कि महामारी की शुरुआत में महिला स्तन, फेफड़े, कोलोरेक्टल, प्रोस्टेट, थायरॉयड और अग्नाशय के कैंसर के निदान में कमी आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गिरावट संभवतः चिकित्सा देखभाल और कैंसर जांच में रुकावट के कारण आयी। रिपोर्ट के अनुसार 2020 की शुरुआत में पैथोलॉजी रिपोर्ट में भी तेजी से गिरावट आई, जिससे पता चलता है कि उस दौरान कैंसर जांच और कैंसर से संबंधित अन्य प्रक्रियाएं कम की जा रही थीं। सीडीसी ने एक बयान में कहा, संयुक्त निष्कर्षों से पता चलता है कि अमेरिका में कोविड -19 महामारी के शुरुआती दौर में स्वास्थ्य सेवाओं में रुकावटों के कारण कई कैंसर का निदान नहीं किया गया था।

## कुशासन वाली भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश : अरुण यादव



एजेंसियां

**सागर:** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने आज कहा कि 18 साल के कुशासन वाली भ्रष्टाचारी भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही बुंदेलखंड जन आक्रोश यात्रा के सिलसिले में यादव दमोह, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिला से होकर बुधवार देर रात सागर पहुंचे थे। यहां उन्होंने जन आक्रोश रैली एवं जन आक्रोश सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में आरोप लगाया कि बुंदेलखंड अंचल के पांच जिलों से होकर यहां पहुंचने पर यह साफ तौर पर देखने आया है कि 18 साल के कुशासन वाली भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। भाजपा द्वारा निकाली गई ह्यअवसरवादह्ण यात्रा में जनता ने अपना आशीर्वाद देने में जिस तरह की बेरुखी और जन आक्रोश यात्रा को भारी जन समर्थन दिखाया है उससे साफ है कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 साल की अबोध बालिका के साथ दुष्कृत्य की शर्मनाक खबर सुर्खियों में बनी हुई है, जो पूरे देश में प्रदेश को कलंकित और शर्मसार करने वाली है।

यह स्थिति पूरे प्रदेश में बेटियों और महिलाओं की है। यादव ने सागर के ऐतिहासिक तालाब की दुर्दशा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सागर का तालाब एक समय सागर की शान रही है। इस ऐतिहासिक विरासत को भी पूर्ण रूप से नष्ट किए जाने का काम यहां किया जा रहा है। उन्होंने बुंदेलखंड पैकेज में हुए भ्रष्टाचार पर आगे कहा कि पन्ना में 100 - 100 करोड़ रुपये के बांध बनाये थे वो पहली ही बारिश में बह गए। टिकट वितरण के संबंध में उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर प्रक्रिया जारी है।

## बंगाल के लोग लंबे समय से धनराशि रोके जाने का खामियाजा भुगत रहे हैं: ममता



एजेंसियां

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय राजधानी तक मार्च का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बंगाल में गरीब लोगों के उचित धन के लिए हमारी आवाज दिल्ली में नेताओं के कानों तक पहुंचे। सु बनर्जी ने कहा, बहुत लंबे समय से बंगाल के लोग मनरेगा और आवास योजना की रोकी गई धनराशि का भुगतान न होने का खामियाजा भुगत रहे हैं। लेकिन हम झुकेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा, हम प्रभावित लोगों द्वारा लिखे गए पत्रों को लेकर दिल्ली तक मार्च करेंगे। एक साथ मिलकर हम बंगाल और उसके लोगों के लिए दृढ़ और अटूट रूप से खड़े हैं। मनरेगा योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य होने के बावजूद केंद्र ने ईर्ष्या और प्रतिशोध की राजनीति के कारण हमारा धन रोक दिया है। सु बनर्जी ने कहा, हम दिल्ली तक लड़ाई लड़ेंगे। बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख ने कहा, बंगाल के लोग अब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दो साल से अधिक समय से, उन्होंने 100-दिवसीय कार्यक्रम के तहत 6,907 करोड़ रुपये की राशि रोक रखी है। हम डटकर लड़ने के लिए तैयार हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे लोगों को उनका उचित हक मिले। सु बनर्जी ने कहा , भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति समाप्त होनी चाहिए। मनरेगा और आवास योजना के तहत बंगाल को मिलने वाली धनराशि को गलत तरीके से रोकने से भारी पीड़ा और अभाव का सामना करना पड़ा है। लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने का संकल्प लेते हुए हम उनके मुद्दे को दिल्ली के सत्ता गलियारों तक ले जाएंगे और न्याय मिलने तक जारी रहेंगे।

## भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं : प्रियंका

एजेंसियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक कोई सुरक्षित नहीं है। मती वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ये मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा है। भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। लाड़ली बहना के नाम पर चुनावी घोषणाएं करने का क्या फ़ायदा है, अगर बच्चियों को सुरक्षा और मदद तक नहीं मिल सकती वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस मामले में स्थानीय निवासियों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उज्जैन मामले में अपराधियों को तत्काल गिरफ़्तार कर उन्हें सख़्त से सख़्त सजा मिलनी चाहिए। जिस क्षेत्र से यह बच्ची गुज़री है वहाँ के लोगों के लिए शर्म की बात है।

संगठन

वैगनर उन स्थानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां प्राकृतिक संसाधन हैं

## अफ्रीकी देशों में पूरी तरह सक्रिय है रूस का वैगनर समूह

▶▶ वैगनर के साथ इस प्रकार के सौदे करने वाले कुछ देशों ने अमेरिका से कहा है कि उन्हें इस पर खेद है

राष्ट्रीय खबर

**जिबूटी:** एक वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा, अमेरिका ने अफ्रीका से वैगनर बलों की वापसी किसी भी पर्याप्त या सार्थक संख्या में नहीं देखी है, क्योंकि क्रेमलिन इस बात पर विचार कर रहा है कि पिछले महीने अपने नेता की मृत्यु के बाद रूसी भाड़े के समूह के साथ क्या किया जाए। पहले यह माना गया था कि वैगनर प्रमुख की संदेहास्पद मौत के बाद यह निजी सेना का रूसी संगठन छिन्न भिन्न हो गया है। अफ्रीका के रक्षा सचिव के साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों के एक छोटे समूह को बताया कि पूरे



अफ्रीका में वैगनर बलों की संख्या, जो ज्यादातर मध्य अफ्रीकी गणराज्य, माली और लीबिया में केंद्रित है, काफी स्थिर बनी हुई है। अधिकारी ने विस्तार से बताए बिना कहा कि ऐसे संकेत भी हैं कि वैगनर सेना नाइजर में जुलाई में तख्तापलट की कोशिश का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। अंततः, हालांकि, अधिकारी ने कहा, वैगनर वहीं जाता है जहां पैसा है। अक्सर, वे उन स्थानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां प्राकृतिक संसाधन हैं, जहां उनका नेतृत्व अपनी उपस्थिति के लिए सुरक्षा मूल्य - वस्तुतः पैसा - का भुगतान करने को तैयार है। अधिकारी ने कहा, वैगनर के साथ इस प्रकार के सौदे करने वाले कुछ देशों ने अमेरिका से कहा है कि उन्हें इस पर खेद है। अधिकारी ने कहा, इस बीच, अमेरिका ने क्रेमलिन के साथ वैगनर के संबंधों में अभी तक कोई निर्णायक बदलाव नहीं देखा है, या संकेत नहीं है कि मॉस्को ने पूरे महाद्वीप में समूह के संचालन को अवशोषित कर लिया है। अधिकारी ने कहा, यह संभवतः इस तथ्य को दशार्ता है कि क्रेमलिन अभी भी यह तय कर रहा है कि भाड़े के बलों के साथ क्या करना है, क्योंकि समूह के लंबे समय तक नेता येवगेनी प्रिगोझिन मर चुके हैं। अधिकारी ने कहा, आधिकारिक रूसी सैन्य प्रतिनिधिमंडलों के कई देशों में जाने के संकेत मिले हैं, जो इस बात का परीक्षण कर रहे हैं कि आधिकारिक रूसी सेना को काम करने का अवसर मिलेगा या नहीं।

लेकिन ऐसा नहीं लगता कि कोई निर्णायक बदलाव हुआ है, और मुझे लगता है कि यह दशार्ता है कि मॉस्को में अभी भी अनिश्चितता है कि वैगनर के साथ क्या किया जाए - क्या इसे रूसी सरकार की अनौपचारिक शाखा के रूप में उपयोग करना जारी रखा जाए , क्या इसे कमजोर कर देना है, किसी तरह इसे अपने अधीन कर लेना है, या अब जब स्वामित्व में बदलाव हो गया है, तो क्या इसे किसी और के निजी नियंत्रण में सौंप देना है। यह एक खुला प्रश्न बना हुआ था कि अपने नेता प्रिगोझिन की मृत्यु के बाद वैगनर सैन्य समूह का भविष्य क्या होगा। अधिकांश सुरक्षा विशेषज्ञों को संदेह है कि वैगनर प्रिगोझिन के बिना जीवित रह सकता है, जिससे समूह के लड़ाकों, हथियारों और संचालन का क्या होगा, इस पर प्रमुख प्रश्न उठते हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### ट्रक की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत

**नवादा:** बिहार में नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र में गुरूवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नवादा सब्जी मंडी में काम के लिए चार मजदूर जा रहे थे, तभी सोभिया कृषि फार्म के समीप एक पिकअप वाहन ने रास्ता पूछा जिसे मजदूर बता रहे थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया धनखड़ ने

**नयी दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गुरुवार को गहरा शोक प्रकट किया। धनखड़न ने आज यहां जारी एक शोक संदेश में कहा है कि डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। भारत को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने और करोड़ों भारतीय किसानों की समृद्धि में उनका अद्वितीय योगदान है। उपराष्ट्रपति ने कहा, इस संकट की घड़ी में मैं स्वामीनाथन के परिजनों और उनके शुभचिंतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### शिवराज ने नेशनल गेम्स में भाग ले रहे खिलाड़ियों के साथ किया पौधरोपण

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेशनल गेम्स में भाग ले रहे खिलाड़ियों के साथ पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री चौहान ने बरगद, गूलर और जामुन के पौधे लगाए। इस अवसर पर आगामी नेशनल गेम्स 2023 में मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले कोच पंकज पाराशर, खिलाड़ी आशु कुमार, रितिका कुशवाहा, निहारिका राजपुरोहित, श्वेता कुमारी, अरविश मकरानी, तनु सेन और पंकज पाण्डेय उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### धनखड़ शुक्रवार को बिहार दौरे पर

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल शुक्रवार को बिहार के दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को यहां बताया कि उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद धनखड़ का यह पहला बिहार दौरा होगा। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ के साथ भी रहेंगी। धनखड इस यात्रा में नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे, जहां वह छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति गया भी जाएंगे।

### खडगे, राहुल, प्रियंका ने दी मिलाद-उन-नबी पर मुबारक

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मिलाद-उन-नबी के अवसर पर देशवासियों को मुबारकबाद दी है। खडगे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा सभी को ईद मिलाद-उन-नबी मुबारक। यह शुभ अवसर शांति, दया, समृद्धि लाए और सभी के बीच भाईचारे के बंधन को मजबूत करे। गांधी ने ट्वीट किया सभी को ईद मिलाद-उन-नबी मुबारक। यह त्योहार सबके जीवन में खुशियां, भाईचारा और अच्छी सेहत लेकर आए।

### पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे : लालू

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं। यादव ने गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति के साथ टिप्पणी की, भाजपा की गरीब, वंचित,उपेक्षित और बहुजन विरोधी विचारधारा एवं धर्म के आवरण तले तथा मोदी सरकार की एक सोची समझी रणनीति है।

## >>>> न्यूज फटाफट

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**हेरात:** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

### उज्बेकिस्तान के गोदाम में विस्फोट से एक की मौत, 162 घायल

**ताशकंद:** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में एक गोदाम में विस्फोट और आग लगने से एक किशोर की मौत हो गई जबकि 162 लोग घायल हो गए। उज़्बेक स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उज़्बेक आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि ताशकंद के एक गोदाम में रात में विस्फोट हुआ और आग लग गई। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, विस्फोट से 17 साल के किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 162 अन्य घाायल हुए हैं।

### काकेशस से 65 हजार से अधिक लोग आर्मेनिया पहुंचे

**येरेवान:** काकेशस के नागोर्नो-काराबाख से 65 हजार से अधिक लोग विवादित क्षेत्र से अर्मेनिया चले गए हैं। अर्मेनियाई प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रवक्ता नाजेली बगदासारियान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बगदासारियान ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब चार बजे तक कुल 65,036 लोग नागोर्नो-काराबाख से आर्मेनिया पहुंचे हैं। अर्मेनियाई अधिकारियों के अनुसार, नवीनतम वृद्धि से पहले इस क्षेत्र में लगभग 1.20 लाख लोग रहते थे।

### उ. कोरिया अस्तित्व, विकास के अधिकारों की गारंटी के लिए परमाणु हथियार विकसित करता है

**प्योंगयांग:** उत्तर कोरिया ने देश के अस्तित्व एवं विकास के अधिकारों की गारंटी देने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए परमाणु हथियार विकसित करता हैं। यह बातें उ. कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को उ. कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष चोए योंग हे के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कही हैं। उ. कोरिया की 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के 9वें सत्र में चोए ने कहा, उ. कोरिया एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश है और यह देश के अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों में शांति तथा स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यधिक परमाणु हथियार विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उ. कोरिया के सशस्त्र बलों का मिशन शक्तिशाली सैन्य क्षमताओं के साथ'राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना, समाजवादी व्यवस्था, क्रांति के लाभों को सभी खतरों से बचाना, देश की शांति और समृद्धि की गारंटी' है। रिपोर्ट के मुताबिक सत्र ने सर्वसम्मति से देश के संविधान में संशोधन करके परमाणु सशस्त्र बलों पर उत्तर कोरिया की नीति को अपनाया है। उ. कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सत्र में भाग लिया और भाषण दिया। उन्होंने उन सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी कोरियाई लोगों की सामान्य इच्छा के प्रतिबिंब में मतदान के अधिकार का प्रयोग किया और देश के संविधान के इतिहास एक शानदार अध्याय जोड़ा।

### उत्तरी इजरायल के अरब शहर में गोलीबारी , पांच लोगों की मौत

**यरूशलम:** उत्तरी इज़रायल के अरब शहर में गोलीबारी में एक ही परिवार के पांच लोग मारे गए। इज़रायली पुलिस के मुताबिक बेडौइन शहर बासमत ताबुन में एक घर में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पीड़ितों की पहचान दो किशोर भाइयों, 40 साल की एक महिला और उसके 25 वर्षीय पुत्र और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार के रूप में की है। घटना में महिला का 49 वर्षीय पति मामूली रूप से घायल हुआ है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराय गया है। इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी शुरू करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रमुख याकोव शबताई ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की गोलीबारी की पिछली घटनाएं अक्सर संगठित अपराध गिरोह के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। पुलिस हत्यारों को ढूंढने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इज़रायल में अरब अल्पसंख्यकों के लिए समान अधिकारों की वकालत करने वाले समूह अब्राहम इनिशिएटिव्स के अनुसार 2023 की शुरुआत से अब तक यहां अरब समुदाय के कम से कम 188 व्यक्ति हिंसा में मारे गए हैं। यह संख्या पिछले वर्षों में समान अवधि के दौरान पीड़ितों की संख्या से लगभग दोगुनी है। अरब नेताओं ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर अरब समाज में अपराध के खिलाफ लड़ाई की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1650 : इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
- ▶▶ 1789 : अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
- ▶▶ 1836 : मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
- ▶▶ 1901 : दुनिया के जाने-माने फिजिसिस्ट एनरिको फर्मी का जन्म 1901 में आज ही के दिन हुआ था। इन्होंने परमाणु रिएक्टर बनाया था।
- ▶▶ 1911 : इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- ▶▶ 1915 : टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
- ▶▶ 1927 : अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
- ▶▶ 1959 : भारत की आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
- ▶▶ 1962 : कलकत्ता (अब कोलकाता) में बिड़ला तारामंडल खुला।
- ▶▶ 1971 : बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफ़ान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
- ▶▶ 1977 : सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत-6 को पृथ्वी की कक्ष में स्थापित किया।
- ▶▶ 1988 : चैलेंजर के दुर्घटनाग्रस्त होने के ढाई साल के बाद अमेरिका ने अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
- ▶▶ 2000 : चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु।
- ▶▶ 2001 : संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया।
- ▶▶ 2002 : दक्षिण कोरिया के बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्घाटन।
- ▶▶ 2003 : ईरान ने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया।
- ▶▶ 2006 : विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटी।
- ▶▶ 2009 : अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में भारत के विजेन्दर को 75 किग्रा वर्ग में 2700 अंकों के साथ पहला स्थान दिया गया।
- ▶▶ 2011 : चीन ने जिक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से पहली अंतरिक्ष प्रयोगशाला तियांगोंग-1 को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।
- ▶▶ 2016 : भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर घुसपैठ की फिराक में सीमा के इर्द गिर्द छिपे आतंकवादियों को ठिकाने लगाने का दावा किया। पाकिस्तान ने भारत के दावे का खंडन किया।

## अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

रांचीः राजधानी रांची में ईदमिलाद-उन-नबी के जुलूस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी संवेदनशील स्थानों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। सुबह से ही मेन रोड स्थित एकरा मस्जिद समेत अन्य स्थानों पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में दो हजार जवान तैनात किये गये थे।

**वसूली** पुलिसकर्मी के इलाज का था पैसा

# जैप ट्रेनिंग सेंटर में लाखों की वसूली मामला : पुलिस मेंस एसोसिएशन ने डीजीपी को लिख पत्र

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जैप 4 ट्रेनिंग सेंटर में लाखों रुपए की वसूली मामले में पुलिस मेंस एसोसिएशन ने डीजीपी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि जब्त किया गया पैसा पुलिसकर्मी के इलाज के लिए था। झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन की ओर से डीजीपी को लिखे पत्र में कहा गया है, जैप-4, बोकारो में अधिष्ठापन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हवलदार पिंकु कुमार द्वारा एक आवेदन दिया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि प्रशिक्षु हवलदार सुनील कुमार सिंह, जो अचानक तबीयत खराब होने के कारण गंभीर अवस्था में मेडिका अस्पताल रांची में भर्ती है। उनके इलाज में सहयोग के सभी प्रशिक्षुओं की सहमति से सहायता राशि जमा किया गया था। जिसे जैप 4 के कमांडेंट अश्विनी सिन्हा और डीएसपी विनोद महतो द्वारा प्रशिक्षण अवधि कम कराने के नाम पर पैसा उगाही करने का आरोप लगाते हुए जब्त कर लिया गया है। डीजीपी को लिखे पत्र में कहा गया है, पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जैप-4, बोकारो जाकर इस मामले के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। प्रशिक्षुओं और अन्य श्रोत से जानकारी में बीमार पुलिसकर्मी के लिए सहयोग राशि जमा करने संबंधी बात प्रकाश में आयी है। अतः सादर अनुरोध है कि उक्त हवलदार द्वारा समर्पित आवेदन में उल्लेखित बिन्दुओं के संबंध में जांच के बाद जब्त राशि बीमार पुलिसकर्मी को देने और इस आरोप में निलंबित पुलिसकर्मियों को निलंबन मुक्त करते हुए, किसी अन्यत्र प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण पूर्ण कराने की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाये।




# जारी हुई झारखंड के प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई नियमावली

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी को लेकर नई नियमावली बनायी गई है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह नियमावली झारखंड प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी नियमावली 2023 कही जाएगी। नई नियमावली में कई नए नियम और शर्तें लागू की गई हैं। अधिसूचना में कहा गया है, 15 से अधिक सुरक्षा गाड्र्स के गार्डन के पर्यवेक्षण के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। निजी सुरक्षा गार्ड के विभिन्न स्थानों में ड्यूटी होने की स्थिति में एक पर्यवेक्षक द्वारा उनके कार्य का पर्यवेक्षण करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा कहा गया है, एजेंसी निजी सुरक्षा गार्ड के लिए ड्यूटी पर यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य करें। जिसमें एजेंसी का नाम, संगठन में उसके पद को दिखाने वाला बैज, सिर पर पहनने की टोपी, जिसपर निजी सुरक्षा एजेंसी की पहचान चिह्न भी हो सकती है।जो प्रशिक्षण दिया जाएगा, वो कम से कम छह दिनों का होगा। जिनमें वर्तमान सुरक्षा रूपरेखा, निजी सुरक्षा एजेंसी की भूमिका और काम, पुलिस और अन्य संबंधित सरकारी विभागों के साथ संपर्क, विभिन्न दस्तावेजों की जांच, निजी सुरक्षा कर्मियों को क्या करना है और क्या नहीं करना है, वीआईपी सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, पेट्रोलिंग, चौकी ड्यूटी, सुरक्षा कर्तव्य, आंतरिक सुरक्षा, संस्थागत सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वापसी के क्रम में झारखंड में मानसून सक्रिय

# एक अक्टूबर तक भारी बारिश का अलर्ट

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** वापसी के क्रम में झारखंड में मानसून सक्रिय हो गया है। रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में पिछले दो दिनों में तेज बारिश हुई है। गुरुवार को भी तेज हवा के साथ वर्षा हुई। इस बीच मौसम विभाग ने 30 सितंबर और एक अक्टूबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वज्रपात व तेज हवा चलने का अलर्ट जारी करते हुए कहा गया है कि 30 सितंबर को राज्य के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं एक अक्टूबर को राज्य के 15 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।झारखंड के जिन 10 जिलों में 30 सितंबर को भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जारी किया गया है, उनमें रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। वहीं एक अक्टूबर को गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में भारी वर्षा होने की संभावना है।



# झारखंड में आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद, एक जवान घायल

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद हो गये जबकि एक जवान घायल हो गये। विस्फोट के बाद घायल कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भूपेन्द्र कुमार और हवलदार राजेश कुमार को हेलीकाप्टर से रांची लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के दौरान हवलदार राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि भूपेन्द्र कुमार का इलाज मेडिका में चल रहा है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरु गांव के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये तीन आईईडी को विस्फोट किया गया, जिसकी चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भुपेन्द्र कुमार और हवलदार राजेश कुमार जख्मी हो गये। इसमें राजेश कुमार गंभीर रुप से जख्मी हुए है। पुलिस बल की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय और सीआरपीएफ रांची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के बाद जख्मी हुए जवानों को बेहतर इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल भेजा गया है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# 2.50 करोड़ की लागत से बिछना है राजधानी के अशोक नगर कालोनी में सड़कों के किनारे पेवर ब्लाक



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी के सबसे पॉश कालोनी अशोक नगर में पेवर ब्लाक कब बिछेगा, इसको लेकर रांची नगर निगम के अधिकारी कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। 2.50 करोड़ की लागत से अशोक नगर के रोड नंबर-एक से लेकर रोड नंबर छह तक सड़कों के किनारे (इंटरनल रोड) में पेवर ब्लाक बिछाया जाना है। इसको लेकर रांची नगर निगम ने डेढ़ महीने पहले निविदा (टेंडर) भी निकाला था। अब तक इस टेंडर को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। टेंडर में 10 संवेदकों ने निविदा डाली है।रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन की अध्यक्षता में टेडंर कमेटी भी गठित है पर कुंवर सिंह पाहन फोन ही नहीं उठाते हैं। जानकारी के अनुसार अब तक संवेदकों ने कई बार नगर निगम का चक्कर भी लगाया। पर कोई सीधा जवाब तक देना मुनासिब नहीं समेझता है। कई संवेदकों ने बिलो इस्टीमेटेड राशि निविदा डाली है। बताते चलें कि झारखंड सरकार ने हाल ही में एक नियम बनाया है कि 10 प्रतिशत से अधिक नीचे निविदा डालनेवाले संवेदकों अथवा कंपनियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा पर रांची नगर निगम की लापरवाही से समय पर किसी योजना को पूरा करने में भी अब दिक्कतें आ रही हैं। पेवर ब्लॉक बिछाने के क्रम में किसका इंटरेस्ट है, इसको लेकर भी उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

## प्रभावित प्रतिरोध मंच करेगा प्रदर्शन




**रांची**: नौकरी, मुआवजा और रोजगार को लेकर सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के नकारात्मक रवैया के खिलाफ रैयतों में आक्रोश बढ़ रहा है। प्रभावित प्रतिरोध मंच 29 सितंबर को डकरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। इसको लेकर चुरी परियोजना का कामकाज पूरी तरह से मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकाल के लिये बंद कराया जाएगा। उक्त बातें प्रभावित प्रतिरोध मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो ने राय पंचायत में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही।

# कुत्तों के काटने से साल में 50 लोगों की झारखंड में होती है मौत

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची में बड़ी संख्या में लोग कुत्ता काटने के शिकार हो रहे हैं। हर माह रांची में करीब 1650 लोगों को कुत्ते अपना शिकार बना रहे हैं। एक व्यक्ति को करीब तीन डोज लगाये जाते हैं। इस तरह लोगों को हर माह औसतन 4910 रेबीज के टीके लगाये जा रहे हैं। पिछले पांच महीने में 24511 मरीजों को डोज लगाये गये हैं। सदर अस्पताल में हर दिन एंटी रेबीज के डोज लेने के लिए लोग पहुंचते हैं। सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने बताया कि रांची ही नहीं पूरे झारखंड में रेबीज को लेकर जागरुकता बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग एंटी रेबीज का डोज लेने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत कम पर आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्ता काटने और सांप काटने पर झाड़ फूंक कराते हैं।डॉ प्रभात ने रांची के मामले में बताया कि अधिकतर लोग पहला डोज लेने के लिए 24 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचते हैं। कई ऐसे लोग भी हैं, जो काटने के बाद कई तरह के घरेलू उपचार करने के बाद अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे मामलों में इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। चिकित्सकों ने बताया कि घाव के वायरस को जल्द से जल्द हटाना जरूरी है। इसके लिए घाव को तुरंत पानी और साबुन से धोना चाहिए और इसके बाद एंटीसेप्टिक का उपयोग करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण की संभावना को कम किया जा सके रेबीज एक विषाणुजनित संक्रामक बीमारी है। यह वायरस संक्रमित पशुओं के काटने और खरोंचने से मनुष्यों में फैलता है। यह एक जानलेवा रोग है। बीएयू के डीन वेटनरी डॉ सुशील ने बताया कि रेबीज का वायरस रेबीज से पीड़ित जानवरों जैसे-कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि की लार में मौजूद रहता है। आंकड़ों के अनुसार, मनुष्यों के लगभग 99 प्रतिशत मामलों में रेबीज की मुख्य वजह कुत्ते का काटना होता है। डॉ सुशील प्रसाद ने बताया कि झारखंड में हर वर्ष 50 से ज्यादा मौतें कुत्ते के काटने से होती है।



# रांची के मैक्लुस्कीगंज ने बढ़ाया झारखंड का मान, सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में मिला सम्मान

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड पर प्रकृति ने असीम कृपा बरसाई है। यहां के घने जंगल, पहाड़ और झरने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वहीं रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए बसाया गया मैक्लुसकीगंज खूबसूरत वादियों और सुनहरे मौसम की वजह से पूरे देश में विख्यात है। इसको मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता है। अब इसी मैक्लुस्कीगंज ने पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड का नाम रौशन किया है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्लुसकीगंज को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक चुना गया है। झारखंड के पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइनुद्दी खान ने इस पुरस्कार को रिसिव किया।कोलकाता के एंग्लो इंडियन समुदाय के एर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के नाम पर इस जगह को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। अर्नेस्ट टिमोथी के पिता आयरलैंड के थे जबकि उनकी मां भारतीय थीं। अर्नेस्ट एक बड़े व्यवसायी थे। उनको यह इलाका आयरलैंड की याद दिलाता था। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 1933 में कोलोनाइजेशन सोसायटी के नाम से एक कोऑपरेटिव बनाई थी। इसके लिए उन्होंने प्लान तैयार कर रातु के तत्कालीन राजा से 10 हजार एकड़ जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद 20 हजार एंग्लो इंडियन को कोऑपरेटिन का शेयर खरीदने के बदले लैंड देने के लिए आमंत्रित किया था। उनके इस आकर्षक प्रस्ताव पर एंग्लो इंडियन समुदाय से जुड़े 250 परिवार साल 1939 में यहां आकर बसे थे। इन परिवारों ने 10 हजार एकड़ में से 6,800 एकड़ जमीन खरीदी थी। शेष जमीन गैरमजरूआ की श्रेणी में आ गई जिसे वन विभाग ने अधिगृहित कर लिया। उस दौर में एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों ने स्लोप वाले आकर्षक घर और सुंदर गार्डेन बनाए थे।यहां गर्मी में भी सर्दी का एहसास होता है। यह इलाका प्राकृतिक खूबसूरती से भरा पड़ा है। 1935 में अर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के निधन पर लापरा सेटलमेंट के तहत इस इलाके को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। लेकिन समय के साथ संसाधनों की कमी की वजह से एंग्लो इंडियन परिवार यहां से शिफ्ट होते चले गये। ज्यादातर लोगों ने अपने नौकरों को अपने बंग्ले दे दिए। वहीं कुछ की जमीन हड़प ली गई। अब यहां के जर्जर हो चुके बंग्ले एंग्लों इंडियन की याद दिलाते हैं। हालांकि अभी भी यूरोप समेत विश्व के कई जगहों से लोग यहां घूमने आते हैं। यहां कई गेस्ट हाउस बने हुए हैं। मैक्लुस्कीगंज में अक्सर फिल्म की शूटिंग भी होती रहती है। लेकिन सच यह है कि यहां आने पर अब मायूसी ही हाथ लगती है। इसके बावजूद इसका आकर्षण बरकरार है। एंग्लो इंडियन परिवार से जुड़े कुछ लोग अभी भी हैं लेकिन उनकी माली हालत बेहद खराब है। खास बात है कि उन परिवार में आज भी अंग्रेजी भाषा का ही चलन है।

विश्व पर्यटन दिवस पर प्रगति मैदान में ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और विकास मंत्री जी। किशन रेड्डी ने अपने संबोधन में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान रांची जिला पर्यटन के नोडल अधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह और एंग्लो इंडियन समुदाय की ओर से एशले गोम्स मौजूद थे। विभागीय अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि इस पुरस्कार से मैक्लुस्कीगंज में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।




